आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	30°C	27°C

इनसाइड न्यूज

सपा के 18 हजार एफिडेविट देने के मामले में सीईओ ने मांगी शपथपत्र...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

मंगलवार 26 अगस्त, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 309 www.janexpresslive.com/epaper

भारत-फिजी के रिश्तों ने पूरे पैसिफिक... 12

सोचा नहीं था कभी अंतरिक्ष की यात्रा करूंगा: शुभांशु

अंतरिक्ष से लौटकर शुभांशु की 41वें दिन लखनऊ वापसी, मां लिपटकर रोईं, एस्ट्रोनॉट की ड्रेस में बच्चों ने एयरपोर्ट पर वेलकम किया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष यात्रा से लौटने के बाद 41 दिन बाद लखनऊ पहुंचे हैं। उनकी पत्नी कामना और 6 साल का बेटा किआंश भी साथ है। एयरपोर्ट पर एस्ट्रोनॉट बनकर पहुंचे स्कूली बच्चों ने उनका वेलकम किया। उनका परिवार भी मौजूद रहा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शुभांशु को रिसीव किया। शुभांशु का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर हजारों लोग तिरंगा लेकर पहुंचे थे। पूरा एयरपोर्ट ढोल-नगाड़ों और भारत माता की जय के नारों से गूंजता रहा। एयरपोर्ट से वे थार जीप पर सवार हुए। 10 किमी चलने के बाद थार से उतरकर रथ में सवार हो गए। फिर रोड शो करते हुए अपने बचपन के स्कूल पहुंचे। इस दौरान जगह-जगह उनका स्वागत हुआ। स्कूल में वेलकम कार्यक्रम के दौरान स्टेज पर शुभांशु की मां और बहन को बुलाया गया। वहां पहुंचते ही दोनों इमोशनल हो गईं। मां आशा शुक्ला शुभांशु को गले लगाकर रो पड़ीं। इस दौरान शुभांशु भी भावुक दिखे। शुभांशु ने कहा- मैं यहीं बड़ा हुआ हूं। मैं उतना टैलेंटेड नहीं था, जितना आप हो। बस केवल धैर्य चाहिए। दिल्ली में भी मुझे वेलकम मिला, लेकिन लखनऊ जैसा नहीं था। अंतरिक्ष में क्या किया? यह किसी ने मुझसे नहीं पूछा। सभी ने यही पूछा कि आप कैसे एस्ट्रोनॉट बने। इस दौरान सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की चेयरपर्सन ने शुभांशु की पत्नी कामना से पूछा कि पति को क्या देखकर चुना। इस पर वह शरमाने लगीं। इसके बाद शुभांशु ने जवाब दिया। कहा- मुझे लगता है कि कामना के पास यूनिक टैलेंट है। वह बहुत विजनरी हैं। उन्हें पता रहता है कि कौन-सी चीज आगे चलकर काम करेगी। शुभांशु के इतना कहते ही हॉल तालियों से गूंज उठा। कामना भी हंस पड़ीं। शुभांशु सीएम योगी से भी मिलेंगे। यूपी सरकार ने लोकभवन में उनके सम्मान में कार्यक्रम रखा है।

शुभांशु शुक्ला से सीएम योगी मिले

शुभांशु शुक्ला अपने स्कूल सीएमएस में ग्रैंड वेलकम के बाद सीएम योगी के आमंत्रण पर उनके सरकारी आवास पहुंचे। यहां पर 3.30 बजे मुलाकात तय थी। सीएम योगी उनसे मिले। शुभांशु के अंदर पहुंचने से पहले ही सीएम योगी गेट पर पहुंच गए। उन्होंने यहीं शुभांशु को रिसीव किया और बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उनकी पत्नी कामना और बेटा किआंश भी साथ रहे। यूपी के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने शुभांशु के स्वागत का वीडियो शेयर किया है। इसमें शुभांशु का स्वागत करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक दिख रहे हैं। शुभांशु अपनी मां से गले लगे। मां ने बेटे को दुलारा।

शुभांशु बच्चों से बोले, हर रोज गलतियां कीं और फेल भी हुआ

शुभांशु ने 15 मिनट तक स्टूडेंट्स के सवालों के जवाब दिए

- **सवाल-1. पहला सवाल आद्या चौहान ने पूछा- स्पेस में रहने के दौरान अध्यात्म से कैसे खुद को मजबूती दी?**
  जवाब - मुझे इसके लिए बहुत ज्यादा समय नहीं मिला।
- **सवाल-2. कानपुर रोड ब्रांच की स्टूडेंट आद्या मिश्रा ने दूसरा सवाल पूछा। स्पेस में आदमी क्या कर सकता है?**
  जवाब - मानव जीवन को स्पेस के लिए थोड़ा ज्यादा विशेषज्ञता बेहद जरूरी है। उसी में सबसे ज्यादा रिसर्च किया जा रहा है। उसमें आप लोगों की सबसे ज्यादा जरूरत होगी।
- **सवाल-3. तीसरा सवाल इशांत सिंह ने पूछा। आप ट्रेनिंग के दौरान कभी फेल हुए?**
  जवाब - हर रोज गलतियां कीं और फेल हुआ। हर कोई मिस्टेक करता है। मैं कहूंगा कि आप कई बार फेल होते हैं, लेकिन आगे चलकर आप सफल होते हैं।
- **सवाल-4. चौथा सवाल अन्विका ने पूछा। अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद कैसा बदलाव महसूस हुआ?**
  जवाब - जब आप अंतरिक्ष में जाते हैं तो आप अचानक बच्चे बन जाते हैं। वहां आपके शरीर पर कोई नियंत्रण नहीं होता। हार्टबीट स्लो हो जाती है, भूख नहीं लगती, पेट हिलता हुआ महसूस होता है। यह मेरे लिए एकदम नया अनुभव था। लेकिन मानव शरीर अद्भुत है। यह बदलते वातावरण के साथ खुद को ढाल लेता है।
- **सवाल-5. पांचवां सवाल रुद्र ने किया। अंतरिक्ष में कैसी परेशानियां आईं?**
  जवाब- अंतरिक्ष में रहने के दौरान एक फॉल्स अलार्म मिला। ग्राउंड से वॉर्निंग भी मिली। एक आर्टिकल स्टेशन के बहुत करीब आ गया था। ऐसे में स्टेशन को थोड़ा दूर ले जाना था, लेकिन वह आर्टिकल नजदीक नहीं आया। ये दो वॉर्निंग हमें मिलीं। जब हम वापस आ रहे थे, तो मुझे गले और आंखों में भारीपन महसूस हुआ। सात दिन बाद यह ठीक हो गया।

शुभांशु के लिए स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

शुभांशु के लिए स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सबसे पहले हनुमान चालीसा की प्रस्तुति हुई। इसके बाद अयोध्या आए मेरे प्यारे राम, बोलो जय जय श्री राम की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद बंदे को नाज है कि तू बंदा नवाज है...पर बच्चों ने मुस्लिम पोशाक में प्रस्तुति दी। सिख धर्म के लिए सतनाम वाहे गुरु पर गुरबानी की प्रस्तुति हुई। बुद्धं शरणं गच्छामि पर बच्चों ने बौद्ध भिक्षु बनकर प्रस्तुति दी। अंत में बच्चों ने ईसाई, बौद्ध और बहाई धर्म की प्रेयर की।

अंतरिक्ष में मानव जीवन बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण है

अंतरिक्ष में मानव जीवन की संभावना पर उन्होंने कहा कि ये बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण है। वहां की कंडीशन ऐसी नहीं है कि जीवन संभव हो। अंतरिक्ष यात्री वहां जाते हैं तो बेहद नियंत्रित माहौल में रहते हैं। हमारे पीछे एक बड़ी टीम होती है जो लगातार काम कर रही होती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत के लिए ये सुनहरा मौका है। हमने अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का दुनिया के सामने प्रदर्शन किया है। अंतरिक्ष मिशन में दुनिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पत्नी कामना ने बताए शुभांशु से जुड़े राज

सीएमएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उनकी पत्नी कामना शुक्ला ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वह कौन सा मौका और समय था, जब उन्होंने शुभांशु को चुना। इसके जवाब में शुभांशु ने अपनी पत्नी कामना को अपनी उपलब्धि का श्रेय दिया। कहा कि वह पहले से ही जान लेती हैं कि आगे क्या होना है? उन दोनों की बातें सुनकर मौजूद लोग ठहाके मारकर हंसने लगे।

शुभांशु ने बच्चों को नेवर गिवअप का दिया मंत्र

स्कूल में बच्चों को संबोधित करते हुए शुभांशु ने कहा कि साल 2040 में भारत चंद्रमा पर मानव भेजेगा। इस मिशन के लिए आप लोग भी तैयारी कीजिए। उन्होंने बच्चों को नेवर गिवअप का मंत्र दिया। कहा कि कभी भी हार मत मानिए। मैं जब आपकी उम्र का था तो आपसे भी औसत था। आप मुझसे भी बेहतर कर सकते हैं। आप सब लोगों ने दिल्ली से ज़्यादा स्वागत और प्यार दिया। जल, थल और वायु, तीनों सेनाओं की ड्रेस में बच्चों ने ग्रुप कैप्टन को सलामी दी। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से परिसर गुंजायमान हो उठा। लखनऊ के लाल के नगर आगमन पर उनका स्वागत करने के लिए सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान उनके साथ गाड़ी पर सुषमा खर्कवाल, उनके माता-पिता, पत्नी और बेटा मौजूद रहा।

10 साल में अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई और उपलब्धियां हासिल करेगा भारत

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने लखनऊ में मीडिया को संबोधित किया और कहा कि आने वाले 10 वर्षों में भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगा और कई महत्वपूर्ण मिशन का हिस्सा होगा। अंतरिक्ष में बिताए गए पलों के बारे में शुभांशु ने कहा कि एक काफी चुनौतीपूर्ण होता है। शुरू में ज्यादा दिक्कत होती है फिर आपका शरीर वहां के माहौल के अनुकूल हो जाता है। कहा कि अंतरिक्ष यान से भारत को देखना एक भावुक पल होता है कि जहां से आप आए हैं और अब इतनी दूर हैं। भारत बेहद सुंदर दिखता है। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष पर जाने वाले यात्रियों के पीछे एक बड़ी टीम होती है जो लगातार काम कर रही होती है। इतनी बड़ी सफलताएं सामूहिक प्रयास का नतीजा होती हैं। ▶ संबंधित खबर पेज 03 पर

युवाओं के सपनों को मिले पंख

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र योजना की बदौलत 701 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

योगी सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी के युवाओं को सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए शुरू की परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र योजना के माध्यम से 701 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र योजना के तहत इन वर्गों के अभ्यर्थियों को उच्चस्तरीय कोचिंग प्रदान की जा रही है, ताकि वे आईएएस, पीसीएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें। योगी सरकार की इस योजना के अंतर्गत सिविल सेवा समेत विभिन्न परीक्षाओं में 701 अभ्यर्थियों का चयन हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के लिए 11.24 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जो योगी सरकार की समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

6784 अभ्यर्थी हुए लाभांवित: पीके त्रिपाठी

समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक पीके त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक इस योजना से 6784 अभ्यर्थी लाभांवित हुए हैं। इस योजना के अंतर्गत अबतक संघ/राज्य लोक सेवा आयोग में कुल 48 अभ्यर्थियों का चयन हो चुका है। इसके अलावा अन्य परीक्षाओं में 653 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। यही नहीं कोविड संक्रमण काल में इसे ऑनलाइन आयोजित किया गया। जिसके फलस्वरूप 81 अभ्यर्थी राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा तथा सहायक वन संरक्षक के रूप में चयनित हुए। इन केंद्रों में अनुसूचित जाति और जनजाति के उन अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 6 लाख रुपये तक है। यह योजना सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है।

उच्चस्तरीय प्रशिक्षण के लिए आठ केंद्र

समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में आठ परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जो अनुसूचित जाति और जनजाति के अभ्यर्थियों को आधुनिक और परिवर्तित पाठ्यक्रमों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। ये केंद्र विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अभ्यर्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं। इन केंद्रों में शामिल हैं...

- श्री छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, लखनऊ।
- आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र (बालिका), अलीगंज, लखनऊ।
- न्यायिक सेवा पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज।
- संत रविदास आईएएस, पीसीएस पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, वाराणसी।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर आईएएस, पीसीएस पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, अलीगढ़।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर आईएएस, पीसीएस पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, आगरा।
- आईएएस, पीसीएस कोचिंग केंद्र, निजामपुर, हापुड़।
- राजकीय आईएएस, पीसीएस कोचिंग केंद्र, गोरखपुर।

अभ्यर्थियों को मिल रहा है आधुनिक पाठ्यक्रम और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

इस योजना का उद्देश्य प्रशिक्षण के साथ-साथ अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पूरी तरह तैयार करना है। इन केंद्रों में विषय विशेषज्ञ आधुनिक शिक्षण तकनीकों और नवीनतम पाठ्यक्रमों के आधार पर अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन देते हैं। यहां प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा से लेकर साक्षात्कार की तैयारी तक, हर चरण की कोचिंग प्रदान की जाती है। विशेष रूप से, लखनऊ में बालिकाओं के लिए समर्पित केंद्र भी बनाया गया है। इन केंद्रों ने कई युवाओं को आईएएस, पीसीएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्रशिक्षण केंद्रों से निकले युवा न केवल अपने परिवारों, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं। यह योजना सुनिश्चित करती है कि आर्थिक तंगी या सामाजिक बाधाएं किसी की प्रतिभा को रोक न सकें।

सपा से निष्कासित पूजा पाल ने किया अखिलेश पर तीखा हमला, कहा

सपा पोषित माफिया से जान का खतरा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा से निष्कासित विधायक पूजा पाल ने अखिलेश यादव को फिर से पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने सपा के पोषित माफिया और गुंडों से अपनी जान को खतरा होने का दावा किया है। पत्र में पूजा ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका जताते हुए लिखा कि जब मेरे पति की हत्या हुई, तब सपा सरकार थी। मुझे डर है कि सपा के पोषित माफिया-गुंडे मेरी हत्या करा सकते हैं। मुझे भाजपा नेताओं से खतरा नहीं है। मैंने खतरों से जूझते हुए जीवन जिया है। क्षेत्र की जनता और अति पिछड़ा पाल समाज मेरे साथ है। मुझे मिटाना सपा के लिए आसान नहीं होगा। पूजा ने लिखा कि सपा ने उनके और उनके पति के खिलाफ माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ को तीन चुनाव में प्रत्याशी बनाया। जब मुझे सहारे की जरूरत थी, तब मेरे पति के हत्यारे को मेरे खिलाफ चुनाव में उतारा। जनता और पाल समाज ने मेरा साथ दिया और उसे हराया। वहीं अखिलेश के बयान पर पलटवार करते हुए लिखा कि मेरी मंत्री बनने की महत्वाकांक्षा नहीं है। मेरा उद्देश्य पति के हत्यारों को सजा दिलाना था। योगी सरकार ने मुझे न्याय दिया और हत्यारों को मिट्टी में मिला दिया। लेकिन सपा आज भी अपराधियों को दूध पिलाकर पाप कर रही है, जिसे आने वाली पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी। वहीं अपने निष्कासन के बारे में लिखा कि यह भ्रम है कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण उन्हें सपा से निकाला गया। मेरा निष्कासन तब हुआ, जब मैंने सदन में माफिया अतीक का नाम लिया। सपा अपराधियों की बुराई बर्दाश्त नहीं कर सकी। सपा के इस कदम से अतीक के परिवार का मनोबल बढ़ा है, जिसमें अभी दर्जनों अपराधी मौजूद हैं। उनकी हिम्मत बढ़ने से मुझे जान का खतरा है।

अखिलेश पीडीए का अर्थ बदल रहे

पूजा ने सपा के पीडीए फॉर्मूले पर तंज कसते हुए लिखा कि अखिलेश इसका अर्थ बार-बार बदलते हैं। वहीं सपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र का उल्लेख करते हुए खुद भी जांच की मांग की। उन्होंने अखिलेश के बागी विधायकों को मंत्री बनाने के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि सपा सरकार में कितने अति पिछड़ों को मंत्री बनाया गया था। तब केवल अपने समाज और मुस्लिम समाज को प्राथमिकता दी गई थी। अति पिछड़ों को जूठन जैसा सम्मान मिला। सपा अति पिछड़ों की नहीं हो सकती।

ऐसा लगा मानो बम फटा

चमोली में भीषण आपदा का मंजर, थराली में तबाही के निशान

- भारी बारिश के बाद आधी रात को मलबे के सैलाब ने ली दस्तक, दो मिनट में उजड़ गए सपने
- 80 से अधिक घर और दुकानें ध्वस्त, लाखों का नुकसान, स्थानीय लोग बोले, सबकुछ खत्म हो गया

जन एक्सप्रेस । चमोली

थराली। उत्तराखंड के चमोली जिले में 22 अगस्त की रात वहशी सैलाब ने थराली कस्बे में तबाही मचा दी। रात करीब 12-30 बजे पहाड़ों से आया मलबा ऐसे गरजा जैसे बम फट पड़ा हो। पीड़ितों के अनुसार उन्हें सिर्फ दो मिनट मिले थे – और उसके बाद उनका सब कुछ मलबे में दब चुका था। बारिश शाम छह बजे शुरू हुई थी, लेकिन कोई नहीं जानता था कि ये पानी मौत बनकर आधी रात को बरसेगा।

वकील साहब ने आवाज न दी होती, तो हम जिंदा न होते

थराली निवासी बलवीर रावत बताते हैं कि पड़ोसी जय सिंह बिष्ट की सतर्कता ने उनकी जान बचाई। वे कहते हैं हम गहरी नींद में थे। बाहर से वकील साहब की चीखें सुनाई दीं तभी हम बच्चों को लेकर भागे। रावत की दुकान और घर दोनों मलबे में दब गए। उनकी पत्नी दिल्ली में थीं, लेकिन घर पर दो बेटियां और एक बेटा मौजूद थे।

80 से अधिक घर और दुकानें मलबे में तब्दील

आपदा के चलते थराली में 80 से अधिक घर और दुकानें या तो पूरी तरह जमींदोज हो गईं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। लक्ष्मी प्रसाद जोशी की दो दुकानें, जिनमें सीमेंट और सरिया भरा था, पूरी तरह बर्बाद हो गईं। उनका दावा है कि लगभग 25-30 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जिसमें नकद 35-40 हजार रुपये भी शामिल हैं। दर्शन सिंह, जो वर्षों से हार्डवेयर व्यवसाय कर रहे थे, की चार दुकानें पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गईं। इस त्रासदी में उनके ताऊजी गंगा दत्त जोशी भी मलबे में फंस गए थे, जिन्हें मुश्किल से निकाला गया।

घर की छत पर गिरीं कारें

वकील जय सिंह बिष्ट बताते हैं कि जब उनकी पत्नी ने आधी रात को धमाके जैसी आवाज सुनी, तो कुछ ही देर में घर की छत पर मलबे के साथ दो कारें गिर पड़ीं। उनका घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। हमारे तीन बच्चे उस समय घर पर नहीं थे, वरना शायद बचाना मुश्किल होता, वे कहते हैं।

प्रशासन की पहल, लेकिन संघर्ष अभी बाकी

आपदा के तुरंत बाद प्रशासन ने मलबा हटाने का कार्य शुरू किया है और राहत शिविरों की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय लोग कुलसारी पॉलिटेक्निक और अन्य सुरक्षित स्थलों पर पहुंचे। लेकिन पीड़ितों के लिए सबसे बड़ी चुनौती अब जीवन को दोबारा पटरी पर लाना है। दुकानें, मकान, जमा पूंजी सबकुछ खत्म हो गया, दर्शन सिंह कहते हैं, 卐अब परिवार और भविष्य की जिम्मेदारी कैसे उठाएंगे, यही चिंता है।

मुख्यमंत्री से उम्मीदें

पीड़ितों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बड़ी उम्मीदें हैं। कई प्रभावितों ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री ने मिलने के लिए बुलाया है, जहां वे अपनी स्थिति और मांगों को उनके समक्ष रखेंगे।

जिंदगी दोबारा शुरू करनी है लेकिन कैसे?

इस विनाशकारी रात ने सैकड़ों लोगों की जिंदगी बदल दी। थराली के लोग अब केवल एक सवाल से जूझ रहे हैं हम फिर से कैसे खड़े होंगे?

ट्रंप के टैरिफ पर पीएम मोदी ने दिया जवाब, कहा, दबाव कितना भी हो, झेलने की ताकत बढ़ाता जाएगा भारत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में 5400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। यहां जनसभा में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर, ट्रंप के टैरिफ के साथ ही कांग्रेस पर हमला बोला। टैरिफ को लेकर पीएम मोदी कहा दुनिया में आज आर्थिक स्वार्थ की राजनीति हो रही है। सब कोई अपना फायदा करने में लगा है। हम सब कुछ देख रहे हैं। सरकार लघु उद्यमियों, किसानों, पशु पालकों का अहित नहीं होने देगी। दबाव कितना ही क्यों न हो, हम झेलने की ताकत बढ़ाते जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणेश उत्सव को लेकर अद्भुत उत्साह है। गणपति बप्पा के आशीर्वाद से आज गुजरात के विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं का भी उद्घाटन हुआ है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे देश की जनता को कई विकास परियोजनाएं समर्पित करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मानसून में गुजरात में कई इलाकों में भारी बारिश हुई। देश में भी एक के बाद एक आपदाएं आ रही हैं। मैं सभी प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। प्रकृति का यह प्रकोप पूरे देश, विश्व के लिए चुनौती बना है। केंद्र सरकार राज्यों के साथ राहत, बचाव कार्य में जुटी है।

सुप्रीम कोर्ट आएंगे पटना और बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पटना और बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अब सुप्रीम कोर्ट आएंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र से बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली के नाम की शीर्ष अदालत में पदोन्नति के लिए सिफारिश की। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने सोमवार दोपहर को विचार-विमर्श के लिए बैठक की। सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना शामिल हैं। अगर केंद्र की ओर से दोनों नामों को मंजूरी दे दी जाती है, तो न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली अक्तूबर 2031 में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की सेवानिवृत्ति के बाद मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में होंगे।

पीएम मोदी की डिग्री नहीं होगी सार्वजनिक: हाईकोर्ट

- सीआईसी के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर यह फैसला सुनाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी की स्नातक की डिग्री से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने सीआईसी के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर यह फैसला सुनाया। जिन्होंने 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। जानकारी के लिए बता दें कि नीरज नामक व्यक्ति ने आरटीआई आवेदन किया था। सीआईसी ने 21 दिसंबर 2016 को 1978 में बीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दे दी थी। जिस वर्ष नरेंद्र मोदी ने भी यह परीक्षा पास की थी।

सूचना आयोग के आदेश पर रोक

हाईकोर्ट ने 23 जनवरी 2017 को केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश पर रोक लगा दी है। डीयू की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश रद्द किया जाना चाहिए। हालांकि, मेहता ने कहा कि विश्वविद्यालय को अपना रिकॉर्ड कोर्ट को दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है। 1978 की एक कला स्नातक की डिग्री है। इससे पहले, आरटीआई आवेदकों के वकील ने सूचना के अधिकार अधिनियम का हवाला देते हुए आदेश का बचाव किया था।

कमिश्नर की बैठक में उठा चोरी और बिजली कटौती का मुद्दा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मण्डलायुक्त ने कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की आख्या व सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने पीएम सूर्य धर योजना के संबंध में कहा दिए गए लक्ष्य को पूरा कराएं। शादी अनुदान के संबंध में पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कहा कि सीएम डैशबोर्ड में जिन विभाग को ए ग्रेड मिला है, वह ऐसे ही रैंकिंग बनाए रखें तथा बी व सी रैंकिंग वाले विभाग सुधार करें। इसमें सम्बन्धित विभागीय अधिकारी किसी प्रकार की शिथिलता न बरते। कहा कि सीएम द्वारा आईजीआरएस पोर्टल की मानटिरिंग की जाती है, ऐसे में लम्बित पड़े पत्रों को निस्तारण कर सुधार करें। कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में एसपी अरुण कुमार सिंह ने जानकारी दी कि बढ़ती चोरी की घटनाओं के दृष्टिगत लगातार भ्रमणशील होकर निगरानी की जा रही है। इसमें ग्रामीणों का भी सहयोग लिया जा रहा है। मंडलायुक्त ने सीडीओ को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड सहित अन्य पोर्टलों में प्रभावित रैंकिंग वाले विभागों से संपर्क कर सुधार कराएं। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि कार्यदायी कंपनियों से हुए समझौते के अनुरूप कार्य करते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराएं। एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव को निर्देशित किया कि चिन्हित सभी ग्राम पंचायत में पानी पहुंचना चाहिए। अधिशासी अभियंता विद्युत से बिजली का बिल अधिक आने के कारण की जानकारी लेते हुए कहा कि सही से रीडिंग कराएं। निर्देश दिए कि जलने वाले ट्रांसफार्मरों को समय से बदलें तथा विद्युत पोल लगाते समय सावधानी बरते। जिला पंचायत राज अधिकारी से ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित जनसेवा केन्द्रों व पंचायत सहायक के उपस्थिति की जानकारी लेते हुए रोस्टर बनाकर देने के निर्देश दिए। कहा कि पंचायत सहायक व लेखपाल सही से कार्य करते हुए समस्याओं को सुलझाएं। बीएसए को निर्देशित किया कि विद्यालयों परिसर में साफ-सफाई, भोजन आदि की व्यवस्था सही रहनी चाहिए। साथ ही शिक्षा गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाए। सीएमओ से कहा कि आशा व एएनएम कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर कार्य कराएं तथा अस्पतालों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। साथ ही डॉक्टरों व कर्मचारियों का रोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर लगवाने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि बाहर घूमने वाले गौवंशों को गौशाला में संरक्षित कराएं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य सहायक आयुक्त अरविंद कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए त्रिपुरा की मंत्री प्रतिमा भौमिक ने किया शक्ति कलश पूजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

त्रिपुरा सरकार की मंत्री प्रतिमा भौमिक ने धर्मनगरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ पहुंचकर 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शक्ति कलश का पूजन करते हुए माता का आशीर्वाद लिया। महिला मंत्री को श्रीफल व गायत्री मन्त्र का उपवस्त्र भेंट करते हुए 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। धर्मनगरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ आईं त्रिपुरा सरकार की मंत्री प्रतिमा भौमिक ने 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शक्ति कलश का पूजन किया तथा माता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि वह गायत्री परिवार से जुडी हैं तथा गायत्री परिवार देश की जनता को जागरूक करने के लिए अच्छा कार्य कर रहा हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र सोनकर व अयोध्या के प्रसिद्ध कथावाचक सुधांशु ने भी गायत्री शक्तिपीठ में कलश पूजन में भाग लिया। इसी प्रकार दो दिवसीय प्रवास के लिए बंगाल से आए 150 वनवासियों ने गायत्री परिवार के कार्यों की सराहना करते हुये क्षेत्र में धर्म प्रचारक की भूमिका निभाने का संकल्प लिया। गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के भव्य आयोजन को लेकर देश के सभी संगठनों, राजनायिकों, समाजसेवी व संतों को आमंत्रित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, एमएलसी बाबूलाल तिवारी, धर्मनगरी के महंत रामजी दास, डॉ मदन गोपाल दास, दिव्यजीवन दास, महामंडलेश्वर रामनरेशाचार्य, रामहृदय दास, समाजसेवी गोपाल भाई, केशव शिवहरे आदि के साथ बैठक आयोजित की गई। साथ ही गायत्री परिवार के सदस्य जिला समन्वयक के साथ मिलकर जनपद के गांवों में बैठक कर रहे है।

उर्वरक की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, दो प्रतिष्ठानों पर एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव ने उर्वरकों की नियमित आपूर्ति, वितरण और कालाबाजारी रोकने के लिए जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मै. किसान समृद्धि केन्द्र, कोंच और मै. श्रीराम इंटरप्राइजेज, जालौन में गंभीर अनियमितताएँ पाई गई। जांच में पाया गया कि संबंधित विक्रेताओं द्वारा कृषकों को उनकी जोत से अधिक उर्वरक बेचा जा रहा था। साथ ही अन्य जनपदों के कृषकों को भी उर्वरक की आपूर्ति की गई। पॉश मशीन में दर्ज स्टॉक भौतिक रूप से प्रतिष्ठान पर उपलब्ध नहीं पाया गया। जिससे उर्वरक नियंत्रण आदेश का स्पष्ट उल्लंघन सिद्ध हुआ। इन गड़बड़ियों पर जिला प्रशासन ने कठोर रुख अपनाते हुए दोनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और उर्वरक परिसंचलन नियंत्रण आदेश 1973 का उल्लंघन मानते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। मामला आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दर्ज किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि किसानों को किसी भी दशा में उर्वरक की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी यदि कोई विक्रेता इस तरह की अनियमितता करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नंदोत्सव-छठीपूजन में श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

विगत 73 वर्षों से ग्राम लोहदा स्थित मंदिर में विराजमान श्री ठाकुर राधा वल्लभ महाराज को मंदिर के जर्जर होने पर जिला मुख्यालय के बलदाऊ गंज चकरेही रोड में नए मंदिर का निर्माण कराकर विराजमान किया गया। जिला मुख्यालय में विराजमान होने के बाद मंदिर में प्रथम श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही नंदोत्सव, छठी पूजन के साथ भण्डारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर सेवा सेवा समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य कृष्णेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उनके पिता बृजराज सिंह ने ग्राम लोहदा में मंदिर बनवाकर श्री ठाकुर राधा वल्लभ महाराज का विग्रह विराजमान करवाया था तथा स्वयं ठाकुर जी की सेवा करते थे, लेकिन समय के साथ मंदिर की स्थिति जर्जर होती गई तथा मरम्मत करवाने के बाद भी सही न होने पर श्री ठाकुर राधा वल्लभ महाराज को जिला मुख्यालय स्थिति बलदाऊ गंज चकरेही रोड में नए मंदिर का निर्माण कराकर विराजमान किया गया है। बताया कि नवनिर्मित मंदिर में ठाकुर जी के विराजमान होने के बाद श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, नंदोत्सव व छठी पूजन के साथ भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। बताया कि आगामी 31 अगस्त को मंदिर परिसर में श्रीराधाष्टमी उत्सव तथा इसके बाद शरद पूर्णिमा उत्सव व फागुन में होली उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

बताया कि नवनिर्मित मंदिर में ठाकुर जी के विराजमान होने के बाद वृंदावन की रस परंपरा के अनुकूल प्रतिदिन अष्टयाम सेवा के साथ मंगला आरती, श्रृंगार आरती, राजभोग आरती, उत्थापन आरती, संध्या आरती एवं शयन आरती की जाती है। इस मौके पर मंदिर सेवा समिति के उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

पति से परेशान महिला ने यमुना पुल से कूदने का किया प्रयास, पुलिस ने बचाई जान

जन एक्सप्रेस । उरई

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंगपुर निवासी महिला रानी देवी 35 वर्ष पत्नी मलखान सिंह ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर शेरगढ़ घाट यमुना पुल में आत्महत्या करने का प्रयास किया। लेकिन समय रहते पुलिस ने पहुंचकर महिला की जान बचाई है। बताया गया कि महिला का पति प्रतिदिन शराब पीकर गाली-गलौज और क्लेश करता था। इससे परेशान होकर रानी देवी ने आत्महत्या का कदम उठाने की सोची। जैसे ही वह यमुना पुल से कूदने जा रही थी। तभी किसी राहगीर ने सूचना शकरपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुचे पुलिसकर्मी अमित कटियार ने सूझबूझ दिखाते हुए महिला को समझाया और आत्महत्या करने से रोक लिया। बाद में पुलिस ने महिला को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बताया गया कि पीड़िता के परिवार में चार बच्चे हैं, बड़ी बेटी लक्ष्मी 14 वर्ष, छोटी बेटी सीता 11 वर्ष, बेटा करण 10 वर्ष और छोटा बेटा अनुज 4 वर्ष है। पुलिस का कहना है कि महिला को देकर परिवार को चेताया गया है। साथ ही महिला से कहा गया है कि किसी भी समस्या में पुलिस और प्रशासन मदद के लिए उपलब्ध रहेगा।

जहरीले पदार्थ का सेवन करने से अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी में अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। शहर के कांशीराम कालोनी निवासी राकेश सोनी 58 वर्ष ने रविवार की शाम को घर में विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तब पुत्र निखिल व अमन सोनी ने उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां पर देर रात उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत होने की खबर मिलते ही पत्नी उर्मिला सोनी सहित घर में कोहराम मच गया और खबर पुलिस को दी। सूचना के बाद चौकी इंचार्ज ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंजन कुमार सिंह ने कहा कि विषाक्त खाने से मौत की सूचना मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

फांसी पर लटका मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस/उरई। रामपुरा थाना क्षेत्र के कदमपुरा गांव के पास पानी की टंकी पर फांसी के फंदे से लटका अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कदमपुरा निवासी रामकुमार 45 वर्ष पुत्र ब्रन्दावन ने किन्ही कारणों के चलते गांव के बाहर पानी की टंकी से गले में फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह वहां से गुजर रहे राहगीरों ने फांसी पर लटका शव देखा तो उन्होंने सूचना उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। वहीं जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि वह शराब पीने का लती था और उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी।

जिला मजिस्ट्रेट ने पांच अपराधियों को छः महीने के लिये दिखाया जिले के बाहर का रास्ता

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त और भयमुक्त बनाने के मद्देनजर पांच अपराधियों के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट घनश्याम मीना ने शिकंजा कसते हुए कड़ी कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट ने पांच आपराधियों को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धाराओं के तहत जिले के बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने जिन पांच अपराधियों को जिले के बाहर का रास्ता दिखाया है, उनमें राठ के बिलरख निवासी अनिल राजपूत पुत्र रामपाल, जबकि राठ के ही नदना निवासी आकाश बसोर पुत्र राजकिशोर, वही चिकासी के मगरौठ निवासी दीपेन्द्र कुमार ऊर्फ भूरा राजपूत पुत्र भारत, जबकि जरिया के पहरा निवासी नीलेन्द्र उर्फ नीलू पुत्र अरविन्द्र राजपूत सहित जरिया थाना क्षेत्र के परछा निवासी सतेन्द्र कुमार राजपूत पुत्र संतोष राजपूत खासतौर से शामिल हैं। अपने आदेश में जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि इस दौरान ये अपराधी जिले के में नहीं दिखना चाहिये। साथ ही ये पांचों अपराधी जिले के बाहर जहाँ भी रहेंगे, वहाँ का पता जिला मजिस्ट्रेट की अदालत के साथ ही लोकल थाने को भी देंगे, साथ ही किसी तरह का कोई हथियार लेकर नहीं चलेंगे। साथ ही

सभी को एक- एक लाख रुपये की दो सिक्योरिटी सहित इतने रुपये का निजी बांड दाखिल करना होगा। जिला मजिस्ट्रेट ने पांचों अपराधियों के मामलों में पाया गया कि, ये सभी समाज में डर, खौफ पैदा करने के साथ ही खतरनाक किस्म के अपराधी है, इनका आजाद रहना समाज के लिये नुकसान दायक है।

पुलिस ने आठ जुआंड़ियों को जुआं खेलते पचास हजार रूपये के साथ धर दबोचा

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत जरिया पुलिस ने जुआं खेलते आठ जुआंड़ियों को 50 हजार रुपये के साथ ही ताश के बावन पत्तों सहित किया गिरफ्तार।

पुलिस ने जुआंड़ियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 162/2025 धारा 13 जुआं एक्ट के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की है। पकड़े गये जुआंड़ियों में थाना क्षेत्र के ग्राम वीरा निवासी 35 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र धर्मराज सिंह राजपूत, जबकि थाना क्षेत्र के जमखुरी निवासी 42 वर्षीय बलवान सिंह पुत्र बृजकिशोर राजपूत, वही थाना क्षेत्र के करियारी निवासी 31 वर्षीय गंगाचरण पुत्र देवीशरण राजपूत, जबकि थाना क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत 50 वर्षीय नरेन्द्र कुमार पुत्र कृष्ण दत्त मिश्रा, वही थाना क्षेत्र के खेड़ाशिलाजीत निवासी 35 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र राजेश कुमार राजपूत, जबकि थाना क्षेत्र के खेड़ाशिलाजीत निवासी 36 वर्षीय राजेन्द्र सिंह पुत्र प्रभुदयाल राजपूत, वही थाना क्षेत्र के खेड़ाशिलाजीत निवासी 53 वर्षीय रामस्वरूप पुत्र प्रभुदयाल राजपूत सहित थाना क्षेत्र के खेड़ाशिलाजीत निवासी 40 वर्षीय रामरतन पुत्र प्रेमचन्द्र राजपूत शामिल हैं। जबकि जुआंड़ियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई रोहित यादव, एस आई दिलीप श्रीवास्तव, हैड कांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल कपिल कुमार, कांस्टेबल अभिनव प्रताप सिंह सहित कांस्टेबल रोहित वर्मा शामिल रहे।

वैज्ञानिक तरीके से अपराध करने वाले बच नहीं सकते: पलाश बंसल

अपराध होगा वैज्ञानिक तरीके से बेनकाब, जनपद को मिला नया फॉरेंसिक वाहन, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । बांदा

जनपद में अपराधों की जाँच को और अधिक तेज़, सटीक एवं वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से आज दिनांक 25अगस्त को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नवागत फॉरेंसिक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। गौरतलब हो कि इस आधुनिक फॉरेंसिक वाहन के उपलब्ध होने से अपराध घटनास्थलों का वैज्ञानिक परीक्षण, साक्ष्यों का सुरक्षित संकलन एवं उनका विश्लेषण और भी बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। यह वाहन फिंगर प्रिंट किट, डीएनए सैंपलिंग किट, हाई-रेज़ोल्यूशन कैमरा, ब्लड व सैंपल कलेक्शन उपकरण, लैपटॉप एवं अन्य आधुनिक जाँच उपकरणों से सुसज्जित है। इससे जाँच की गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा अपराधियों के विरुद्ध ठोस साक्ष्य संकलित करने में पुलिस को महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव, परिवहन शाखा प्रभारी उ0नि0राम बहादुर रावत सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

कीटनाशक दवा का सेवन करने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। आटा कस्बा निवासी युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।कस्बा आटा निवासी लक्ष्मण कुशवाहा 24 वर्ष गुमटी रखकर व्यापार करता था। बताया गया कि रविवार की दोपहर पिता कमल सिंह खेतों में जानवर चराने गए थे। देर शाम को जब वह घर लौटे तो देखा कि पुत्र लक्ष्मण घर में पड़ा है और बुरी तरह से कराह रहा था। पूंछे जाने पर उसने बताया कि विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया है। इसके बाद परिजन उसे उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां पर इलाज के दौरान हालत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। वहीं खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अजय सिंह ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सदर विधायक और भाकियू नेताओं ने चोरी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी पर जताई चिंता

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

सदर विधायक अनिल प्रधान व भाकियू नेताओं ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को जनपद के ग्रामीण इलाकों में हो रही चोरियों को रोकने व चोरों को पकडने के लिए टीम गठित करने के सम्बन्ध में पत्र लिखा है। जिसके क्रम में एसपी ने प्रत्येक थानों को ग्राम सुरक्षा समिति टीम गठित करने के निर्देश दिए है। सदर विधायक ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही चोरी के कारण ग्रामीण आमजनमानस में भय व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा इलाकों में दो दर्जन असलहाधारी लोगों के घूमने व रात्रि में ड्रोन उड़ते देखे जाने की सूचना दी जा रही है। इससे लोग अपने घर और सम्पत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं तथा पूरी रात जागकर अपने घर की रखवाली में लगे रहते हैं। चोरों के खौफ के कारण पूरे गांव के लोग सो नहीं पा रहे हैं। चोरों की दहशत के चलते बीते दिनों भंभई गांव में लोगों ने एक महिला को चोर समझकर पीट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। ऐसी घटनाएं बेहद दुखद है। ऐसे में ग्रामीण इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाते हुए चोरियों को रोकने के लिये आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए, जिससे आमजनमानस में सुरक्षा की भावना बढ़े और अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। सदर विधायक ने पुलिस अधीक्षक से ग्रामीण इलाकों में हो रही घटनाओं पर सार्थक व प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए टीम गठित कर कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। इसी क्रम में भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही, सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, युवा विंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, डुप्ले पटेल, जसवंत सिंह चैहान, नरेश सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह, अश्वनी कुमार, अजय सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि ने भी इस सम्बन्ध में एसपी को ज्ञापन सौंपा।

डीआईजी के आदेश पर चला बैंक चेकिंग अभियान, तीसरी आंख और संदिग्धों पर रही नजर

- **पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के आदेश पर जनपद में चलाया गया सघन बैंक चेकिंग अभियान, बैंक परिसर, बैंकों/एटीएम के आसपास की गई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग। एटीएम/बैंक शाखाओं की चेकिंग कर सुरक्षा उपकरणों आदि को किया गया चेक।**

जन एक्सप्रेस । बांदा

पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली घटनाओं-लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए आज दिनांक 25अगस्त को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया।चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम/बैंकों/वित्तीय संस्थानों आदि के आसपास संदिग्ध रुप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

बारिश से बिगड़े हालात, गांव से लेकर शहर...

राजस्थान के अधिकांश जिलों में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। कई जगह तो स्थिति इतनी भयावह हो गई कि मदद और राहत कार्य के लिए सेना को मोर्चा थामना पड़ा। आपतकालीन परिस्थियों से निपटे के... पढ़ें पेज 12 पर...

अंतरिक्ष और रक्षा तकनीक में भारत का बढ़ता वर्चस्व : डॉ. जी. श्रीधर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सपने तभी पूरे होते हैं जब उन्हें साकार करने का साहस हो।÷ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में आज यह संदेश गूंज उठा, जब अंतरिक्ष और रक्षा तकनीक के अग्रणी वैज्ञानिक डॉ. जी. श्रीधर ने छात्रों को नई दिशा और जोश से भर दिया। भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक तकनीकी शक्ति बनने की राह पर है। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता से लेकर डीआरडीओ के अत्याधुनिक हथियारों तक– देश आज आत्मनिर्भरता की नई गाथा लिख रहा है। इसी विषय पर बीबीएयू में आयोजित विशेष व्याख्यान में सीईसीआरआई

(तमिलनाडु) के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. जी. श्रीधर ने भारत की रक्षा और अंतरिक्ष क्षमता की मजबूती और भविष्य की चुनौतियों पर बेबाक चर्चा की। डॉ. श्रीधर ने कहा, भारत अब सिर्फ सुरक्षा की दीवार नहीं खड़ी कर रहा, बल्कि दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि तकनीक ही आने वाले कल की असली ताकत है। आने वाले वर्षों में भारत न केवल खुद को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि वैश्विक शांति और विकास का पथप्रदर्शक भी बनेगा।

कौन-कौन रहे मौजूद?

कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल के चेयरमैन प्रो. नवीन अरोड़ा, प्रो. संगीता सक्सेना, प्रो. दिनेश राज मोदी, प्रो. रामचन्द्र, प्रो. वेंकटेश कुमार, प्रो. शिखा, डॉ. सुनीश कुमार, डॉ. रामनरेश भार्गव, डॉ. जीवन सिंह समेत बड़ी संख्या में छात्र-शोधार्थी मौजूद रहे।

उन्होंने प्रलय मिसाइल की संरचना, रॉकेट प्रोपल्शन इंजन में डायनामिक प्रेशर सेंसर के अद्भुत प्रयोग, और मोल्टेन साल्ट जैसी क्रांतिकारी तकनीकों पर रोशनी डाली। छात्रों के लिए यह सिर्फ ज्ञान नहीं, बल्कि एक प्रेरणा का शस्त्र था– कि विज्ञान और शोध केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक ताकत और अस्तित्व का आधार है। कार्यक्रम का उद्देश्य यह व्याख्यान बीबीएयू के छात्रों को नई तकनीकों से अवगत कराने के साथ-साथ उनमें कर दिखाने का जज्बा जगाने के लिए था। संयोजक प्रो. जी. सुनील बाबू ने कहा, ऐसे सत्र न केवल ज्ञान बढ़ाते हैं, बल्कि छात्रों को शोध और नवाचार के रास्ते पर आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देते हैं।÷ बीबीएयू का यह व्याख्यान सिर्फ एक शैक्षणिक चर्चा नहीं, बल्कि युवाओं में आत्मनिर्भर भारत के सपने को जगाने वाली चिंगारी बन गया। आज के बाद इन छात्रों की निगाहें सिर्फ आसमान तक नहीं, बल्कि उससे भी आगे की उड़ान भरने को तैयार हैं।

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगी प्रदेश सरकार : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। सीएम योगी सोमवार को लखनऊ के लोकभवन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शुभांशु प्रदेश के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। इस अभियान से पूरी दुनिया ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ताकत देखी है। इस अनुभव का हमें भविष्य में भी लाभ मिलता रहेगा। प्रदेश सरकार शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति की योजना शुरू करेगी जिसका लाभ हमारी युवा पीढ़ी को मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चार दशक बाद भारत को अंतरिक्ष यात्रा का अवसर मिला। हर भारतवासी शुभांशु की यात्रा को विश्वास के साथ देख रहा था। उन्होंने कहा कि शुभांशु के पिता सचिवालय प्रशासन के कर्मचारी रहे हैं। उनके संस्कारों के कारण ही भारत का सम्मान बढ़ा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। अंतरिक्ष यात्रा के दौरान 18 दिनों में शुभांशु ने 300 से भी अधिक बार पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की है। ऐसे बहुत सारे लोग लखनऊ में रहते हैं जो कि अपने पूरे जीवन में पूरा लखनऊ भी नहीं घूम पाते हैं। शुभांशु ने पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की। यह अद्भुत है। सीएम योगी ने कहा कि ये हमारे देश के लिए आज की ही सफलता नहीं है बल्कि उस विरासत का हिस्सा है जो कि हमारे जीन्स में पहले से ही मौजूद है। ये हमारे देश की अविश्वविसनीय प्रतिभा का प्रदर्शन है। शुभांशु का अनुभव हमारे देश के अंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़े अन्य मिशन में मदद करने वाला साबित होगा। उनके अनुभवों से हमारी नई पीढ़ी सीखेगी।

सपा के 18 हजार एफिडेविट देने के मामले में सीईओ ने मांगी शपथपत्र की मूल प्रतियां, एक्स पर दिया बयान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समाजवादी पार्टी द्वारा चुनाव आयोग को भेजे गए 18 हजार एफिडेविट को लेकर सोशल साइट एक्स पर दो ट्वीट किए। एक्स पर दिए गए अपने बयान में सीईओ ने सपा से शपथपत्रों की मूलप्रतियों की मांग की है जिससे कि तेजी से जांच की जा सके। वहीं, पहले किए गए ट्वीट में ये भी कहा था कि एक भी शपथपत्र की मूल प्रति नहीं मिली है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक्स पर दिए गए अपने बयान में कहा कि जैसे की विगत ट्वीट में अवगत कराया गया है कि 18000 व्यक्तियों के शपथ पत्रों के स्थान पर अभी तक केवल 3919 शपथ पत्रों की स्कैंड कापी ही ईमेल के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। संभव हैं की ईमेल भेजते समय आपका कार्यालय 18000 के स्थान पर त्रुटिवश केवल 3919 शपथ पत्रों की स्कैंड कापी को ही विभिन्न अटैच्ड फोल्डर में सेव कर पाया हो। अतः अनुरोध है कि 18 हजार मतदाताओं के शपथ पत्र जिनके संबंध में आपकी पार्टी द्वारा ईमेल के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को शिकायत की गई थी उन समस्त 18,000 शपथ पत्रों की मूल प्रतियां सुविधानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के कार्यालय में अथवा संबंधित जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में अथवा संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे जांच प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ सके। यह भी अनुरोध है कि आपके द्वारा हस्तगत कराए जाने वाले शपथपत्रों की सूची पर संबंधित कार्यालय से हस्तगत कराए जाने के प्रमाण स्वरूप पावती अवश्य प्राप्त करें जिससे स्पष्ट हो सके कि आपके द्वारा दिए गए कितने शपथ पत्र संबंधित कार्यालय में किस तिथि को प्राप्त हुए। इस संबंध में आवश्यक निर्देश समस्त जिला निर्वाचन अधिकारीगण तथा समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीगण को दे दिये गये हैं। इसके पहले किए गए ट्वीट में सीईओ ने कहा कि 18 हजार शपथ पत्रों के साथ की गई शिकायत का जो उल्लेख बार-बार किया जा रहा है उसके संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि एक भी मतदाता का शपथ पत्र मूलरूप में प्राप्त नहीं हुआ है। ईमेल के माध्यम से समाजवादी पार्टी द्वारा जो शिकायत की गई है उसमें लगभग 3919 अलग-अलग नाम के व्यक्तियों के शपथ पत्रों की स्कैंड कापी अवश्य प्राप्त हुई हैं।

समक्ष जांच के निष्कर्ष को प्रस्तुत भी किया जा चुका

शिकायत 33 जिलों के 74 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित है। 5 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित शिकायत की जांच पूर्ण हो चुकी है और एक्स के माध्यम से आम जनता के समक्ष जांच के निष्कर्ष को प्रस्तुत भी किया जा चुका है। अभी तक जिन पांच विधानसभा क्षेत्रों की जांच सम्पन्न हुई है उनमें यह पाया गया है कि ऐसे कुछ व्यक्तियों के नाम से नवम्बर 2022 में शपथ पत्र बने हैं जिनकी मृत्यु वर्ष 2022 से कई साल पूर्व हो चुकी थी। कुछ व्यक्तियों ने अपने नाम से बने शपथ पत्र की स्कैंड कापी को दिखाने पर ऐसा कोई भी शपथ पत्र देने से स्पष्ट इंकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि कानूनन गलत साक्ष्य दिया जाना एक अपराध माना जाता है।

अखिलेश यादव का योगी सरकार पर तंज, यूपी में न्यूयॉर्क से ज्यादा शराब की दुकानें हैं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार ने जो स्कूल बंद किए थे वो अब तक शुरू नहीं हुए हैं। सरकार नहीं चाहती है कि लोग पढ़ाई करें। शराब की दुकानें प्रदेश में बड़ी संख्या में खोली गई हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में न्यूयॉर्क से ज्यादा शराब की दुकानें हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पीडीए पाठशाला में पढ़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पाठशाला वालों के खिलाफ तो अंग्रेजों ने भी अत्याचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने अच्छे दिन लाने का वादा किया था लेकिन उन्होंने पिछड़ों का हक और सम्मान तक छीन लिया। 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी आरक्षण के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

छूटे हुए छह लाख छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति... फिर से खुलेगा पोर्टल, सीएम योगी की सौगात

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में छूटे छह लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के साथ शुल्क भरपाई भी होगी। इसके लिए छात्रवृत्ति पोर्टल खोला जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी सहमति दे दी है। भुगतान के लिए अनुपूरक बजट और बचत के मदों (पुनर्विनियोग) से करीब 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश सरकार ढाई लाख रुपये तक सालाना आय वाले एससी-एसटी छात्रों और दो लाख रुपये तक आय वाले अन्य वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति के साथ शुल्क की भरपाई करती है। वर्ष 2024-25 में शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों और अधिकारियों की लापरवाही से सभी वर्गों के करीब 6 लाख पात्र छात्र योजना का लाभ नहीं पा सके। कहीं लापरवाह अधिकारियों ने डाटा लॉक नहीं किया तो कहीं शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों ने ऑनलाइन आवेदन आगे ही नहीं बढ़ाया।

नोडल अधिकारी ने डाटा फॉरवर्ड करने के लिए लॉग इन ही नहीं किया

इतना ही नहीं अलीगढ़ की राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी के नोडल अधिकारी ने एससी छात्रों का डाटा फॉरवर्ड करने के लिए लॉग इन ही नहीं किया। संस्थानों व विवि को फरवरी और मार्च में आवेदन करने वाले एससी छात्रों का डाटा फॉरवर्ड करने के लिए 17-30 अप्रैल तक का समय दिया गया था। संबंधित नोडल अधिकारियों ने डाटा वेरिफाई कर आगे ही नहीं बढ़ाया।

ऑनलाइन डाटा प्रोसेस करने के लिए समयसारिणी जारी होगी

समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव लक्कु वेंकटेश्वर लू ने बताया कि नए वित्त वर्ष में इन छात्रों को पिछले बकाया के भुगतान के लिए मुख्यमंत्री ने सहमति दे दी है। अब प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा जाएगा। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद इन छात्रों का ऑनलाइन डाटा प्रोसेस करने के लिए समयसारिणी जारी की जाएगी।

सेहत की बात : निरंतर टीकाकरण से घटी नवजात शिशुओं की मृत्यु दर, जीरो डोज वाले बच्चों की संख्या भी हुई कम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए निरंतर अभियान चल रहा है। इससे टीके की खुराक न लेने वाले (जीरो डोज) बच्चों की संख्या में कमी आई है। इससे नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी भी आई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि जीरो डोज वाले बच्चों की संख्या में आई कमी राज्य के स्वास्थ्य तंत्र, सहयोगी संगठनों और समुदाय के प्रयासों को दर्शाता है। कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छूटे, इसके तहत हर समुदाय व परिवार के बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 60 जिलों में यह अभियान चल रहा है। निरंतर टीकाकरण से जानलेवा बीमारियों से बच्चों का जीवन सुरक्षित हुआ है। हर साल करीब 67 लाख गर्भवती महिलाओं और 57 लाख बच्चों 0-1 वर्ष को 28 लाख से अधिक टीकाकरण सत्रों के माध्यम से टीके लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जीरो डोज वे बच्चे होते हैं, जिन्हें जीवन के पहले वर्ष में कोई भी टीका नहीं लगा होता है। इससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। वे डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, खसरा और पोलियो जैसी बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। सरकारी प्रयासों और भागीदारी संगठनों के सहयोग से इन बच्चों की संख्या में लगातार गिरावट आई है।

खरीफ सीजन के लिए किसानों को मिल रहे पर्याप्त उर्वरक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- केंद्र सरकार से संपर्क कर यूरिया की मंगवाई गई हैं 268 रैक
- उर्वरक ब्रांड को लेकर भ्रमित न हों किसान, प्रदेश में यूरिया, डीएपी और एनपीके की कमी नहीं
- खरीफ सीजन में किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं होने दी जाएगी : शाही

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि किसानों को खरीफ सीजन की बुवाई और रोपाई के उपरान्त फसल संस्तुति के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता है। प्रदेश सरकार लगातार भारत सरकार से व्यक्तिगत सम्पर्क एवं पत्राचार कर रही है।1 अगस्त से 24 अगस्त तक भारत सरकार द्वारा प्रदेश हेतु 268 यूरिया उर्वरक रैक डिस्पैच की गई, जिनमें से 223 रैक प्राप्त हो चुकी हैं तथा शेष 45 रैक रास्ते में हैं, जो अगले तीन से चार दिन में जनपदों को उपलब्ध हो जाएंगी।कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों की दैनिक खपत के अनुरूप प्रतिदिन 10 से 12 रैक प्रदेश में भेजी जा रही हैं। 24 एवं 25 अगस्त को भारत सरकार द्वारा 20 यूरिया रैक अयोध्या, जौनपुर, गोण्डा, प्रयागराज,बाराबंकी, रायबरेली, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, बलरामपुर, सन्तकबीरनगर, सुल्तानपुर, लखीमपुर खीरी, अमेठी, मिर्जापुर , वाराणसी सहित विभिन्न जनपदों के लिए डिस्पैच की गई हैं, जो आगामी दो से तीन दिनों में पहुँच जाएंगी।कृषि मंत्री ने किसानो से अपील की कि उर्वरकों की बोरियों पर

एक ही नाम जैसे भारत यूरिया अथवा भारत डीएपी के लेबल उपलब्ध रहते हैं, इसलिए किसी भी ब्राण्ड को लेकर भ्रमित न हों और अपने नजदीकी बिक्री केन्द्र से आसानी से उर्वरक प्राप्त करें। किसान आगामी फसलों के लिए उर्वरकों का पूर्व भण्डारण न करें, सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक मिल सके।प्रदेश में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से यूरिया, डीएपी और एनपीके उर्वरकों की उपलब्धता क्रमशः 5,72,958 मीट्रिक टन, 4,06,859 मीट्रिक टन एवं 2,98,612 मीट्रिक टन है। उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग और टैगिंग रोकने के लिए प्रवर्तन कार्यवाही लगातार की जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 12,653 छापे डाले गए, 3,385 नमूने लिये गये, 10471 विश्लेषित नमूने, 35 अमानक नमूने, 122 को निर्गत की गयी चेतावनी, 15 दुकानों की बिक्री प्रतिबंधित की गयी, 12 दुकानों की सील की गयी, 1196 लाइसेंस निरस्त किए गये, 571 लाइसेंस निलंबित किए गये और 111 प्राथमिकी दर्ज कर 11 व्यक्तियों को जेल भेजा गया। किसानों को निर्धारित मूल्य एमआरपी पर ही उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। जो भी उर्वरक कम्पनी या थोक विक्रेता टैगिंग अथवा ओवर रेटिंग करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जन समस्याओं का निस्तारण भी होगा, सुविधाएं भी मिलेगी : केशव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता
- जनता दर्शन बना जन संवाद का सशक्त माध्यम

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय,7-कालिदास मार्ग, लखनऊ पर 'जनता दर्शन' के माध्यम से विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा त्वरित, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे।श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है।श्री मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटेयही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

खाद की किल्लत से किसान परेशान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मलिहाबाद लखनऊ खाद की भारी किल्लत के चलते किसान परेशान है केंद्रों के बाहर किसानों की लंबी लाइनें लगी हैं और पूरा दिन खाद की लाइन मे लगकर किसान खाद मिलने का इंतजार करते रहते हैं फिर भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है और मायूस होकर घर वापस जाना पड़ रहा है। बताते चलें कि इस समय धान की फसल का पीक समय चल रहा है। अगर किसानों को एक सप्ताह और खाद न मिली तो फसल की पैदावार पर असर आएगा खाद पाने के लिए दिन रात समितियों के चक्कर लगा रहे हैं फिर भी उन्हें पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। ग्राम सभा तिलन के किसानों रमाकांत रघुनंदन सियाराम सर्वेश श्री पाल मुलाई देशराज लालता कौशलेंद्र जैसे सैकड़ो किसानो ने बताया वह पूरा दिन खाद पाने के लिए लाइन में लगे रहे लेकिन जब तक उनका नंबर आता तब तक खाद खत्म हो चुकी थी जिससे उन्हें मायूस होकर घर वापस लौटना पड़ रहा है। ऐसा मामला सिर्फ एक समिति पर नहीं है यह रहीमाबाद दौलतपुर तिलन जमोलिया सहित लगभग क्षेत्र की अधिकांश खाद्य समितियां पर यही हाल है।

गैर जनपद के किसानों को खाद देने से रोक

खाद की कितनी भारी किल्लत है कि खाद्य समितियां के सचिव तथा निजी खाद लाइसेंसी दुकानदार बताते हैं कि लखनऊ जनपद को छोड़कर दूसरे जनपद के लोगों को खाद देने से मना किया गया है जिसके चलते बॉर्डर के गांव जो हमेशा लखनऊ जनपद से खाद लेकर जा रहे थे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बैंकाक में पाटा ट्रेबल मार्ट आज से

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- पर्यटन विभाग मार्ट में बौद्ध श्रद्धालुओं को देगा यूपी आने का न्यौता : जयवीर

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 47वें पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन पाटा में प्रदेश के बौद्ध स्थलों को वैश्विक दर्शकों के सामने पेश करेगा। 26 से 28 अगस्त तीन दिवसीय आयोजन के दौरान थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के क्वीन सिरीकिट नेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में पर्यटन विभाग द्वारा बौद्ध सर्किट और प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य पर्यटन अपनी विशेष प्रदर्शनी 'इम्बार्क ऑन योर बोधि यात्रा इन उत्तर प्रदेश' उत्तर प्रदेश में करें अपनी बोधि यात्रा का आरंभ प्रस्तुत करेगा। यह पहल बौद्ध पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की क्षमता एवं सामर्थ्य को उजागर करेगी। भगवान बुद्ध की आध्यात्मिक विरासत को आधुनिक एवं वैश्विक साझेदारियों के साथ जोड़ने का प्रयास करेगी। आयोजन में उत्तर प्रदेश पवेलियन इस बार बौद्ध सर्किट के छह पवित्र स्थलों-सारनाथ, कपिलवस्तु, संकिसा, कौशाम्बी, श्रावस्ती और कुशीनगर पर केंद्रित होगा। पवेलियन में भगवान बुद्ध से जुड़ी स्मृतियों, डिजिटल स्क्रीन पर बोधि यात्रा तथा तथागत बुद्ध से संबंधित कथाओं और इंटरएक्टिव सेशन आयोजित किए जाएंगे। आगंतुक विविध आयामों के माध्यम से महात्मा गौतम बुद्ध की जीवन यात्रा का अनुभव कर सकेंगे। साथ ही स्थानीय परंपराओं, शिल्प तथा व्यंजनों से भी परिचित होंगे। यूपी पवेलियन में कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उपलब्ध कराई जा रही विश्वस्तरीय सुविधाओं, वाराणसी में बेहतर कनेक्टिविटी विकल्प और बौद्ध स्थलों से संबंधित सुविधाओं पर विशेष फोकस किया जाएगा। इसका उद्देश्य विदेशी यात्रियों के अनुभव को और अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनाना है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि राज्य ने बौद्ध सर्किट को विश्वस्तरीयसुविधाओं, डिजिटल प्रचार-प्रसार और सतत पर्यटन के साथ सशक्त बनाने के लिए विशेष पहल की है। सम्मेलन में एयरलाइंस, डेस्टिनेशन मैनेजर और निवेशकों के साथ मिलकर वैश्विक साझेदारियों पर जोर दिया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश में अधिक पर्यटक आकर्षित हों। सरकार का उद्देश्य 'बोधि यात्रा' को एक सहज, सुरक्षित और समृद्ध अनुभव बनाना है।इस अवसर पर लगाई गयी बौद्ध प्रदर्शनी के साथ अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को अपनी व्यापक पर्यटन धरोहर से भी परिचित कराएगा। अयोध्या, मथुरा-वृंदावन की जीवंत परंपराओं से लेकर कन्नौज की इत्र विरासत और दीपोत्सव, देव दीपावली, महाकुंभ, रंगोत्सव तथा ताज महोत्सव जैसे बड़े सांस्कृतिक आयोजनों की झलकियां भी प्रस्तुत करेगा।बैंकॉक में तीन दिवसीय आयोजन में उत्तर प्रदेश पर्यटन से संबंधित प्रतिनिधि वैश्विक हितधारकों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान नई साझेदारियों, पर्यटन यात्राओं, और राज्य की वैश्विक पर्यटन हब के रूप में पहचान मजबूत करने पर जोर रहेगा। दुनिया के विभिन्न देशों से आये बौद्ध श्रद्धालु एवं विशेषज्ञ को यह भी बताया जायेगा कि यूपी में सुरक्षित माहौल के साथ ही कानून व्यवस्था बेहतर है।

तिलोई में नहर-नाले के बीच बनी सड़क तालाब डेढ़ साल से छात्र और ग्रामीण परेशान

जन एक्सप्रेस । अमेठी

तहसील तिलोई क्षेत्र में जौनपुर-शंकरगंज मार्ग की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। नहर और नाले के बीच बनी यह सड़क डेढ़ वर्ष से तालाब का रूप ले चुकी है।बरसात के मौसम में जलभराव और गड्ढों से होकर गुजरना स्थानीय लोगों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।यह मार्ग तिलोई क्षेत्र को आस-पास के कई गाँवों और बाज़ारों से जोड़ता है।प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं, किसान और आम राहगीर इसी रास्ते से आते-जाते हैं।सड़क पर जगह- जगह बने गहरे गड्ढे और भरे हुए पानी के कारण वाहन अक्सर फंस जाते हैं।कई बार साइकिल व बाइक सवार लोग चोटिल भी हो चुके हैं।स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से खराब है।बार- बार शिकायतें करने और समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर खबरें प्रकाशित होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं,लेकिन विकास कार्यों में लापरवाही साफ दिखाई देती है।कॉलेज जाने वाले छात्र हिमांशु,राकेश और सुमित बताते हैं कि उन्हें रोज इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है।सड़क की हालत इतनी खराब है कि पढ़ाई के साथ उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।उन्होंने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सड़क के दोनों ओर नहर और नाले की मौजूदगी से समस्या और बढ़ गई है। बरसात का पानी जमा होने के कारण राहगीरों के लिए खतरा और अधिक बढ़ जाता है। लोग मजबूरी में इसी रास्ते से गुजरते हैं क्योंकि इसके विकल्प के रूप में कोई अन्य मार्ग नहीं है।यह स्थिति क्षेत्रीय विधायक और राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के क्षेत्र में विकास कार्यों की हकीकत बयां करती है।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले दिनों में यह मार्ग पूरी तरह जर्जर होकर आवागमन के योग्य भी नहीं बचेगा। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी और लोक निर्माण विभाग से गुहार लगाई है कि तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए,ताकि छात्रों और राहगीरों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन ने इस समस्या पर जल्द ध्यान नहीं दिया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार विश्वकर्मा निलंबित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने रायबरेली के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार विश्वकर्मा को अनियमितताओं के चलते निलंबित कर दिया है। उनके विरुद्ध यह आरोप था कि उन्होंने अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले ईंट-भट्ठों को संचालन की सहमति (सीटीओ) प्रदान करने में अनियमितताएं की थीं। इस संबंध में कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों के आधार पर प्रदूषण बोर्ड ने तीन अधिकारियों की एक समिति गठित की, जिसने पूरे मामले की जांच की। जांच में दोषी पाए जाने के बाद उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई। प्रदूषण बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी और भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मलखंभ प्रतियोगिता में छह जनपदों की टीमें शामिल, पहले दिन अमेठी रही अव्वल

जन एक्सप्रेस । अमेठी

12वीं अंतर्जनपदीय मलखंभ प्रतियोगिता का शुभारंभ रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में हुआ। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन लखनऊ जोन के छह जनपदों अंबेडकरनगर, सीतापुर, सुलतानपुर, खीरी, हरदोई और अमेठी की टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों ने आकर्षक मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। खिलाड़ियों ने शपथ ग्रहण कर खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने का संकल्प लिया।और रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर कार्यक्रम का आगाज़ किया। टीम प्रतिस्पर्धा में पहले दिन अमेठी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। अंबेडकरनगर की टीम 16 अंकों के साथ दूसरे और सुलतानपुर की टीम 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

एकल प्रतिस्पर्धा में भी अमेठी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आरक्षी प्रमोद कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा और पुलिस उपाधीक्षक श्वेताभ भास्कर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की तालियों ने माहौल को ऊर्जावान बना दिया। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से पुलिस कर्मियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ खेलों के प्रति रूचि भी बढ़ती है।

विकास कार्यों व निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों सीएम डैशबोर्ड व निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें एवं जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं।जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

हल्की बारिश में गोवा का बीच बनता है महराजगंज

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

नगर पंचायत महराजगंज की हालत यह है कि हल्की सी बारिश होते ही सड़कों पर पानी भर जाता है, मानो गोवा का बीच हो। पिछले 15 वर्षों से नगर पंचायत में भारी घोटाले और भ्रष्टाचार का सिलसिला चल रहा है। सोलर लाइट, नाला और रोड लाइट निर्माण के नाम पर करोड़ों का बजट आया, लेकिन ज़मीन पर कुछ खास नहीं दिखता। पंचायत अध्यक्ष प्रभात साहू और अधिकारियों पर धन की बंदरबांट के आरोप लग रहे हैं। अब भोलेनाथ के नाम पर भी वोट की राजनीति! भगवान का नाम भी राजनीति के लिए इस्तेमाल हो रहा है। पंचायत प्रतिनिधि प्रभात साहू पर आरोप है कि चाहे सरकार किसी भी पार्टी की रही हो – बसपा, सपा, कांग्रेस या भाजपा – सत्ता का संरक्षण हमेशा इन्हें ही मिला है। लोग कहते हैं: 'नगर पंचायत में जो प्रभात साहू कहें, वही सही!' आरोप ये भी हैं कि प्रभात साहू दलबदल और वोट मैनेजमेंट में माहिर हैं – जनता को चावल-गेहूं का लालच देकर चुप कराया जाता है।

खाद के लिए किसानों की लंबी कतार: छह दिन बाद मिली 600 बोरी, सुरक्षा के अभाव में महिला केंद्र प्रभारी कर रहीं वितरण

जन एक्सप्रेस । अमेठी

धान की फसल के मौसम में खाद की मांग बढ़ने के साथ ही किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं।अमेठी के धम्मौर रोड स्थित कृषक सेवा केंद्र पर सोमवार को खाद लेने के लिए सुबह से ही किसानों की लंबी कतार लगी रही।

कई किसान दो-दो दिनों से चक्कर लगा रहे थे, लेकिन खाद न मिलने से उन्हें निराशा झेलनी पड़ी। करीब छह दिन बाद केंद्र पर 600 बोरी खाद की आपूर्ति हुई है। खतौनी में दर्ज रकबे के आधार पर किसानों को खाद दी जा रही है। जिन किसानों को अतिरिक्त खाद की आवश्यकता है, उन्हें एसडीएम या कृषि अधिकारी से अनुमति पत्र लाना अनिवार्य किया गया है। खाद वितरण के दौरान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण कई बार अव्यवस्था की स्थिति बनी। केंद्र प्रभारी सुभाषिनी श्रीवास्तव अकेले ही किसानों को समझा-बुझाकर वितरण का कार्य कर रही थीं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए पुलिस को फोन किया गया था, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। भीड़ बढ़ने से किसानों और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। प्रभारी ने कहा कि बिना सुरक्षा व्यवस्था के काम करना बेहद मुश्किल है, बावजूद इसके फिलहाल किसी तरह किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद न मिलने से धान की फसल पर असर पड़ सकता है।उनका आरोप है, कि सरकार और प्रशासन की लापरवाही के चलते उन्हें लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। किसानों ने मांग की है कि नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए और वितरण केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बढ़ई ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार 27 को

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदेश में संचालित वर्तमान रोज़गार योजनाओं में उ0प्र0 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हेतु लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेडवार अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में लाभान्वित किया जाना है। जिसमें बढ़ई ट्रेड के सभी ऑनलाइन प्राप्त आवेदको का साक्षात्कार किया जा रहा है। उपायुक्त उद्योग ने बढ़ई ट्रेड के सभी आवेदकों से कहा है कि आवेदको का साक्षात्कार 27 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 11ः00 बजे कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रायबरेली में किया जायेगा। उन्होंने सभी आवेदकों से कहा है कि अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

रायबरेली में धूमधाम से मनाई गई राणा बेनी माधव की 221वीं जयंती, सम्मानित की गई विभूतियां

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जगतपुर स्थित खेल मैदान में प्रथम स्वाधीनता संग्राम 1857 की क्रान्ति के महानायक, शौर्य, पराक्रम, त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति, रायबरेली की पावन धरती में जन्मे माँ भारती के सच्चे सपूत राणा बेनी माधव सिंह की 221वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित भाव समर्पण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह सम्मिलित हुए. उन्होंने राना बेनी माधव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया. उन्होंने समारोह में बैसवारा क्षेत्र की 100 विशिष्ट विभूतियों का सम्मान भी किया. कार्यक्रम में उच्च न्यायालय लखनऊ के पूर्व न्यायमूर्ति डीपी सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख हंडिया प्रयागराज महेश सिंह, संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ विनोद बाजपेई, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल अतुल गुप्ता, राणा बेनी माधव सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह धीरज सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे. इसके पूर्व उद्यान मंत्री ने जगतपुर के शंकरपुर स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया तथा सभी जनों की सुख-समृद्धि की कामना की गई. इसी क्रम में विकास खंड जगतपुर के कस्बा कांजी हाउस में 110 फुट ऊँचे भव्य तिरंगे का लोकार्पण एवं ध्वजारोहण कर राष्ट्र को नमन किया गया।

परिजन बाइक से घर ले गए युवक का शव

जन एक्सप्रेस । अमेठी

संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे पतऊ गांव में सोमवार को चारा मशीन में करंट लगने से 22 वर्षीय राजकुमार यादव की मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों ने शव को पुलिस को सूचना दिए बिना ही मोटरसाइकिल से घर ले गए।इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसे देखकर लोग हैरान रह गए।मृतक राजकुमार यादव गांव के अशोक कुमार यादव का पुत्र था। जानकारी के अनुसार रोज की तरह राजकुमार सोमवार की सुबह चारा काटने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान मशीन में करंट उतर आया और वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में परिजन उसे मोटर साइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी संग्रामपुर प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि युवक को ब्रेन डेड अवस्था में लाया गया था। डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन पुलिस को सूचना दिए जाने से पहले ही परिजन शव को मोटर साइकिल पर रखकर घर लेकर चले गए। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि परिजनों ने पुलिस को खबर क्यों नहीं दी,यह स्पष्ट नहीं हो सका है। वहीं यह भी साफ नहीं हो पाया है कि परिजनों ने शव ले जाने से पहले एंबुलेंस सेवा से संपर्क किया था या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना दुखद है,लेकिन शव को इस तरह मोटरसाइकिल से घर ले जाना अमानवीय प्रतीत होता है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मामले की पड़ताल की जा रही है।

राना बेनी माधव सिंह जी की 221वीं जयंती पर भाव समर्पण एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जगतपुर स्थित खेल मैदान में प्रथम स्वाधीनता संग्राम (1857 की क्रान्ति) के महानायक, शौर्य, पराक्रम, त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति, रायबरेली की पावन धरती में जन्मे माँ भारती के सच्चे सपूत राना बेनी माधव सिंह जी की 221वीं जयंती वृहद स्तर पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित भाव समर्पण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह सम्मिलित हुए। उन्होंने राना बेनी माधव सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने समारोह में बैसवारा क्षेत्र की 100 विशिष्ट विभूतियों का सम्मान भी किया।

कार्यक्रम में उच्च न्यायालय, लखनऊ के पूर्व न्यायमूर्ति डी.पी. सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख हंडिया प्रयागराज महेश सिंह, संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ विनोद बाजपेई, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल अतुल गुप्ता, राणा बेनी माधव सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह धीरज सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इसके पूर्व उद्यान मंत्री ने जगतपुर के शंकरपुर स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया तथा सभी जनों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसी क्रम में विकास खंड जगतपुर के कस्बा कांजी हाउस में 110 फुट ऊँचे भव्य तिरंगे का लोकार्पण एवं ध्वजारोहण कर राष्ट्र को नमन किया गया।

श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन हेतु 04 सितम्बर तक विशेष पंजीयन अभियान

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। सहायक श्रमायुक्त आर0एल0 स्वर्णकार ने बताया है कि उप श्रमायुक्त, उ0प्र0 राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, लखनऊ के द्वारा प्लेटफार्म श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराये जाने हेतु 25 अगस्त से 05 सितम्बर 2025 तक विशेष अभियान चलाये जाने, अभियान अवधि में विशेष पंजीयन कैम्पों की लोकेशन गूगल फॉर्म में, लिंक/यू0आर0एल0 पर अपलोड किये जाने तथा अभियान अवधि की प्रगति निर्धारित प्रारूप पर प्रेषित करने के निर्देश दिये गये हैं। विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा उनके परिवारों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाओं से आच्छादित किया जाना है। अभियान अवधि में प्लेटफार्म एग्रीगेटर्स (सेवायोजक) से समन्वय स्थापित करते हुए उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किया जाना है। सहायक श्रमायुक्त ने प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में अपेक्षित कार्यवाही करने हेतु जनपद रायबरेली में निर्धारित तिथियों में कैंप आयोजित किए जाने के लिए अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

पीडीए एवं बी.पी. मंडल विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

डॉ. लोहिया-अंबेडकर विचार मंच की ओर से बी.पी. मंडल जयंती समारोह 2025 के अवसर पर **पीडीए एवं बी.पी. मंडल** विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन सूर्या होटल सभागार, सिविल लाइन्स रायबरेली में किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता गणेश प्रसाद मौर्य, पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत रायबरेली ने की एवं संचालन कार्यक्रम संयोजक राजेश चंद्र ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल कमीशन के अध्यक्ष बी.पी. मंडल के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। राम सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत रायबरेली ने अतिथियों एवं अभ्यागतों का स्वागत किया व वरिष्ठ समाजवादी चिंतक रामसेवक वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह के मुख्य अतिथि फिरोज गाँधी कॉलेज, रायबरेली के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामबहादुर वर्मा ने कहा कि पी.डी.ए. मंडल आंदोलन एवं भावना का विस्तार है। मंडल आयोग ने समाज के पिछड़े वर्गों में जिस सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक चेतना को जगाया-बढ़ाया था, जिसे कमंडलवादियों ने दबाने में अपनी पूरी ताकत लगा रखी है, उसे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के नारे पीड़ा ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। विशिष्ट अतिथि रामदेव यादव एडवोकेट ने कहा कि मंडल भावना के अनुसार पीडीए की आबादी के अनुपात में सरकारी, गैर-सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिलना चाहिए। गुरुदीन प्रजापति ने कहा कि पीडीए की एकता ही सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक आदर्शों की रक्षा कर सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत गणेश प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भारतीय संविधान के स्थान पर मनुवादी व्यवस्था लाना चाहती है, इसलिए वह लगातार लोकतंत्र एवं संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है इसलिए इसे सत्ता से हटाने हेतु मंडल भावना से पैदा ष्पीड़ा समाज को एकजुट होना अब जरूरी हो गया है। ष्पीड़ा ही कट्टरपंथियों एवं मनुवादियों से मुकाबला कर सकती है। इस अवसर पर प्रभुदयाल यादव, बी.एल. यादव, राजवन्त पटेल, रमाकान्त, शेखर यादव, शुभम, डॉ. एस.यू. खान, चन्द्रराज पटेल, राघवेंद्र यादव, बीरबल पासी, राजकुमार चौधरी, रामखेलावन प्रजापति, डॉ. आर.डी. यादव ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता ओ.पी. यादव, राजेन्द्र प्रताप राजू, रामप्रसाद यादव उर्फ रामे, अवधेश प्रजापति, विजय गुप्ता, के.के. गुप्ता, इं. केशव यादव, डॉ. अयोध्या प्रसाद, मुकेश पासी, वैभव चौरसिया, मो. साहिल, राजेश यादव, सर्वेंद्र प्रताप, पूरन यादव, जगप्रसाद मौर्य, शैलेन्द्र यादव, संतलाल आदि सैकड़ों गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, मंगलवार, 26 अगस्त, 2025

बहादुरपुर में प्रथम बैच के एफएलएन प्रशिक्षण...

विकास क्षेत्र बहादुरपुर के बीआरसी पर सोमवार को परिषदीय शिक्षकों के पांच दिवसीय एफएलएन एवं एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण के... शेष पेज 10 पर...

बाढ़ का पानी हुआ कम पर ग्रामीणों की मुश्किलें बरकरार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

परियर। सदर तहसील परियर क्षेत्र में बाढ़ का पानी घटने के बाद भी समस्याएं बनी हुई हैं, जैसे घरों और फसलों को हुए नुकसान, जल निकासी की समस्या और दूषित पानी के कारण बीमारियों का खतरा। नदी का पानी आमतौर पर बाढ़ के बाद धीमी गति से मुख्य नालों और नदी में वापस लौटता है, और इसी दौरान यह पीछे छूटे मलबा और कचरा भी अपने साथ ले जाता है, जिससे स्थानीय स्तर पर नई परेशानियां पैदा होती हैं। मलबे को हटाने और सड़कों को साफ करने की आवश्यकता है ताकि लोगों की आवाजाही आसान हो सके।खेतों में पानी भरने से फसल बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों की आजीविका प्रभावित हुई है।दूषित पानी और जल जमाव के कारण बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ गया है, जिसके लिए स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता है।प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और सहायता प्रदान की जानी चाहिए, जिसमें आश्रय, भोजन और चिकित्सा सहायता शामिल है।तहसील प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों को लगातार मदद पहुंचाई जा रही है। लोगो तक भोजन के पैकेट और आवश्यक सामान पहुंचाने के लिए प्रशासनिक टीमें जुटी हुई है लेकिन ग्रामीणों की मुश्किलें अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। प्रभावित क्षेत्र में संघर्ष जारी प्रशासन के प्रयासों के बावजूद जीवन पटरी पर लौटने में वक्त लगेगा। किसान परेशान है क्योंकि उसकी जीविका का साधन बाढ़ के पानी में बर्बाद हो गया है देवीपुरवा, पनपथा, टपरा, बेनीपुरवा, बंदनपुरवा, मानाबंगला, चंडीबांग्ला, कोलवा, मरौंदा मझवारा, मरौंदा सूचित, जैसे दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में फसल पानी में डूब गई ग्रामीण मनोज, सुरेश, नरेश, देवी प्रसाद, रामकिशन, घसीटे, दीपक, रजनीश आदि ग्रामीणों ने बताया सबसे ज़्यादा नुकसान धान, तिल, उड़द, मूंग जैसी खरीफ फसलों के साथ-साथ लौकी, तोरी जैसी सब्ज़ियों का हुआ है। कई किसानों का कहना है कि खेतों में पानी भरने से न सिर्फ मौजूदा फसल बर्बाद हो गई है बल्कि आगामी बुवाई पर भी संकट खड़ा हो गया है।

छात्र संघ बहाली मोर्चा ने विक्रमजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज से लिया संकल्प और जल्द सौंपेंगे जिलाधिकारी को ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

छात्र संघ बहाली की माँग को लेकर छात्रों का आंदोलन लगातार जोर पकड़ता जा रहा है। इसी क्रम में आज विक्रमजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज में छात्र संघ बहाली मोर्चा द्वारा पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि भारी बारिश के बावजूद छात्रों का उत्साह कम नहीं हुआ, और वे बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए।

मोर्चा के छात्र नेताओं ने पोस्टर विमोचन के दौरान स्पष्ट किया कि यह केवल एक प्रतीकात्मक पहल नहीं, बल्कि एक सशक्त आंदोलन की शुरुआत है। छात्रों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि जब तक छात्र संघ बहाल नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र नेताओं और विद्यार्थियों ने यह घोषणा की कि वे लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि छात्र संघ न केवल नेतृत्व कौशल विकसित करने का माध्यम है, बल्कि यह छात्रों की समस्याओं को उठाने का एक सशक्त मंच भी है, साथ ही मोर्चा ने घोषणा भी किया कि वे जल्द ही भारी संख्या के साथ जिलाधिकारी महोदय को एक ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें छात्र संघ बहाली की माँग को प्राथमिकता देने की अपील की जाएगी। छात्रों का कहना है कि यह ज्ञापन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनभावनाओं का प्रतिनिधित्व करेगा।

कार्यक्रम के दौरान मोर्चा ने विक्रमजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज में एक संयोजक राज निषाद, सह संयोजक विष्णु पाल और संरक्षक विक्की ठाकुर नियुक्त किया।

छात्र संघ बहाली को लेकर यह अभियान अब केवल कॉलेज के परिसर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक व्यापक आंदोलन का रूप लेता जा रहा है।

आने वाले दिनों में यह देखना रोचक होगा कि प्रशासन इस आवाज़ को कैसे सुनता है।

इस कार्यक्रम में अभिजीत राय अनस शाहू, शरद कनौजिया, विक्की ठाकुर, आर्यन ठाकुर, अभिनव श्रीवास्तव, सुधांशु यादव, राज निषाद, अंशुमान त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता और छात्र उपस्थित रहे।

500 एनसीसी कैडेट्स को मिल रहा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए सैन्य प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कर्नल लोकेश कांडपाल कमानड़ींग ऑफिसर एवम कैम्प कमांडर के कुशल नेतृत्व में एवम् निर्देशन में व सूबेदार मेजर गुमान सिंह के देख रेख में (सुपर विजन) में 59 यू पी बटालियन एन सी सी के सन्युक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 197 में 500 युवा कैडेट्स राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर 14 ओल्ड राजपूत कॉम्प्लेक्स सैन्य प्रशिक्षण छेत्र मे चल रहा है।

शिविर में विभिन प्रकार की सैन्य युध्द विधाओ के अतिरिक्त साईब्र आपराधिक कृत्य, विधिक सहायता साक्षरता, पर्यावरण बचाव, नशा मुक्ति; रोड सुरक्षा, प्रक्रतिक आपदा राहत प्रबंधन कार्य आदी आदी विषयो का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षकों मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर के पी एल वी/ भारतीय रेड क्रास के आजीवन सदस्य परवेज अख्तर व पी एल वी/ प्रशिक्षक मीनाक्षी दीक्षित और पी एल वी रिज़्वान अली खान, भारतीय रेड क्रास सोसायटी/जिला आपदा प्रबंधन के मुखय प्रशिक्षक श्री लखन शुक्ला जी व बी एच एम सूबेदार देवेन्द्र सिंह महिला प्रशिक्षक अनकीता मुख्य रूप् से मौजूद रहे।

गैंगरेप पीड़िता के परिवार से मिलने विधायक पहुंचे गांव, दबंग समझौते का बना रहे दबाव

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में 14 वर्षीय दलित किशोरी के साथ हुए गैंगरेप मामले में नए तथ्य सामने आए हैं। पीड़िता के परिवार ने विधायक राहुल बच्चा सोनकर के सामने अपनी व्यथा रखी। परिवार ने बताया कि पुलिस ने उनसे तहरीर बदलवाई। पीडिता को मेडिकल जांच के लिए ककवन से कल्याणपुर के बीच भटकाया गया। काकन अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं मिली मौजूद।

बुधवार रात किशोरी जब शौच के लिए खेत गई थी, तब गांव के चार युवकों ने उसे दबोच लिया। भोला और निक्कू ने किशोरी के हाथ-पैर पकड़े, जबकि रविंदर और दीपू ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने किशोरी को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।विधायक के सामने छलका पीड़ित परिवार का दर्द परिजनों का कहना है कि पुलिस ने 24 घंटे तक उन्हें बेटी से मिलने नहीं दिया। अब आरोपियों के परिवार वाले अन्य लोगों के माध्यम से पैसे देकर समझौता कराने का दबाव बना रहेहैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान ने राजनीतिक के चलते करीब 50 परिवारों को सरकारी शौचालय का लाभ नहीं दिया, जबकि रुपए वसूले गए।नाली खडंजा में कमीशन के लिए बने वीडियो

विधायक ने इस मामले में बीडीओ की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने बीडीओ को फोन न उठाने पर डीपीआरओ और सीडीओ से बात कर पूछा कि बीडीओ क्या केवल नाली और खड़ंजे में कमीशन खाने के लिए बने हैं। बीडीओ अभी तक गांव क्यों नहीं पहुंचे। ग्रामीणों को अभी तक शौचालय योजना का लाभ क्यों नहीं मिला।

सरकार पैसा देती अधिकारियों की जेब से नहीं जाता।

विधायक ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी से डरने की जरूरत नहीं है। कोई बात हो तो तुरंत हमें फोन करना। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा आरोपित परिवारों के द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर जबरन कब्जा कर घर बनाने की शिकायत पर तहसीलदार को फोन कर मामले की जांच कर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

कानपुर बाइक चोरी के आरोपी की गिरफ्तारी, वाहन बरामद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। थाना कल्यानपुर पुलिस ने बाइक चोरी के मुकदमे का खुलासा करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार कल्यानपुर क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सैल टेक्स ऑफिस के पास एक युवक संदिग्ध स्थिति में दिखाई दिया। पुलिस टीम ने रोककर पूछताछ की तो उसके पास से चोरी की गई हीरो पैशन प्रो बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिवम सविता उर्फ लंकेश (30) पुत्र हरिशंकर सविता निवासी मोहल्ला आहरियान, ग्वालटोली, कानपुर नगर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी की घटना स्वीकार की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी एकत्र की जा रही है। बरामद बाइक को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। आरोपी को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सपा नेत्री ने किसानों की खाद काला बाजारी रोकने को डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर विधानसभा के समाजवादी पार्टी कार्यालय मे मासिक बैठक का आयोजन किया गया मासिक बैठक मे समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता नितेंद्र यादव जी, राष्ट्रीय सचिव अपर्णा दीदी ,बतौर मुख्य अतिथि रही और विधानसभा प्रत्याशी श्री मती रचना सिंह व विधानसभा अध्यक्ष श्री विनय यादव जी की अध्यक्षता मे हुई मंच का संचालन इंजीनियर विनय यादव विधानसभा अध्यक्ष ने किया मासिक बैठक, बी पी मंडल की जयंती और खाद को लेकर ज्ञापन दिया गया आज मासिक बैठक मे पिछड़ा दलितों के मशीहा बिहार के मुख्यमंत्री बीपी मंडल जी जयंती मनाई बैठक मे मुख्य अतिथि नितेंद्र यादव जी ने बीपी मण्डल को याद करते हुए कहा कि मंडल जी पिछड़ा दलितों के हितैषी थे बीपी मण्डल जी के पद चिन्हो पर आज राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी पीडीए का नारा दिया और पीडीए समाज के समाजवादी पार्टी सदैव हितैषी रही है वही राष्ट्रीय सचिव श्री मती अपर्णा जैन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार मे किसान नौजवान महिलाए बुजुर्ग सभी परेशान है नौजवानों को भाजपा सरकार ने नौकरी देने का वादा किया था लेकिन भाजपा बाले आजतक कोई भी भर्ती को पूरा नहीं कर पा रहे है आज अभ्यर्थी अपना हक़ मांगने पर पुलिस की लाठी खा रहे है इसलिए ये जरुरी हो गया है भाजपा सरकार को उखाड़ फेको और 2027 मे समाजवादी पार्टी की सरकार बनाए जिससे लोगो को रोजगार मिल सके वही बिल्हौर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी श्री मती रचना सिंह गौतम ने मासिक बैठक मे आये हुए सभी पदाधिकारियों, बूथ सेक्टर अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्त्ता बंधुओ का आभार व्यक्त किया सपा नेत्री ने कहा कि आज मौसम ख़राब होने के बाद भी इतनी बड़ी संख्या मे आये हुए सभी लोगो को ह्रदय से धन्यवाद किया वही सपा नेत्री ने कहा कि आज किसानों को यूरिया डीएपी खाद की जरुरत पड़ने पर सरकार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है ऐसे मे सपा नेत्री ने कहा कि किसानों का आरोप है कि खाद की कालाबाजारी हो रही जिससे किसानों को खाद की किल्ह्त से जूझना पड़ रहा है वही सपा नेत्री ने कार्यालय से पैदल चलकर तहसील परिसर मे किसानों को हो रही खाद की परेशानी को लेकर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार अनुभव चंद्र महोदय को सौपा और जल्द से जल्द खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाकर किसानों को खाद मुहैया कराने की मांग की ऐसा ना होने पर किसानों के हित मे बड़े विधानसभा अध्यक्ष ने कहा ये सरकार किसान विरोधी है छात्र विरोधी है इस सरकार में किसान बेहाल है महंगाई चरम सीमा पर है रोज गार है 11 साल मोदी सरकार 9 साल योगी सरकार फेल है 2027 में हम सब लोग मिल कर मुख्यमंत्री मंत्री श्री अखिलेश यादव जी को बनाएंगे आशीष कटियार ब्लाक अध्यक्ष विनय यादव अध्यक्ष विधानसभा रमेश गौतम, भगवान गौतम, कपूर कटियार, प्रकाश कटियार, गंगा राम दोहरे, हरिओम पांडे, राधेश्याम कटियार पूर्व प्रधान, ज्ञान सिंह पूर्व प्रधान ,संपत कटियार, वीरेंद्र वर्मा, सोमेश दीक्षित, सुनील यादव, ग्यान चंद्र कोरी, उत्तम अग्निहोत्री, लोकेश अवस्थी, धीरू ठाकुर,महेंद्र ठाकुर लाला राम गौतम ,सत्येंद्र गौतम, बंटी फैयाज़, ज्ञान चंद्र कोरी, विमल कोरी, अनिल कुशवाहा, संतोष कश्यप, सुनील पाल, के पी प्रधान, राम कुमार गौतम, श्याम यादव, धर्मवीर, अंकित चक्रवर्ती, महफूज शानदार, मुन्ना अजहर पूर्व प्रधान, जीतू सैनी सभासद, शौर्य यादव, शशि कांत पाल, अंशुमान यादव, ऋषभ यादव, राहुल, मनोज आदर्श कटियार, रामप्रसाद पाठक, राजा दुबे, कल्लू यादव, सौरभ कुशवाहा, शम्भु चौरसिया, अनुराग सविता, राजेश यादव, मनीष कटियार, प्रदीप राजपूत, वीरसिंह राजपूत, राजू पाल, कमरुल भाई, अरुण यादव, अंकित यादव, अनिल यादव, गोपीनाथ पासवान, ज्ञानेंद्र गौतम, कुलदीप एडवोकेट, जय सिंह इंद्रलेश यादव, राम सरण गौतम, मौलिम हुसैन, शान मोहम्मद, इत्यादि लोग मौजूद रहे

एक्सप्रेस खबरें...

अस्पताल संचालक से रंगदारी मांगने पहुंचे दबंग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में रंगदारी मांगने और मारपीट का मामला सामने आया है। आवास विकास-एक में रहने वाले निजी अस्पताल संचालक अजय कुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कल्याणपुर खुर्द निवासी संजीव, रिंकू और खोते उनसे रंगदारी मांगते हैं और आए दिन गाली-गलौज करते हैं। अजय वर्मा के मुताबिक, सोमवार शाम करीब पांच बजे तीनों आरोपी अपने 3-4 साथियों के साथ वैगन-आर कार से उनके अस्पताल पहुंचे। वहां पहुंचते ही उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हाथापाई की और पाँच हजार रुपये की रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों की धमकियों और अभद्रता से वह बेहद परेशान है और अस्पताल का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। पूरी वारदात अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। वही मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। साथ ही आरोपियों की कार भी जब्त कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से अन्य साथियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी भी की जाएगी।

266.50 रुपए प्रति बोरी में यूरिया वितरण शुरू

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में किसानों को यूरिया खाद की आपूर्ति में बड़ी राहत मिली है। बकोठी किसान प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा जिलाधिकारी के निर्देश पर 266 रुपए 50 पैसे प्रति बोरी की दर से यूरिया का वितरण किया जा रहा है। जिले में कुल 1023 मीट्रिक टन यूरिया का आवंटन किया गया है। इसमें पीसीएफ बफर से 406 मीट्रिक टन और एचयूआरएल की रैक से 616 मीट्रिक टन यूरिया 21-22 अगस्त को प्राप्त हुई। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर यह आवंटन किया गया है। इस बार एक नई पहल की गई है। सहकारी समितियों के अलावा स्नस्नष्ष्ट, एग्री जंक्शन और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को भी खाद का आवंटन किया गया है। इससे किसानों को अपनी ग्राम पंचायत में ही खाद उपलब्ध हो सकेगी। अब उन्हें लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। एफपीओ एक ऐसा संगठन है जिसके सदस्य किसान होते हैं। लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (एसएफएसी) इन संगठनों को बढ़ावा देने में मदद कर रहा है। किसानों ने इस पहल के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया है। पूरा सहकारी समिति लि में भगदड़ रहीं ज्यादा तर किसान बिना खाद लिए भूखे प्यासे घर वापस लौट गए। एसडीएम डॉ संजीव कुमार दीक्षित ने बताया खाद स्टाक के अनुसार वितरण किया गया है।

समितियों में यूरिया उपलब्ध, खतौनी से खाद वितरण बना सिरदर्द

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

परियर। परियर समितियों में यूरिया खाद उपलब्ध है, लेकिन अधिकारियों द्वारा खतौनी और आधार कार्ड सत्यापन के बाद ही किसानों को खाद देने का आदेश समिति संचालकों व किसानों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। साथ ही एक बोरी यूरिया खाद के साद एक पैकेट नैनो यूरिया लेने की बाध्यता से भी किसान परेशान हैं। इस समय किसान संदीप, लखन, दिलीप, सुरेश,जगतपाल, बबलू, राजेश आदि ग्रामीणों ने बताया को धान, व लौकी तरोई खेती के लिए यूरिया की सख्त जरूरत है, परियर समितियों में यूरिया खाद उपलब्ध भी है, लेकिन जिले के अधिकारियों का आदेश है कि किसानों को तभी खाद दिया जाए, जब किसान अपने खेत की खतौनी और आधार कार्ड लेकर समिति पर आए।खाद उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिनके नाम खेत की खतौनी है। तमाम ऐसे बुजुर्ग किसान हैं, जिनके नाम खेत की खतौनी तो है, लेकिन वे समितियों पर अपने बेटे, भाई या परिजनों को भेजकर खाद मंगा लेते थे। नया आदेश बुजुर्ग किसानों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। परियर सहकारी समिति के कर्मचारी शेखर ने जानकारी दी कि उनके पास कुल 200 बोरी यूरिया खाद उपलब्ध है, डीएपी खाद नहीं है पोटास है लेकिन यूरिया खाद के साथ नैनो तरल यूरिया भी किसानों को देने की बाध्यता से किसान इंकार करते हैं।

सॉफ्टवेयर डेवलपर ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर में निजी अपार्टमेंट निवासी आईआईटी के सॉफ्टवेयर डेवलपर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने बारीकी से घटना स्थल का निरीक्षण किया जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा गया। मूल रूप से महाराष्ट्र के जलगांव कोठडी निवासी 25 वर्षीय दीपक चौधरी आईआईटी में सॉफ्टवेयर डेवलपर था वह जयपुर निवासी अमन गुप्ता के साथ कल्याणपुर के गोवा गार्डन स्थित निजी अपार्टमेंट में रहता था। सोमवार सुबह दीपक चौधरी का शव पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिस टीम ने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। आईआईटी के तमाम लोग भी पहुंचे। जिसके बाद दिवंगत के स्वजनों को घटना की जानकारी देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा गया। साथी अमन ने वह और दीपक एक ही प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे। रात को खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में जाकर सो गया था।सुबह घटना की जानकारी हुई। दीपक के परिजनो को सूचना दी गई है, मंगलवार तक स्वजनों के पहुंचने की उम्मीद है। कल्याणपुर इंस्पेक्टर अजय प्रकाश ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा गया है।

शिवराजपुर में दुकानें हटाने की नोटिस के खिलाफ प्रदर्शन में कांग्रेस के शक्ति पांडे ने पहुंच व्यापारियों में जोश भरा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे में व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक वर्मा मार्केट में आयोजित की गई। व्यापारियों ने नगर पंचायत और पीडब्ल्यूडी प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई पर चिंता जताई। पीडब्ल्यूडी ने जीटी रोड के दोनों तरफ 90-90 फीट नापकर व्यापारियों को 7 दिन के अंदर दुकानें हटाने का नोटिस जारी किया है। व्यापारियों का कहना है कि वे आजादी से पहले से यहां काबिज हैं। नगर पंचायत प्रति माह प्रत्येक दुकानदार से 100 रुपये टैक्स भी वसूलती है।

व्यापारियों ने बताया कि नगर पंचायत प्रशासन पहले ही नाले और फुटपाथ के नाम पर कई दुकानें तोड़ चुका है। वर्तमान चेयरमैन ने नगर पंचायत कार्यालय को कस्बे से 3 किलोमीटर दूर स्थानांतरित कर दिया है। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर पूर्व विधायक नेकचंद पांडेय के पुत्र और कांग्रेस नेता शक्ति पांडेय ने व्यापारियों को समर्थन का आश्वासन दिया। वे सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं और उन्होंने व्यापारियों की लड़ाई निःशुल्क लड़ने का वादा किया है। बैठक में महेश दुबे, सतीश दीक्षित, राकेश शुक्ला, अवधेश अवस्थी, अरविंद तिवारी, सुनील बाजपेई, आशीष गुप्ता, हनीफ खान, सुरेश खान समेत कई प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

सदनों की घोर अव्यवस्था राष्ट्रीय चिंता का विषय

शब्द की मार बड़ी है। शब्द को गाली गलौज के लिए उपयोग करना निंदनीय है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में लिखा है कि, शब्द को निश्चित स्थान पर रखने से भाव बदलते हैं। लेकिन मान्यवर नहीं सुनते। संकट बड़ा है। इसे राष्ट्रीय शर्म, निन्दनीय और लज्जाजनक बताने मात्र से परिवर्तन नहीं होगा। दलतंत्र शब्द आक्रमण से नहीं डरता। आरोप-प्रत्यारोप ही उसका मुख्य कौशल है। लोकसभा चुनाव में हजारों प्रत्याशी टिकटार्थी कतारबद्ध रहते हैं। पार्टी के टिकट पर सांसद विधायक बनने के प्रत्याशी होते हैं।

तमाम प्रयासों के बावजूद संसद ठीक से नहीं चल रही है। इसी तर्ज पर राज्यों के विधान मण्डल भी हल्ले-गुल्ले का शिकार हो रहे हैं। बीते बुधवार व गुरुवार को संसदीय कार्यवाही में बाधा डाली गई। कुछ निर्वाचित प्रतिनिधियों ने सदन में विधेयकों की प्रतियां फाड़ दीं। बाधा-व्यवधान के कारण संसद और विधान मण्डल में कार्य दिवस घटे हैं। शांतिपूर्ण बहसें नहीं होतीं। पूरा मानसून सत्र घोर अव्यवस्था का शिकार हुआ। मानसून सत्र में लोकसभा सिर्फ 37 घंटे ही चली और राज्यसभा में कुल 41 घंटे 15 मिनट काम हुआ। मूलभूत प्रश्न है कि क्या भारतीय संसदीय व्यवस्था पूरी तौर पर असफल हो गई है? क्या इसको बचाने के लिए कोई उपाय हैं? सदनों की घोर अव्यवस्था राष्ट्रीय चिंता है। समय-समय पर लोकसभा के अध्यक्ष के नेतृत्व में इस विषय पर गंभीर चर्चा होती रहती है। पिछली लोकसभा के समय देश के सभी विधानसभा अध्यक्षों, पीठासीन अधिकारियों और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारियों का एक सम्मेलन गुजरात के केवड़िया में हुआ था। गंभीर चर्चा हुई थी। इसके पहले भी लगभग हर साल सदनों के व्यवधान पर पीठसीनों के सम्मेलनों में गंभीर चर्चा हुई थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदनों के व्यवधान की समस्या पर विचार-विमर्श के लिए समिति बनाई थी। मैं इस समिति का संयोजक बना था। एक विधायक के रूप में मैंने 6 कार्यकाल सदन की कार्यवाही को निकट से देखा है। सदनों में अव्यवस्था व व्यवधान की समस्या को आसानी से नहीं सुलझाया जा सकता। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श जरूरी है। संसद और विधानमण्डल अपने कार्य संचालन की प्रक्रिया के स्वामी हैं। संविधान में संसद परिपूर्ण विचार स्वातंत्र्य है। कार्यवाही की विधि मान्यता प्रक्रियागत त्रुटि के आधार पर चुनौती न दिए जाने के अधिकार हैं। संसदीय कार्यवाही में अध्यक्ष, पीठासीन का निर्णय सर्वोपरि माना जाता है। अध्यक्ष की एक विशेष गरिमा है। इस गरिमा का मूल आधार तटस्थता और निष्पक्षता है। दलबदल कानून को लेकर अध्यक्षों पर कई सवाल उठे हैं। बात सर्वोच्च न्यायपीठ तक पहुंची है। यह गरिमा का विषय ही था कि एक समय लोकसभा अध्यक्ष आयंगर ने कहा था कि, मैं एक दल और दूसरे दल में भेद नहीं करता।÷ लेकिन उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल से त्यागपत्र दे दिया। कांग्रेस के सदस्य बने रहे। संसदीय प्रणाली में आत्म रूपांतरण की शक्ति होती है, लेकिन आत्मसुधार बहुत आसान नहीं होता। स्वयं को अनुशासित बनाए रखना अग्नि पर चलने जैसा कष्ट साध्य है। कुछ परिस्थितियां ऐसी हैं, जिनमें अध्यक्ष, पीठासीन के सामने चुनौती होती है। सरकार सदनों में बजट के सारे बिन्दु रखती है। बजट का पारण महत्वपूर्ण संसदीय कार्य है, लेकिन सदनों के भीतर होने वाले शोरगुल और व्यवधान बहस का समय खा जाते हैं। तब भारी व्यवधान के बीच ही बजट का पारण होता है। बजट के महत्वपूर्ण प्रावधान भी बिना बहस पारित होते हैं। यह अच्छी परंपरा नहीं है, लेकिन इसका विकल्प भी नहीं है। विधेयक पारित कराना सरकार की प्राथमिकता है। अव्यवस्थित सदन में बजट पर विचार नहीं हो पाता। समाज को प्रभावित करने वाले विधायकों पर चर्चा नहीं होती। व्यवस्थित सदन में बिना बहस बजट का पारण होता रहा है। ऐसे ही संसदीय व्यवस्था पिटती रही है। व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप बहुत खतरनाक होते हैं। असहमति के अधिकार बेशक प्रत्येक के पास होते हैं, लेकिन असहमति और शत्रुता में फर्क करना चाहिए। देश के प्रायः सभी सदनों में व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप लगते हैं।

एक्सप्रेस आलेख

विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत में 2 से चार करोड़ के बीच बांग्लादेशी घुसपैठिए मौजूद हो सकते हैं। इसके अलावा भारत में करीब 40,000 से एक लाख तक रोहिंग्या मुसलमान भी रह रहे हैं, जिन्हें केंद्र सरकार सुरक्षा खतरे के रूप में चिन्हित कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने साफ कहा है कि पूरे देश में घुसपैठियों की सटीक संख्या बताना असंभव है क्योंकि वे दस्तावेज़ जालसाज़ी करके पहचान-पत्र बना लेते हैं और समाज में घुलमिल जाते हैं। इसके बाद भी अनुमान और पकड़े गए मामलों से यह तस्वीर साफ होती है कि समस्या बहुत व्यापक और गंभीर है। हाल ही में बिहार के भागलपुर में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम मतदाता सूची में पाए गए।

बिहार से बंगाल तक घुसपैठ पर प्रधानमंत्री की गहरी चोट

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री ने बिहार और बंगाल से जो संदेश दिया है, वह पूरे देश के लिए चेतावनी है। अगर समय रहते निर्णायक कदम न उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए समस्या और विकराल हो जाएगी। लोकतंत्र की बुनियाद यह है कि देश का भविष्य उसके असली नागरिक तय करें। घुसपैठियों के हाथ में देश की डोर देना किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बिहार एवं पश्चिम बंगाल के प्रवास के दौरान जिस एक बात पर प्रमुखता से जोर दिया वह है घुसपैठ। उन्होंने जब यह कहा कि भारत का भविष्य घुसपैठिए तय नहीं करेंगे, बिहार के युवाओं का रोजगार छीना नहीं जाएगा और बंगाल को घुसपैठ से मुक्त कराना है, तो यह सिर्फ एक राजनीतिक नारा नहीं कहा जाएगा। वस्तुत यह भारत की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक संरचना और लोकतंत्र की बुनियाद से जुड़ी आज की एक अहम चिंता है, जिसका कि समाधान हर हाल में होना जरूरी है। उन्होंने जनता से सीधे पूछा है कि क्या आप यह बर्दाश्त करेंगे कि कोई घुसपैठिया आपकी जमीन पर कब्जा कर ले, आपका रोजगार छीन ले और आपकी बहन-बेटियों की सुरक्षा पर हमला कर दे? देखा जाए तो यह सवाल सिर्फ बिहार और बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हर राज्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है, जहां पर आज घुसपैठियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। प्रधानमंत्री ने इसे डेमोग्राफी मिशन के रूप में सामने रखा है और स्पष्ट किया है कि जल्द ही यह मिशन शुरू होगा, हर घुसपैठिए की पहचान होगी और उन्हें देश से बाहर निकालकर ही दम लिया जाएगा। वैसे घुसपैठ देश के सामने केवल सुरक्षा चुनौती नहीं है, यह हमारी सामाजिक संरचना, संसाधनों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सीधा हमला है। इसकी भयावहता आप इससे समझ सकते हैं कि देश के अकेले राज्य बिहार के सीमांचल क्षेत्र के ज़िलों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया और अररिया में पिछले दो दशकों के दौरान जनसंख्या का संतुलन बदल चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी ज़मीन पर कब्ज़े हो रहे हैं और रोज़गार पर बाहरी लोग हावी हो रहे हैं। बंगाल में मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर जैसे ज़िलों की तस्वीर पहले ही बदल गई है! यही सच; प्रधानमंत्री के शब्दों में गूंजता है, जब वे कहते हैं कि हम बिहार और बंगाल की डेमोग्राफी को घुसपैठियों के हाथों बदलने नहीं देंगे। ताजा आंकड़े बताते हैं कि समस्या बहुत गंभीर है। गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 में जुलाई तक पश्चिम बंगाल में 723 घुसपैठियों को पकड़ा गया। 2024 में यह संख्या 1,694 थी और 2023 में 1,547। यह भले ही गिरावट दिखाता है, लेकिन यह तो उन लोगों का आंकड़ा है, जिन्हें बहुत प्रयासों से ढूंढ़ ढूंढ़ कर पकड़ा गया है। वस्तुत यह एक राज्य की स्थिति है, इसी प्रकार से हर राज्य में साल भर में जितने घुसपैठिए पकड़े जाते हैं, यदि उनकी संख्या जोड़ेंगे तो यह हजारों और लाखों तक जा पहुंची है । आज इस बात के पुख्ता प्रमाण है कि हजारों हजार लोग सीमा पार कर भारत में घुस रहे हैं। असम सरकार ने तो हाल ही में बड़ा कदम उठाते हुए अक्टूबर 2025 से वयस्कों के आधार पंजीकरण को रोकने तक का आदेश दिया है ताकि घुसपैठिए पहचान-पत्र हासिल कर भारतीय नागरिक बनने का रास्ता न निकाल सकें। इसके लिए विशेष एसओपी तैयार की गई है, जिसमें विदेशी ट्रिब्यूनल, पुलिस और

हर दल, हर नागरिक एक स्वर में जब कहेगा कि भारत में घुसपैठ को अब ना है, तभी यह समस्या देश से समाप्त हो सकेगी, अन्यथा तो प्रधानमंत्री मोदीजी हों या कोई अन्य, देश घुसपैठ से मुक्त नहीं होगा और इस घुसपैठ के चलते भारत का जो मूल निवासी है।

खुफ़िया एजेंसियों से जांच होगी। यह फैसला दिखाता है कि राज्य सरकारें अब कितनी सतर्क हो गई हैं। देशव्यापी स्तर पर देखें तो 2017 से 2022 के बीच 14,346 विदेशी नागरिकों को भारत से निर्वासित किया गया। मगर यह केवल हिमशैल का ऊपरी हिस्सा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत में 2 से चार करोड़ के बीच बांग्लादेशी घुसपैठिए मौजूद हो सकते हैं। इसके अलावा भारत में करीब 40,000 से एक लाख तक रोहिंग्या मुसलमान भी रह रहे हैं, जिन्हें केंद्र सरकार सुरक्षा खतरे के रूप में चिन्हित कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने साफ कहा है कि पूरे देश में घुसपैठियों की सटीक संख्या बताना असंभव है क्योंकि वे दस्तावेज़ जालसाज़ी करके पहचान-पत्र बना लेते हैं और समाज में घुलमिल जाते हैं। इसके बाद भी अनुमान और पकड़े गए मामलों से यह तस्वीर साफ होती है कि समस्या बहुत व्यापक और गंभीर है। हाल ही में बिहार के भागलपुर में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम मतदाता सूची में पाए गए। इसी प्रकार से समय समय पर कई फर्जी नाम सामने आते रहे हैं, वस्तुत यह कोई मामूली घटना नहीं बल्कि लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा हमला है। पश्चिम बंगाल में कई बार रिपोर्ट आई है कि मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम दर्ज हो रहे हैं। यह केवल वोटों की चोरी नहीं बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ धोखा है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि कांग्रेस और आरजेडी जैसे दल बिहार के लोगों का हक छीनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। ऐसा नहीं है कि ये घुसपैठ की समस्या सिर्फ भारत के साथ ही है, वस्तुत दुनिया के तमाम विकसित देश भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर लाखों अवैध प्रवासियों को रोकने के लिए दीवार खड़ी की जा रही है, यूरोप में सीरिया और अफ्रीका से आए शरणार्थियों ने राजनीतिक संकट खड़ा कर दिया है। ब्रिटेन और फ्रांस में अवैध प्रवास चुनावी मुद्दा बन चुका है। यहां सभी के लिए समझने वाली बात यह है कि जब दुनिया के बड़े देश घुसपैठ को लेकर इतने सख़्त हो सकते हैं तो भारत कैसे आंखें मूँद सकता है? प्रधानमंत्री का यह कहना कि भारत भी अब ज्यादा बर्दाश्त नहीं कर सकता, बिल्कुल सही है। आज घुसपैठ का सवाल भारत के वर्तमान और भविष्य से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने बिहार और बंगाल से जो संदेश दिया है, वह पूरे देश के लिए चेतावनी है। अगर समय रहते निर्णायक कदम न उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए समस्या और विकराल हो जाएगी। लोकतंत्र की बुनियाद यह है कि देश का भविष्य उसके असली नागरिक तय करें। घुसपैठियों के हाथ में देश की डोर देना किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है, इसलिए यह जरूरी है कि इस बारे में राजनीति से ऊपर उठकर सोचा जाना चाहिए। हर दल, हर नागरिक एक स्वर में जब कहेगा कि भारत में घुसपैठ को अब ना है, तभी यह समस्या देश से समाप्त हो सकेगी, अन्यथा तो प्रधानमंत्री मोदीजी हों या कोई अन्य, देश घुसपैठ से मुक्त नहीं होगा और इस घुसपैठ के चलते भारत का जो मूल निवासी है, वह अपने हक चोरी होने की स्थिति में हमेशा संघर्षरत ही रहेगा, जोकि उसका मूल चरित्र नहीं है। जो उसका हक है, वह उसे मिले इसके लिए सभी जब संयुक्त प्रयास देश हित में करेंगे तभी इस घुसपैठ समस्या से निजात पाई जा सकती है। अब फैसला हमकों करना है, क्या चाहते हैं हम घुसपैठ से निजाद या इसी तरह से संघर्ष में जीवन जीना और दोष अपनी सरकारों को देना कुल कहना यही है कि भारत का भविष्य भारतीयों के हाथ में रहना चाहिए, न कि अवैध घुसपैठियों के कब्ज़े में।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	तृतीया 13:57 तक
नक्षत्रः	हस्त 29:58 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	मंगलवार
योगः	साध्य, 12:02 तक
सूर्योदयः	05:59
सूर्यास्तः	18:44
चंद्रमाः	कन्या राशि में
राहुकालः	15:33-17:09
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1947
मासः	भाद्रपद
शुभ मुहूर्तः	11:56-12:47

जन एक्सप्रेस

रहे उसी पर ध्यान !

जो मिला है काम ।
रहे उसी पर ध्यान ।।
इधर उधर भटकाने से ।
है गिरता सम्मान ।।
बन रहा समूह लगता ।
भ्रम का मायाजाल ।।
चेते ना अभी अगर ।
होगा बुरा हाल ।।
देखें अपना क्षेत्र ज़रा ।
कैसा पड़ा अकाल ।।
हर तरफ से आप पर ।
उठते हैं सवाल ।।
साथ साथ इस जोश के ।
होश को ठुकराया ।।
गुणा भाग ना कर जाए ।
पूरा ही सफाया ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

मुंह में छाले से राहत पाने के लिए इस्तेमाल करें 5 हर्ब्स, मिलेगा आराम

मुंह के छाले एक ऐसी समस्या है, जो किसी भी व्यक्ति को काफी परेशान कर सकती है। मुंह में छाले होने पर कुछ भी खाने या पीने में काफी परेशानी होती है। इतना ही नहीं, कई बार लोगों को बोलने में भी दिक्कत हो सकती है। एक दो बार छाले होना आम बात है। लेकिन, अगर बार-बार मुंह में छाले होते हैं तो ये शरीर में होने वाले हार्मोनल समस्याओं या पेट की गर्मी के कारण हो सकती है। इतना ही नहीं मुंह में छाले होने के पीछे अन्य कई कारण हो सकते हैं। डॉ. श्रेय शर्मा के अनुसार, ÷मुंह में छाले की समस्या से राहत पाने के लिए आप कुछ जड़ी-बूटियों का सेवन नियमित रूप से कर सकते हैं, जो न सिर्फ आपके मुंह के छालों से राहत दिलाते हैं, बल्कि आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।÷

नीमः नीम में एंटी-बैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो मुंह में होने वाले छालों के इलाज में बहुत उपयोगी माने जाते हैं। मुंह में छालों की समस्या में इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाकर छालों पर लगाने से इसका आकार कम करने और दर्द से राहत पाने में मदद मिलती है। इतना ही नहीं, नीम के पानी से गरारे करने से भी छालों को जल्दी ठीक किया जा सकता है। यह आपके मुंह के अंदर के बैक्टीरिया को खत्म करने और छालों से राहत दिलाने में

काफी उपयोगी होते हैं।

फिटकरीः फिटकरी का इस्तेमाल कई समय से आयुर्वेद में मुंह के छालों को ठीक करने के लिए औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। फिटकरी में सूजन कम करने और दर्द से राहत दिलाने वाले गुण होते हैं। छाले से राहत पाने के लिए आप फिटकरी के एक छोटे से टुकड़े को पानी में घोलकर उससे मुंह धाएं, ऐसा करने से छाले जल्दी ठीक हो जाते हैं। इसके अलावा, फिटकरी को छाले पर हल्का सा रगड़ने से भी राहत मिल सकती है।

कथ्थाः कथ्था एक तरह का नेचुरल पदार्थ है, जो अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। इसका इस्तेमाल मुंह के छालों को ठीक करने के लिए भी बहुत उपयोगी माना जाता है। कथ्था में सूजन कम करने और घाव भरने वाले गुण होते हैं, जो छालों को जल्दी ठीक करने में मदद कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल छालों के कारण होने वाली जलन को भी शांत करने में फायदेमंद है।

खैर की छालः खैर की छाल का इस्तेमाल आयुर्वेद में मुंह के छालों के इलाज के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। खैर की छाल में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंह में छालों के कारण होने वाली सूजन को कम करने और दर्द से राहत दिलाने में काफी फायदेमंद होते हैं। मुहं के छाले से राहत पाने के लिए आप खैर की छाल का पाउडर पानी में मिलाकर उससे कुल्ला कर सकते हैं, इससे आपको राहत मिलेगी।

बबूलः बबूल की छाल और पत्तियों का इस्तेमाल भी आयुर्वेद में मुंह के छालों से राहत दिलाने में काफी उपयोगी माना जाता है। बबूल की छाल को पानी में उबालकर उससे कुल्ला करने से मुंह के छालों से जल्दी राहत मिल सकती है। जबकि बबूल की पत्तियों का सेवन छालों के कारण मुंह में होने वाली सूजन को कम करने और इंफेक्शन से लड़ने में काफी फायदेमंद माना जाता है।

त्रिफलाः आयुर्वेद में त्रिफला एक बेहतरीन औषधि के रूप में कई समस्याओं में इस्तेमाल किया जाता है। यह आमतौर पर आंवला, बहेड़ा और हरितकी को मिलाकर तैयार किया जाता है। यह औषधि मुंह के छालों को ठीक करने में भी काफी अच्छी मानी जाती है। त्रिफला में एंटी-ऑक्सिडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंह के छालों को ठीक करने में मदद करते हैं।

एक्सप्रेस विशेष

इक्षक : जलमार्गों की सुरक्षा का स्वदेशी प्रहरी

योगेश कुमार गोयल

जो भारतीय नौसेना की विविध आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। 'इक्षक' भारतीय नौसेना का पहला ऐसा एसवीएल सर्वे वेसल लार्ज पोत है, जिसमें महिला अधिकारियों और नाविकों के लिए विशेष आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

भारतीय नौसेना की बढ़ती सामरिक क्षमताओं और समुद्री प्रभुत्व को सुदृढ़ करने की दिशा में उस समय एक और मील का पत्थर जुड़ गया, जब स्वदेशी तकनीक से निर्मित आधुनिकतम सर्वेक्षण पोत (एसवीएल) 'इक्षक' को आधिकारिक रूप से नौसेना को सौंप दिया गया। 'इक्षक' का अर्थ है 'मार्गदर्शक' और यह नाम अपने आप में प्रतीकात्मक है क्योंकि इस जहाज का मूल उद्देश्य ही समुद्री मार्गों, नौवहन चैनलों तथा गहरे समुद्री क्षेत्रों का सटीक सर्वेक्षण कर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। यह पोत भारतीय नौसेना के लिए न केवल सामरिक दृष्टि से बल्कि तकनीकी और औद्योगिक आत्मनिर्भरता की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय नौसेना के लिए युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा तैयार किया गया यह पोत गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कोलकाता में निर्मित हुआ है। जीआरएसई द्वारा निर्मित यह 802वां जहाज और 113वां युद्धपोत है। इससे पहले इस श्रेणी के दो पोत 'आईएनएस संध्याक' और 'आईएनएस निर्देशक' क्रमशः दिसंबर 2023 और अक्टूबर 2024 में नौसेना को सौंपे गए थे। चार पोतों की इस श्रृंखला में 'इक्षक' तीसरा पोत है जबकि चौथा पोत अगले वर्ष तक नौसेना में सम्मिलित होने की संभावना है। 'इक्षक' की नींव 6 अगस्त 2021 को रखी गई थी और इसे 26 नवंबर 2022 को लांच किया गया था। निर्माण से लेकर डिलीवरी तक इस जहाज में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों और सामग्री का उपयोग किया गया है। यह आंकड़ा अपने आप में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाता है कि भारत अब महत्त्वपूर्ण समुद्री प्लेटफार्मों को विदेशी निर्भरता के बजाय स्वदेशी संसाधनों से निर्मित करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'इक्षक' की डिलीवरी 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की दिशा में एक ठोस प्रमाण है। इस पोत के निर्माण में बड़ी संख्या में भारतीय उद्योग, एमएसएमई और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया, जिससे न केवल रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को बल मिला बल्कि देश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रोत्साहन मिला। 'इक्षक' का विस्थापन लगभग 3400 टन है और इसकी कुल लंबाई 110 मीटर है। यह आकार इसे अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत बनाता है। यह पोत उन्नत हाइड्रोग्राफिक और समुद्र विज्ञान संबंधी अनुसंधान कार्यों को संपन्न करने के लिए आवश्यक स्थिरता और क्षमता प्रदान करता है। इस पोत का ढ़ांचा आधुनिक एकीकृत निर्माण तकनीक से निर्मित किया गया है, जो मजबूती और टिकाऊपन सुनिश्चित करता है। भारतीय शिपिंग रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों का पालन करते हुए इसका डिजाइन तैयार किया गया है। 'इक्षक' अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें समुद्र की गहराईयों और तलछट की उच्च गुणवत्ता वाले आंकड़े संकलित कर उनका डिजिटल विश्लेषण करने के लिए डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली, बिना मानवीय चालक के गहरे पानी में विस्तृत सर्वेक्षण और निगरानी करने में सक्षम स्वायत्त जल वाहन, कठिन जल क्षेत्रों में भी रियल टाइम निगरानी और सर्वेक्षण में मददगार दूर से संचालित वाहन, समुद्री मानचित्रण की सटीकता बढ़ाने हेतु लंबी दूरी की पोजिशनिंग प्रणाली डीजीपीएस, समुद्री तल की संरचना और अवरोधों का विस्तृत डिजिटल चित्र तैयार करने में सहायक डिजिटल साइड-स्कैन सोनार प्रमुख हैं। इन उपकरणों के माध्यम से 'इक्षक' बंदरगाहों, तटीय क्षेत्रों और गहरे समुद्री मार्गों का व्यापक सर्वेक्षण कर सकता है। यह नौवहन चैनलों और समुद्री मार्गों के निर्धारण में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त यह जहाज रक्षा और नागरिक उद्देश्यों के लिए समुद्र विज्ञान संबंधी और भू-भौतिकीय आंकड़े भी एकत्र करेगा। 'इक्षक' दो समुद्री डीजल इंजनों द्वारा संचालित है। यह 18 नॉट (लगभग 33 किलोमीटर प्रति घंटा) से अधिक की गति प्राप्त कर सकता है। फिक्स्ड-पिच प्रोपेलर के साथ-साथ धनुष और स्टर्न थ्रस्टर्स भी इसमें लगाए गए हैं, जो इसे कम गति पर भी अत्यधिक स्थिरता और सटीक संचालन क्षमता प्रदान करते हैं। यह विशेषता सर्वेक्षण अभियानों के दौरान अत्यंत उपयोगी है क्योंकि ऐसे अभियानों में धीमी और स्थिर गति पर काम करना आवश्यक होता है। 'इक्षक' का प्राथमिक उद्देश्य यद्यपि जल सर्वेक्षण और नौवहन चैनलों का निर्धारण है, फिर भी यह पोत बहुआयामी भूमिका निभाने में सक्षम है।

यह प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत सामग्री पहुंचाने, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और बचाव कार्यों के लिए अस्पताल जहाज की तरह कार्य कर सकता है, सीमित स्तर पर सैन्य अभियानों में भाग लेने में सक्षम है। यह पोत एक हेलीकॉप्टर ले जाने और उसके संचालन का समर्थन करने में भी सक्षम है। इस प्रकार 'इक्षक' केवल सर्वेक्षण पोत ही नहीं बल्कि एक बहुउद्देशीय मंच है।

अवैध डग्गामार वाहनों पर नकेल
पीलीभीत पुलिस की सराहनीय पहल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में सड़क सुरक्षा और जनहित को केंद्र में रखकर पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा विशेष यातायात अभियान निश्चित रूप से सराहनीय कदम है। सोमवार, 25 अगस्त 2025 को यातायात पुलिस ने जिलेभर में अवैध व डग्गामार वाहनों के खिलाफ व्यापक चेकिंग अभियान चलाकर एक दिन में ही 112 वाहनों के चालान किए, जिनमें 18 डग्गामार वाहन और अन्य 94 वाहन शामिल रहे। इस कार्रवाई के तहत 1,89,000 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। अक्सर देखने में आता है कि डग्गामार वाहन बिना किसी पंजीकरण और मान्यता के न केवल अवैध रूप से संचालित होते हैं, बल्कि क्षमता से कहीं अधिक सवारी बैठाकर सड़क पर दौड़ते हैं। इससे न केवल दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है, बल्कि आम यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। ऐसे में पुलिस की यह कार्रवाई आमजन के लिए राहतकारी है।

जनता की सहभागिता आवश्यक

इस अभियान की सफलता तभी स्थायी होगी जब जनता भी पुलिस के साथ सहयोग करेगी। सस्ते किराए और जल्दी पहुँचने की लालसा में लोग अक्सर डग्गामार वाहनों का सहारा लेते हैं। यदि नागरिक स्वयं नियमों का पालन करें और अवैध वाहनों का उपयोग न करें, तो सड़कें और अधिक सुरक्षित हो सकती हैं। पीलीभीत पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान प्रशंसनीय है। इससे न केवल अवैध परिवहन पर अंकुश लगेगा, बल्कि आने वाले दिनों में जनपद में सड़क सुरक्षा और बेहतर होगी। यह प्रयास इस बात का उदाहरण है कि जब पुलिस सख्ती और संवेदनशीलता, दोनों दृष्टिकोण से काम करे, तो समाज में सकारात्मक बदलाव अवश्य आता है।

कानून और अनुशासन की स्थापना, भविष्य के लिए संदेश

यातायात पुलिस का यह प्रयास केवल जुर्माना वसूली तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पुलिस टीम ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। यह पहल दर्शाती है कि प्रशासन का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि समाज में अनुशासन और सुरक्षा की भावना को गहराई तक स्थापित करना है। पुलिस की यह मुहिम यह संदेश देती है कि अब नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क पर चलने वाला हर वाहन नियमबद्ध हो और यात्री सुरक्षित हों, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है, जिसे निभाने की दिशा में यह अभियान एक मजबूत कदम है।

भूमि अधिग्रहण का विरोध, गांव राजापुर के किसानों ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शहर से सटे ग्राम राजापुर में किसानों की उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण किए जाने का मामला गरमाता जा रहा है। सोमवार को बड़ी संख्या में राजापुर के किसान भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के बैनर तरह कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में किसानों ने भूमि अधिग्रहण को रद्द किए जाने की मांग की। किसानों ने बताया कि पहले ही उनकी जमीन अलग-अलग कारणों से पांच बार सरकार अधिग्रहीत कर चुकी है। अब छठी बार आवास विकास अधिग्रहण की कार्यवाही कर रहा है। किसानों की बिना सहमति के खतौनी पर उनकी जमीनें आवास विकास के नाम दर्ज कर दी गईं। इसको लेकर किसानों में भारी रोष है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा ने बताया कि यदि जल्द से जल्द अधिग्रहण आदेश रद्द करके खतौनी पर किसानों की भूमि उन्हीं के नाम दर्ज नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बड़ी संख्या में किसान पैदल मार्च कर लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास तक जाने को विवश होंगे।

पीडीए पंचायत, अंबेडकर के विचारों को घर-घर पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य: दिव्या पी. गंगवार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बीसलपुर 130 विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों बकैनियां, रामपुर अमृत, खजुरिया निभीराम, कनपरा और कनपरी में सोमवार को आयोजित पीडीए पंचायत ने ग्रामीण राजनीति में नई ऊर्जा का संचार किया। इस पंचायत की सबसे खास बात रही महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार की सशक्त उपस्थिति और उनके नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब। इस अवसर पर अपने संबोधन में दिव्या गंगवार ने सीधे भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि ÷भाजपा पूरी तरह जनविरोधी है। सत्ता में आने के बाद उसने गरीब, मजदूर और पिछड़े समाज को कठिनाइयों में धकेल दिया है। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की मार से आम जनता त्रस्त है।÷साथ ही उन्होंने समाजवादी सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि किसानों के उत्थान, गरीबों की मदद, महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं को अवसर देने में सपा सरकार ने हमेशा ठोस कार्य किए हैं।

बाबा साहेब के विचारों को पहुँचाने का संकल्प

पंचायत का मुख्य उद्देश्य संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना रहा। इस मौके पर पीडीए कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे गांव-गांव, गली-गली और घर-घर जाकर बाबा साहेब का संदेश फैलाएंगे ताकि समाज में समानता, भाईचारा और न्याय की मजबूत नींव रखी जा सके। ग्राम पंचायतों में जुटी भारी भीड़ के बीच दिव्या गंगवार का संबोधन और उनका आह्वान लोगों के दिलों को छू गया। मंच से उतरने के बाद भी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। युवा महिलाओं और छात्राओं ने विशेष उत्साह के साथ उनका स्वागत किया, जिससे साफ झलक रहा था कि ग्रामीण राजनीति में उनका प्रभाव लगातार गहराता जा रहा है।

बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी

इस पंचायत में चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, मलखान सिंह वर्मा, भूदेव गंगवार, ओमपाल गंगवार, जदवीर सिंह, सुनील कश्यप, पुत्तू लाल, जमुना प्रसाद तिवारी, जयपाल सिंह, अनिल कुमार, हरिओम वर्मा, बद्री प्रसाद, प्रेमपाल यादव, रामशरण, सुमित, ओंकार भारती, विमला देवी, अशोक वर्मा, रजनीश यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। बीसलपुर की यह पंचायत सिर्फ राजनीतिक आयोजन भर नहीं रही, बल्कि इसने यह साबित कर दिया कि दिव्या गंगवार अब महिला मोर्चे की नेता भर नहीं, बल्कि जमीनी राजनीति की नई धुरी बनती जा रही हैं। उनके नेतृत्व में पीडीए का यह संकल्प निश्चित ही आने वाले दिनों में राजनीतिक समीकरणों को नई दिशा देगा।

बी.पी.मंडल ने सदैव वंचितों, शोषितों और पिछड़ों की आवाज बुलंद की और सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी

पीलीभीत में श्रद्धा से मनाई गई बी.पी. मंडल जी की जयंती, समाजवादी पार्टी कार्यालय में वंचितों और पिछड़ों के अधिकारों की लड़ाई को किया याद

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

महान समाजवादी नेता, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल (बी.पी. मंडल) जी की जयंती सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए और मंडल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की, जबकि संचालन सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि बी.पी. मंडल ने सदैव वंचितों, शोषितों और पिछड़ों की आवाज बुलंद की और सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी।

जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि मंडल जी का जीवन समाजवादी मूल्यों और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में समानता और भाईचारे की स्थापना करनी है। इस अवसर पर सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह, सपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, 127 सदर विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी, एडवोकेट धनपति वर्मा व डॉ. राममूर्ति गंगवार, जिला सचिव असलम यार खां एडवोकेट, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष रियाज़ खां, युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, भगवानदास सागर, जोवनप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह, दिनेश कुमार वर्मा, भगवानदीन वर्मा, गुरविंदर सिंह गिल, मंजीत सिंह, सुमित कुमार, महेश कुमार, शमीम खां, राजाराम वर्मा, सुमित वर्मा, बेचेलाल वर्मा और सुमित पाल समेत बड़ी संख्या में नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में एक स्वर से यह संकल्प लिया गया कि समाजवादी विचारधारा और मंडल जी के बताए मार्ग पर चलकर वंचित समाज के अधिकारों की रक्षा की जाएगी और सामाजिक न्याय को और मजबूत किया जाएगा।

बाढ़ के स्थाई समाधान के लिए प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

- प्रस्तावित सेतु के दोनों ओर तटबंध बनाने की मांग, नेपाल से पानी आने के बाद फिर तबाही मचा रही शारदा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

ट्रांस शारदा क्षेत्र के प्रधानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर बनाए जाने वाले सेतु के दोनों और तटबंध बनाने की मांग रखी। इसके साथ ही सेतु निगम परियोजना की जानकारी के लिए कार्यदाई संस्था के साथ ग्राम प्रधानों की बैठक कराने कहा गया। प्रधानों ने कहा करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी बाढ़ से निपटने का स्थाई समाधान नहीं हो सका। नेपाल से आने वाला बेहिसाब पानी शारदा नदी में मिलकर बाढ़ के स्थिति पैदा करता है। सोमवार को चंदिया हजारा के ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू के नेतृत्व में कई ग्राम प्रधान तहसील पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में प्रधानों ने कहा कि ट्रांस शारदा क्षेत्र के दोनों और दर्जनों ग्राम पंचायत मौजूद हैं। हर साल शारदा नदी भू कटान करती है जिसमें फैसले बर्बाद हो रही है। ग्रामीण भुखमरी के कगार पर पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि शारदा नदी में बनबसा बैराज से छोड़े जाने वाली पानी की मात्रा की जानकारी प्रशासन के पास होती है लेकिन नेपाल से आने वाले वाले पाने की जानकारी प्रशासन के पास न होने से इसका अनुमान नहीं लग पाता है। यही पानी शारदा में मिलकर तबाही का कारण बनता है।वर्तमान में भी शारदा नदी ने तबाही मचाना शुरू कर दी है। सिद्ध नगर और हजारा के कई किसानों की गन्ने की फसल नदी में समा चुकी है। यही हाल रहा तो पूरा ट्रांस क्षेत्र जमीदोज हो जाएगा। प्रधानों ने कहा कि हर साल बाढ़ से निपटने के लिए दो-चार करोड़ की बाढ़ बचाव परियोजनाएं आती हैं लेकिन उनसे बाढ़ का स्थाई समाधान नहीं हो पता। सेतु परियोजना स्वीकृत होने के बाद उसका काम भी शुरू हो चुका है। प्रस्तावित सेतु के दोनों और तटबंध न बनाए जाने से क्षेत्र और सेतु दोनों असुरक्षित रहेंगे। इस दौरान प्रधानों ने मांग रखी कि शारदा नदी में प्रस्तावित सेतु के दोनों और तटबंध बनाया जाए। इसके साथ ही बरसात के बाद सर्वे कर वृहद परियोजना स्वीकृत की जाए। शारदा नदी में प्रस्तावित सेतु निगम की कार्यदाई संस्था और बाढ़ खंड कि क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानों के साथ संयुक्त बैठक जिलाधिकारी के अध्यक्षता में कराई जाए जिससे प्रधानों को सेतु निगम की परियोजना की पूरी जानकारी हो सके और वह इस पर अपने सुझाव भी रख सकें। प्रधानों ने हर साल होने वाले भू कटान का स्थाई समाधान करने की मांग की जिससे कि ग्रामीण अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए जीवन यापन कर सके।

जेसीआई फुटबॉल लीग फाइनल- अकाल एकेडमी गोमती ने खिताब जीता

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जेसीआई वीक उत्सव 2.0 - 2025 के तहत आयोजित जेसीआई फुटबॉल लीग का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला सोमवार, 25 अगस्त को गांधी स्टेडियम, पिलीभीत में खेला गया। रोमांच और जोश से भरे इस निर्णायक मैच में अकाल एकेडमी गोमती ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अकाल एकेडमी कजरी को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से मात देकर चैम्पियनशिप अपने नाम की।

फाइनल मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ से लेकर मैच के अंतिम क्षण तक दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन गोलकीपर्स की बेहतरीन बचाव क्षमता के आगे हर कोशिश नाकाम रही। निर्धारित समय तक स्कोर बराबरी पर रहने के बाद मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा। यहां अकाल एकेडमी गोमती के खिलाड़ियों ने बेहतरीन संयम और सटीकता दिखाते हुए 4-2 से जीत दर्ज की।

विजेता खिलाड़ियों को होगा सम्मान.....

इससे पूर्व लीग के सेमीफ़ाइनल मुकाबले 22 अगस्त को गांधी स्टेडियम में खेले गए थे। फाइनल जीतने वाली टीम व अन्य खिलाड़ियों को 30 अगस्त को जेसीआई वीक उत्सव 2.0 - ग्रेटर डे अवॉर्ड सेरेमनी, रामा गार्डन पिलीभीत में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के साथ-साथ लकी ड्रॉ में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। फाइनल मुकाबले में बड़ी संख्या में दर्शक और जेसीआई से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें जेसीआई पिलीभीत मिडटाउन के अध्यक्ष अमन अग्रवाल, सचिव जपनीत सिंह, जेसीआई वीक उपाध्यक्ष अभिजीत आनंद सिंह, पूर्व अध्यक्ष हर्ष कंचन एवं शंतम देव, वीक संयोजक शुभम शुक्ला, पार्थ मित्तल, शुभम गोयल, प्रवाल अग्रवाल सहित करन भल्ला, शिवेश बंसल और शंतनु कंचन शामिल रहे।

जेसीआई वीक के स्टेज इवेंट आज से.....

फुटबॉल लीग के बाद अब जेसीआई वीक उत्सव 2.0 - 2025 का दूसरा चरण आरंभ हो रहा है। मंगलवार से रामा गार्डन, पीलीभीत में स्टेज इवेंट की शुरुआत होगी। उद्घाटन कार्यक्रम के रूप में शाम 4 बजे से सोलो डांस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

अपर पुलिस अधीक्षक ने साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता और विवेचनाओं की समीक्षा पर दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने थाना न्यूरिया का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया और विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों से शस्त्र खोलने-बाँधने का अभ्यास भी कराया गया। थाना परिसर में उगी हुई घास को कटवाकर स्वच्छता बनाए रखने, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई, अभिलेखों को अद्यतन रखने, कर्मचारियों की बैरिक व शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने के मेस में भोजन ग्रहण किया और उसके स्वाद व गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि कर्मचारियों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान विवेचकों के साथ बैठक भी की गई। इसमें अपराध नियंत्रण की रणनीति, लंबित विवेचनाओं की समीक्षा और प्राप्त प्रार्थना पत्रों व आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

डिब्बे में सांप को बंद कर अस्पताल पहुंचे प्रधान कहा मेरी पत्नी को इसी सांप ने डसा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

ईसानगर क्षेत्र में दरिगापुर गांव के प्रधान अनुराग मौर्य की पत्नी पूनम को सांप ने डस लिया। यह देख प्रधान ने सांप को पकड़ डिब्बे में बंद कर लिया। वह डिब्बे में बंद सांप और पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचे।

डॉक्टर ने पूनम का इलाज शुरू किया। समय से इलाज मिलने पर उनकी जान बच गई। वहीं डिब्बे में बंद सांप को देखकर डॉक्टर ने कहा कि यह वायपर प्रजाति का है। यह सांप काफी जहरीला होता है।दरिगापुर गांव निवासी ग्राम प्रधान अनुराग मौर्य की पत्नी पूनम मौर्य शनिवार रात कमरे में जा रही थी। इसी दौरान बेड के पास मौजूद वाइपर सांप ने उनके पैर में डस लिया। सांप को देखकर वह चीख पड़ी। प्रधान अनुराग दौड़कर कमरे में पहुंचे। उन्होंने सांप को पकड़कर डिब्बे में बंद कर लिया। पत्नी को तत्काल लेकर सीएचसी खमरिया पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सक ने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया, जिससे उनकी जान बच गई।उक्त खबर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

एक्सप्रेस खबरें...

महर्षि वाल्मीकि चौक बनवाने के लिए चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सोमवार को महा ऋषि वाल्मीकि युवा समिति ने नगर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इसमें कस्बे में महर्षि वाल्मीकि चौक का निर्माण कराने और महर्षि की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग की गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष अमन वाल्मीकि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि महान ऋषि और आदि कवि थे। समाज के लिए उनके योगदान को देखते हुए नगर में उनकी प्रतिमा स्थापना आवश्यक है। इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और समाज में जागरूकता व एकता को बढ़ावा मिलेगा।ज्ञापन में कह गया कि नगर के सम्मान और सांस्कृतिक गौरव की दृष्टि से जल्द से जल्द महर्षि वाल्मीकि चौक का निर्माण कराया जाए। इसके साथ ही पूरे समाज ने मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना में नगर पालिका को मिले 3.30 करोड़ रुपये से अम्बेडकर पार्क एवं स्टडी सेंटर के लिए धनराशि स्वीकृत कराने पर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।चेयरमैन ने भव्य महर्षि वाल्मीकि चौक के निर्माण का आश्वासन दिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, भाजपा नेता मनोज पासवान, सभासद सौरभ सक्सेना, सभासद प्रतिनिधि हनीफ, विवेक तिवारी, संरक्षक निशु वाल्मीकि, अध्यक्ष अमन वाल्मीकि,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग राज, अभिषेक वाल्मीकि, उपाध्यक्ष जितेंद्र वाल्मीकि और विशाल वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि एसडीएम ने दिलाई छात्र सांसदों को शपथ

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सोमवार को नगर के आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें प्रधानमंत्री, सेनापति कन्या भारती की पदाधिकारी छात्राओं और पचास छात्र सांसदों का शपथ दिलाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, विद्यालय के उपप्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, हर्ष गुप्ता, अनूप गुप्ता और प्रधानाचार्य अजय गौड़ मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। नवनिर्वाचित छात्र प्रधानमंत्री कुशाग्र अवस्थी , कन्या भारती प्रधानमंत्री समीक्षा वर्मा, सेनापति निर्दोष भारती, न्यायधीश दिव्य चित्रांश,कन्या भारती की सेनापति विधि पांडे ,सेना पति निवेदिता को मुख्य अतिथि एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने अपने दायित्व के प्रति निष्ठा और ईमानदारी की शपथ दिलाई। सभी नव निर्वाचित सांसदों को भी मुख्य अतिथि ने शपथ दिलाई और इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में छात्रों को अवगत कराया। मोहित अवस्थी ने सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को समय प्रबंधन और सहजता सरलता का पाठ पढ़ाते हुए अपने कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति सजग रहने की सीख दी।

जनपद खीरी में लगभग 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में केले की खेती की जा रही

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

नत्थू लाल शुक्ला प्रगतिशील नवोन्मेषी कृषक, ग्राम रोरवा, विकास खंड - मोहम्मदी लखीमपुर खीरी द्वारा कृषि के क्षेत्र में दो दशक से सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जनपद में केले की खेती के सूत्रधार के रूप में नत्थू लाल शुक्ला व स्वर्गीय खेमकरन वर्मा, जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, निवासी अली नगर द्वारा वर्ष 2002 में गुजरात से 1000 केले के पौधे लाये गये थे। दोनों प्रबुद्ध जन द्वारा 500-500 केले के पौधे अपने-अपने खेतों पर रोपित किए गए। आज से 23 साल पहले की गई पहल का परिणाम है कि आज जनपद में लगभग 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में केले की खेती की जा रही है।वर्तमान में अधिकांशतः टिशु कल्चर से उत्पादित जी 9 प्रजाति के केले की खेती की जा रही है।नत्थूलाल शुक्ला द्वारा 3 एकड़ में लगाए गए केले की फसल दीपावली से पहले तैयार हो जाएगी वहीं 3 एकड़ में केले के नये पौधे जुलाई में रोपित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त ड्रैगन फ्रूट, तेजपत्ता, राम केला आम (अचार) आदि के पौधे भी प्रक्षेत्र पर लगे हुए हैं।एक एकड़ क्षेत्रफल में 6म6 वर्ग फीट के आधार पर 1250 पौधों की रोपाई की जाती है। 10 महीने में फ्लावरिंग तथा अगले 3 महीने में केला परिपक्व हो जाता है।इस प्रकार केले की फसल 13 महीने में तैयार हो जाती है। एक पौधे से औसतन 25 किलोग्राम केले का कच्चा फल प्राप्त होता है। एक एकड़ में लगभग 50 पौधे क्षतिग्रस्त माने जाने पर 1200 केले के पौधों से 30,000 किलोग्राम फल को औसतन 15 रुपए प्रति किलोग्राम की विक्रय दर से 4.5 लाख रुपए का रिटर्न प्राप्त होता है।1 एकड़ से रुपए 1.25 लाख की लागत को घटाने पर 3.25 लाख का शुद्ध लाभ प्राप्त हो जाता है। वहीं 1एकड़ में गन्ने की फसल से 300 कुंतल की औसत पैदावार से 1.10 लाख का रिटर्न प्राप्त होता है। गन्ने की लागत को रिटर्न से घटाने पर प्रति कुंतल 50 से 60 रुपए की शुद्ध बचत होती है। इस प्रकार एक एकड़ में अधिकतम 20 से 25 हजार ? की बचत होती है, जो केले की तुलना में काफी कम है। गन्ने से विपरीत मौसमी दशा में भी रिटर्न प्राप्त हो जाता है जबकि केला, आंधी तूफान आदि के लिए उतना प्रतिरोधी नहीं है।टिशु कल्चर से उत्पन्न केले के पौधों की रोपाई से अच्छी आय प्राप्त होती है जबकि इसके सकर के द्वारा ली जाने वाली फसल में उर्वरक की आवश्यकता बढ़ जाती है तथा बनाना बीटल से बचाव के लिए कीटनाशी के प्रयोग से लागत अधिक हो जाती है। गन्ने की खेती में भूमि से पोषक तत्वों का उपभोग ज्यादा होता है, वहीं केले की खेती से मृदा स्वास्थ्य का उतना क्षरण नहीं होता है। हिंदी विषय से परास्नातक तथा बेसिक शिक्षा परिषद से सेवानिवृत्त होने के बावजूद कृषि को समर्पित खीरी के ऐसे कृषि ब्रांड एंबेसडर के कृषि विविधीकरण माडल का जनपद के अन्य कृषकों द्वारा अनुकरण किए जाने की आवश्यकता है।

नशीली दवा के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

सूत्रों की मानें तो ठूठीबारी का एक युवक अवैध नशा कारोबार में सक्रिय, नेपाल के अवैध बाजार तक जुड़ा है उसका तार

- पुलिस प्रशासन ने नेपाली युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जनपद के ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन और एसएसबी की संयुक्त टीम ने अवैध तस्करी व नशीले पदार्थ रोकथाम को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने राजाबारी गांव के समीप से एक संदिग्ध नेपाली युवक के कब्जे भारी मात्रा ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बड़ी खेप बरामद किया है। मामले में पुलिस ने आरोपित गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपी एस एक्ट केस दर्ज किया है। सूत्रों की माने तो ठूठीबारी का एक युवक जो अवैध नशा कारोबार में संलिप्त और सक्रिय है, उसका तार पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के अवैध बाजार तक जुड़ा हुआ है। ऐसे में नशा का मास्टरमाइंड सुरक्षा एजेंसियों के पकड़ से कोसो दूर है। मिलीं जानकारी के मुताबिक 22वी वाहिनी एसएसबी और ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से सीमावर्ती क्षेत्र में चेकिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम ने एक संदिग्ध युवक रोककर पूछताछ करते हुए उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की खेप बरामद हुई। जिसमें डायजेपाम इंजेक्शन 80 एम्पुल, ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन 90 एम्पुल, फेनेरगन प्रोमेथाज़िन इंजेक्शन 90 एम्पुल, प्रॉक्सीस्पास कैप्सूल 1000 अदद बरामद हुआ है। वहीं प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए युवक ने स्वीकार किया कि नशीली दवा की खेप भारत से नेपाल राष्ट्र में ले योजना थी। गिरफ्तार युवक की पहचान कृष्णा सिंह उम्र 25 वर्ष पुत्र भीम सिंह निवासी कुसमा पाल्हीनंदन वार्ड नंबर तीन थाना महेशपुर जनपद नवलपरासी नेपाल राष्ट्र के रूप में हुई है। इस संबंध में प्रभारी कोतवाली प्रणव ओझा ने बताया कि प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया है, जिसके विरुद्ध अपराध संख्या 96/2025 धारा 8/21/23 एनडी पीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सामाजिक समरसता के रूप में मनेगी महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस । देवरिया

विश्व हिंदू महासंघ की बैठक रविवार को बाबा सोमनाथ मंदिर परिसर में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि 12 सितंबर को गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता के रूप में मनाई जाएगी। इसके तहत गोरेया घाट स्थित ब्रह्माजी स्थान मंदिर में गोष्ठी और सहभोज का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति होंगे। मंडल प्रभारी बृजेश तिवारी ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन के बाद प्रदेश अध्यक्ष का जिले में यह पहला आगमन होगा। गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ के विचारों और उनकी प्रेरणा से हिंदू समाज को जागरूक करने का कार्य महासंघ करेगा। जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगा। बैठक में सुभाष तिवारी, मीडिया प्रभारी गुड्डू पहलवान, मनोज मिश्रा, विपिन कुशवाहा, राज ठाकुर, गिरजेश तिवारी, गंगासागर, अशोक यादव, रमेश शर्मा, बीरबल चौहान समेत कई पदाधिकारियों ने विचार रखे।

सीएम का निर्देश 'कार्रवाई ऐसी हो...मरीज माफिया याद रखें', अब एक्शन की तैयारी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। जिला अस्पताल और बीआरडी मेडिकल कॉलेज के आसपास चल रही अव्यवस्था और मरीजों की लूटखसोट की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

सरकारी अस्पतालों में गहराई तक जड़ जमा चुके मरीज माफियाओं पर एक बार फिर चाबुक चलाने की तैयारी है। चूंकि मामला सीएम तक पहुंचा है, इसलिए मार भी तेज पड़ने वाली है। रविवार की समीक्षा बैठक में सीएम ने इस प्रकरण में सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। उनका साफ कहना था कि कार्रवाई ऐसी हो, जिसे लोग याद रखें।

इसके बाद से मरीज माफिया ही नहीं उनके संरक्षकों में भी हड़कंप मचा हुआ है। सत्ता बदलने के बाद से माफिया अब चाकू-गोली से लोगों को डराकर जमीन, संपत्ति पर कब्जा नहीं करते बल्कि गंभीर बीमारी, हादसे आदि की वजह से संकट में पड़े जीवन को बचाने सरकारी अस्पताल पहुंचे लोगों को भरोसे में लेकर उनका शोषण कराते हैं।

बदले में शोषण करने वालों से अपना हिस्सा ले लेते हैं। ऐसे माफिया का खेल कभी एंबुलेंस में खुलता है तो कभी बिना प्रशिक्षित डॉक्टर वाले अस्पताल में। इतना ही नहीं, माफिया का प्रभाव दवा से लेकर इंप्लांट खरीद तक पर है। इन मरीज माफिया पर स्वास्थ्य महकमे से जुड़े लोगों के अलावा कुछ संभ्रांत लोगों की मेहरबानी भी चर्चा में रहती है।

मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। जिला अस्पताल और बीआरडी मेडिकल कॉलेज के आसपास चल रही अव्यवस्था और मरीजों की लूटखसोट की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। खासकर दवा माफिया और अस्पताल परिसरों के बाहर अवैध तरीके से संचालित मेडिकल स्टोर्स पर शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है।

सीएम ने साफ निर्देश दिया है कि अस्पताल के भीतर और आसपास दवा माफिया और दलालों का पूरी तरह से सफाया किया जाए। अस्पतालों में आने वाले गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों को पारदर्शी और किफायती इलाज मिल सके, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को जवाबदेह बनाया गया है। अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने बैठक में सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था ठीक रखने और बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इंसेफेलाइटिस, डेंगू जैसी बीमारियों पर रोकथाम के लिए स्वच्छता पर भी विशेष जोर देने का निर्देश दिया गया है।

कस्टम विभाग के उच्चाधिकारियों ने सोनौली बॉर्डर का किया निरीक्षण

आयात-निर्यात व राजस्व व्यवस्था की ली जानकारी, जांच प्रणाली और तकनीकी सुधार पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज

भारत-नेपाल सीमा स्थित सोनौली बॉर्डर पर सोमवार को दिल्ली सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्स एंड कस्टम्स (CBIC) के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक दिवसीय दौरा किया। अधिकारियों ने यहां कस्टम कार्यालय का निरीक्षण कर आयात-निर्यात, राजस्व व्यवस्था तथा तस्करी रोकथाम से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की। दौरे के दौरान योगेंद्र गर्ग, मेम्बर इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्स एंड कस्टम्स दिल्ली ने सोनौली कस्टम कार्यालय के अभिलेखों की जांच की और नेपाल जाने वाले माल की जांच प्रक्रिया को परखा। उन्होंने अधिकारियों से आयात-निर्यात से जुड़ी विस्तृत जानकारी ली और कहा कि जांच प्रणाली को और पारदर्शी व सशक्त बनाने के लिए तकनीक का बेहतर उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बॉर्डर पर ट्रकों की जाम की समस्या और माल की जांच प्रक्रिया को व्यवस्थित किया जाए, ताकि व्यापारियों व आम लोगों को अनावश्यक दिक्कतों का सामना न करना पड़े। गर्ग ने ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिक से अधिक प्रक्रियाओं को डिजिटल किया जाएगा, जिससे कार्य में पारदर्शिता और तेजी आएगी। निरीक्षण के दौरान संजय गुप्ता (चीफ कमिश्नर, दिल्ली), रणजीत कुमार (कमिश्नर, लखनऊ), तपन कुमार (एडिशनल डायरेक्टर), ऋग्वेद ठाकुर (संयुक्त आयुक्त आईटी एवं CBIC), वैभव कुमार सिंह (ज्वाइंट डायरेक्टर डेटा मैनेजमेंट), अनीश गुप्ता (एडिशनल कमिश्नर, पटना), पुनीत गुनावत (ज्वाइंट कमिश्नर, अमृतसर), सुधीर कुमार त्यागी (असिस्टेंट कमिश्नर, सोनौली), अरुण कुमार पांडेय (इंस्पेक्टर SSB) सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

कसया में बनेंगी तीन सड़कें, पाथवे व आरसीसी नाला भी

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर सात सिद्धार्थनगर मल्लूडीह में 55 लाख रुपये खर्च करके नगरपालिका परिषद आरसीसी रोड, पाथवे, स्लैब और आरसीसी नाला का निर्माण कराएगी। इससे वार्ड के लोगों को आवागमन की सुविधा बढ़ने के साथ-साथ जलभराव से निजात मिलेगा। हल्की बारिश में भी मोहल्ले के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसकी मांग काफी दिनों से लोग कर रहे थे। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर सात में सिद्धार्थनगर (मल्लूडीह) मुहल्ले में वार्ड के लोग काफी दिनों से जल निकासी के लिए नाली और आवागमन के लिए सीसी रोड और सड़क के किनारे पाथवे और स्लैब बनवाने की मांग कर रहे थे। नगरपालिका ने इस मुहल्ले के लोगों की जनसुविधाओं के लिए योजना बनाकर टेंडर प्रक्रिया शुरू किया है।

विकास प्रशिक्षण हेतु ब्लॉक प्रमुख का चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

- आईआईटी कानपुर में होगा प्रशिक्षण, प्रदेश भर से 50 प्रतिनिधि होंगे शामिल
- महराजगंज जिले से केवल पनियरा ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला को मिला अवसर

जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित नेतृत्व एवं प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु पनियरा के ब्लाक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला का चयन हुआ है। यह प्रशिक्षण 26 अगस्त से 30 अगस्त तक आईआईटी कानपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से चुने गए 50 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

इस प्रशिक्षण के पहले बैच में 12 जिला पंचायत अध्यक्ष, 15 अपर मुख्य अधिकारी (जिला पंचायत), 4 कार्य अधिकारी, 13 ब्लॉक प्रमुख, 5 खंड विकास अधिकारी और 1 जिला कार्यक्रम प्रबंधक शामिल किए गए हैं। विशेष गौर करने वाली बात यह है कि महराजगंज जिले से मात्र पनियरा के ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला को ही अवसर मिला है। यह उपलब्धि न सिर्फ पनियरा ब्लॉक, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों की नेतृत्व क्षमता, कार्यकुशलता और प्रबंधन कौशल को और अधिक सशक्त बनाना है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह का प्रशिक्षण उन्हें आधुनिक तकनीक, प्रबंधन प्रणाली और नीतिगत योजनाओं की गहन जानकारी देगा, जिससे वे अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कर सकेंगे। जन एक्सप्रेस संवाददाता को महराजगंज जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा ने बताया कि पनियरा खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले का प्रतिनिधित्व इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मजबूती से हो सके। वही ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। यह प्रशिक्षण मेरी व्यक्तिगत क्षमताओं को निखारेगा और पनियरा के विकास कार्यों को और भी मजबूती प्रदान करेगा। मेरा प्रयास रहेगा कि प्रशिक्षण से जो ज्ञान और अनुभव मिलेगा, उसका लाभ सीधे क्षेत्र की जनता को मिले।

चार वर्षों में बदली पनियरा की तस्वीर

बीते चार वर्षों में उनके नेतृत्व में पनियरा ब्लॉक का कायाकल्प हुआ है। ब्लॉक परिसर को हाईटेक बनाकर उन्होंने डिजिटल सुविधा, स्वच्छता और पारदर्शिता पर जोर दिया है। उनके कार्यकाल में ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण, पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन, महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जैसे अनेक उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

ब्लॉक प्रमुख के चयन पर लोगों में खुशी की लहर

ब्लॉक प्रमुख के चयन की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष सतीश सिंह, पूर्व प्रधान राम लखन सिंह, प्रधान अमरजीत यादव, प्रधान अनिल यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गणेश प्रजापति, पूर्व प्रधान राजेश पाल, प्रधान डी.एन. गुप्ता, अखिलेश जायसवाल, सुनील चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

प्रिंसिपल पर टीचर ने लगाया ये गंभीर आरोप, शासन की टीम करेगी जांच- 3 सदस्य गठित

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

शिकायती पत्र में बताया कि उनकी सैनिक स्कूल में बतौर शिक्षक के पद पर तैनाती सितंबर 2025 को हुई थी। उनका चयन प्रतिनियुक्ति के तौर पर गोरखपुर के सैनिक स्कूल में हुआ है। वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं लेकिन प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ अग्निवेश पांडे उन्हें मानसिक व भावनात्मक रूप से परेशान करते हैं।

सैनिक स्कूल के एक शिक्षक की शिकायत पर प्रधानाचार्य के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। यह शिकायत विद्यालय के टीजीटी विज्ञान के शिक्षक ने की थी। 6 अगस्त को की गई लिखित शिकायत में शिक्षक ने प्रधानाचार्य के खिलाफ शिक्षक की बेटी (विद्यालय की कैडेट भी है) पर आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया था।

शिक्षक ने शिकायती पत्र माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबी देवी के साथ ही मंडलायुक्त, डीएम और अन्य अधिकारियों को भी भेजा था। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने मामले की जांच के लिए 24 अगस्त को तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। शिकायती पत्र में बताया कि उनकी सैनिक स्कूल में बतौर शिक्षक के पद पर तैनाती सितंबर को हुई थी। उनका चयन प्रतिनियुक्ति के तौर पर गोरखपुर के सैनिक स्कूल में हुआ है। वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं लेकिन प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ अग्निवेश पांडे उन्हें मानसिक व भावनात्मक रूप से परेशान करते हैं।

उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को विद्यालय में एक प्रकरण के संबंध में प्रधानाचार्य उनके कक्ष में आए और अपने ऑफिस में बुलाया। ऑफिस में पहुंचने पर उन्होंने स्कूल की एक घटना का जिक्र किया फिर उनकी बेटी पर अभद्र टिप्पणी की।

शिकायती पत्र की जांच के संबंध में जानकारी नहीं है। अगर कोई शिकायत हुई है और टीम गठित हुई है तो जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। शिकायत के संदर्भ में जानकारी नहीं है।

हम भी पता करवाएंगे कि आखिर मामला क्या है: डॉ अग्निवेश पांडेय, प्रधानाचार्य, सैनिक स्कूल

सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य के विरुद्ध शासन को भेजे गए प्रार्थना पत्र को शासन ने गंभीरता से लिया है। मामले की जांच कृष्ण कुमार गुप्ता, विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में गठित टीम करेगी। इसके अलावा लखनऊ के कैप्टन मनोज कुमार पांडेय उप्र सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य कर्नल राजेश राघव और गोरखपुर मंडलायुक्त की ओर से नामित एक महिला अधिकारी सदस्य बनाई गई हैं।

शाम पांच बजे के बाद नहीं मिलती बस

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

नगर स्थित रोडवेज बस स्टेशन पर शाम होने के बाद कसया से देवरिया जाने के लिए पर शाम होने के बाद बस का संचालन नहीं होता है, जिससे यात्रियों को 35 किलोमीटर दूर ई-रिक्शा से यात्रा करना पड़ता हैं। जिससे आर्थिक खर्च भी बढ़ जाता है। कसया नगर से देवरिया जाने के लिए दिन में आठ अनुबंधित और दो निगम की बसे लोगों की सुविधा के लिए चलाए जाने का दावा निगम के अधिकारियों की ओर से किया जाता है, लेकिन वहीं सवारियों की मानें तो दिन में दो-दो घंटे इंतजार करने के बाद बस मिलता है। शाम साढ़े पांच बजे के बाद कोई बस नहीं मिलती है। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बाद में ई-रिक्शा से 35 किमी यात्रा करना पड़ता है। जिससे लोगों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमेशा आशंका बनी रहती हैं।

सड़क पर जेसीबी से हो रही थी खुदाई, फंसा बिजली का तार- गिर गए 3 पोल

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

स्थानीय नागरिकों के अनुसार खारिया पोखरा की शराब गद्दी गली में सुबह लगभग 10 बजे से स्थानीय पार्षद के सहयोग से गली में जल भराव वाले क्षेत्र में मिट्टी डालने का कार्य चल रहा था, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। इसी दौरान लगभग 10:30 बजे के आसपास जेसीबी के पिछले हिस्से में बिजली का तार फंस गया।

शाहपुर उपकेंद्र के बशारतपुर स्थित खरैया पोखरा में सुबह 10:30 सड़क पर मिट्टी डाल रही जेसीबी में बिजली का तार फंस जाने के कारण तीन पोल सड़क पर गिर गए। अचानक लाइन से लगे तीनों पोल गिरने से बड़ा हादसा होते होते बचा। गनीमत रही कि किसी तरह के जान-माल की क्षति नहीं हुई।

सूचना के बाद बिजली निगम ने गिरे तीनों पोल की जगह नए पोल लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस दौरान लगभग 100 घरों की बिजली आपूर्ति गुल हो गई है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार खारिया पोखरा की शराब गद्दी गली में सुबह लगभग 10 बजे से स्थानीय पार्षद के सहयोग से गली में जल भराव वाले क्षेत्र में मिट्टी डालने का कार्य चल रहा था, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

इसी दौरान लगभग 10:30 बजे के आसपास जेसीबी के पिछले हिस्से में बिजली का तार फंस गया। तार को निकालने के चक्कर में एक पोल जमीन पर गिर गया। इसके बाद शार्ट सर्किट होने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस दौरान पोल से सटे थोड़ी दूरी पर लगे दो पोल और गिर गए। उसी समय रास्ते से स्कूल से घर जा रही एक बच्ची तथा उसके पिता हादसे का शिकार होने से बच गए।

ये पूरा घटना स्थानीय लोगों के सीसीटीवी कैमरे में पूरी कैद हो गई। स्थानीय निवासी दुर्गेश वर्मा ने बताया कि जेसीबी वाले की गलती से यह तीनों पोल गिरा है। बिजली जाने से हम सभी बिजली पानी के लिए परेशान हैं।

वहीं, स्थानीय निवासी ओंकार नाथ सिंह ने बताया कि बिजली के खंभे गिरने से अप्रिय घटना घट सकती थी, लेकिन ईश्वर की कृपा से कोई हताहत नहीं हुआ।

शाहपुर के एसडीओ वीके जायसवाल ने बताया कि सुबह 10:30 बजे के आसपास की यह घटना हुई है। जेसीबी के कारण पोल टूटा है। शाहपुर थाने में जेसीबी के खिलाफ तहरीर जेई के द्वारा दी जा रही है। मौके पर तीन नए पोल लगाने का कार्य चल रहा है। शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल होने की संभावना है।

किसानों की आय बढ़ाने का संकल्प है अमृत प्रयास

जन एक्सप्रेस । देवरिया

अमृत प्रयास कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत सभागार में रविवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अमृत प्रयास के तहत लिए गए सात संकल्पों में से प्रथम संकल्प कैश क्रॉप एवं एग्रो प्रोसेसिंग में प्रोत्साहन और प्रयास विषय पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान, विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह व सदर सांसद शशांक मणि ने दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील किसानों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश रहा है जहां किसान अपनी मेहनत और परिश्रम से फसलों का उत्पादन करता है।विशिष्ट अतिथि कामेश्वर सिंह ने कहा कि किसानों को एग्रो-प्रोसेसिंग इकाइयां स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता और अनुदान प्रदान कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, अन्नदाता किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अमृत प्रयास के तहत जो सात संकल्प लिए गए हैं, सदर सांसद द्वारा यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है जो किसानों की फसल का उचित मूल्य दिलाने का कार्य करेगा तथा उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में आश्चर्यजनक बदलाव लाएगा।

विशिष्ट अतिथि कामेश्वर सिंह ने कहा कि किसानों को एग्रो-प्रोसेसिंग इकाइयां स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता और अनुदान प्रदान कर रही हैं। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश रहा है जहां किसान अपनी मेहनत और परिश्रम से फसलों का उत्पादन करता है।

उन्होंने कहा कि जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, अन्नदाता किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अमृत प्रयास के तहत जो सात संकल्प लिए गए हैं, सदर सांसद द्वारा यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है जो किसानों की फसल का उचित मूल्य दिलाने का कार्य करेगा तथा उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में आश्चर्यजनक बदलाव लाएगा।

विशिष्ट अतिथि कामेश्वर सिंह ने कहा कि किसानों को एग्रो-प्रोसेसिंग इकाइयां स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता और अनुदान प्रदान कर रही हैं।

दुर्गा शक्ति पीठ का होगा सुंदरीकरण

जन एक्सप्रेस । देवरिया

नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो पिपरा नाजिर में सोहनाग धाम जाने वाले मार्ग पर स्थित दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर और ब्रह्म स्थान का 55 लाख रुपये से सुंदरीकरण किया जाएगा। जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेंगे। बंधन योजना के तहत होने वाले इस कार्य के लिए शासन ने पहली किस्त भी जारी कर दी है। नगर पंचायत ने टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली है। उम्मीद है कि नवरात्र से पहले सुंदरीकरण का काम पूरा कर लिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो पिपरा नाजिर वार्ड स्थित प्राचीन दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर और ब्रह्म स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

सपा नेता हाउस अरेस्ट, 'कंठी पट्टी' पर पुलिस का घेरा

जन एक्सप्रेस । देवरिया

सोमवार सुबह सपा नेता संजय कुमार मल्ल कंठी पट्टी आवास पर अचानक बघौचघाट पुलिस पहुंच गई और संजय मल्ल को समर्थकों के साथ घर में ही बैठा दिया और कहा आज आप को घर से बाहर नहीं जाना है आप को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है।

संजय मल्ल गोरखपुर स्थित बाबू केदार सिंह स्मारक के बचाओ आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे। गोरखपुर स्थित बाबू केदार सिंह स्मारक बचाओ आंदोलन में शामिल होने जा रहे सपा नेता संजय कुमार मल्ल को पुलिस ने उनके आवास कंठी पट्टी में हाउस अरेस्ट कर लिया है।संजय मल्ल ने कहा कि सरकार जितना रोक लगाएगी आंदोलन उतना तेज होगा किसी कीमत पर स्मारक को तोड़ने नहीं दिया जाएगा।

सोमवार सुबह सपा नेता संजय कुमार मल्ल कंठी पट्टी आवास पर अचानक बघौचघाट पुलिस पहुंच गई और संजय मल्ल को समर्थकों के साथ घर में ही बैठा दिया और कहा आज आप को घर से बाहर नहीं जाना है आप को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है। संजय मल्ल गोरखपुर स्थित बाबू केदार सिंह स्मारक के बचाओ आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे। कोर्ट के आदेश पर गोरखपुर के गोलघर में स्थित बाबू केदार सिंह स्मारक को तोड़ा जाना है।जिसको बचाने के लिए सोमवार को गोरखपुर में आंदोलन होना है। संजय मल्ल ने हाउस अरेस्ट के बाद कहा कि सरकार का तनाशाही रवैया आंदोलन को रोक नहीं पाएगा। बाबू केदार सिंह स्मारक को हर कीमत पर बचाया जाएगा। सरकार हिटलर शाही दिखा रही हैं कोई व्यक्ति अपनी मांग इस सरकार में नहीं रख पाएगा उसके खिलाफ फर्जी केस दर्ज कर उसका आवाज बंद कर दिया जाएगा। चारों तरफ भय का माहौल बन गया है। इस हाउस अरेस्ट में सुनील मल्ल, राकेश राय, दुर्गेश सिंह, कैलाश पति, रमाशंकर कुशवाहा, मुकेश सिंह, मुराद अहमद सहित सैकड़ों लोग बैठाए गए हैं।

कोतवाली देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 8 घंटे में किया हत्या का खुलासा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत हुई हत्या की घटना का 08 घण्टे के अन्दर खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर आला कत्ल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 25 अगस्त को बताया कि पीड़ित सुनील यादव पुत्र हरीराम निवासी सोनार डीह, थाना कोतवाली देहात, जनपद बलरामपुर द्वारा थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी गई कि पीड़ित का बड़ा भाई रोहित यादव, बहादुरापुर बरवलिया स्थित शराब के ठेके पर मुनीम का कार्य करता था। 24 अगस्त 2025 की देर रात्रि तक जब वह घर नहीं पहुँचा तो खोजबीन करने पर उसकी मोटरसाइकिल बैरही गाँव के पास पुलिया के निकट मिली तथा रोहित घायल अवस्था में खेत में पड़ा हुआ मिला।

उपचार हेतु अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित द्वारा दी गई सूचना में उल्लेख किया गया कि गाँव का ही शिवाकान्त यादव, जो चोरी-छिपे शराब बेचता था और जिसकी शिकायत मृतक रोहित ने आबकारी विभाग से की थी, उसी रंजिश के कारण उसने रोहित की हत्या कर दी है। सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर सुसंगत धाराओं में शिवाकान्त यादव के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

जांच से यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक रोहित यादव पुत्र हरीराम एवं अभियुक्त शिवाकान्त यादव पुत्र पारसनाथ निवासी सोनारडीह, थाना कोतवाली देहात, जनपद बलरामपुर आपस में पटिदार हैं। मृतक रोहित बघनी बहादुरपुर स्थित शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था, जबकि अभियुक्त शिवाकान्त किराने की दुकान चलाने के साथ-साथ चोरी-छिपे शराब की बिक्री भी करता था। 22 अगस्त 2025 को आबकारी विभाग द्वारा शिवाकान्त की

दुकान पर छापेमारी की गई थी, जिसके कारण वह मृतक रोहित से रंजिश रखने लगा।

मृतक रोहित प्रतिदिन रात्रि लगभग 10 बजे दुकान बंद कर अपने घर आता था, जिसका रास्ता जंगल से होकर गुजरता था। घटना की रात अभियुक्त ने मृतक का पीछा किया और मौका पाकर पीछे से लोहे की रॉड से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटनास्थल का निरीक्षण, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान से प्रथम दृष्टया नामजद अभियुक्त शिवाकान्त यादव के विरुद्ध साक्ष्य पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त 2025 को प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी व उनके सहयोगी कर्मचारियों द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत हत्या से सम्बन्धित अभियुक्त शिवाकान्त यादव पुत्र पारस यादव निवासी सोनारडीह थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को फुलवरिया बाइपास के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त शिवाकान्त यादव द्वारा बताया गया कि मृतक रोहित और मैं आपस में पटिदार हैं। रोहित बघनी बहादुरपुर स्थित शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था, जबकि मैं किराने की दुकान चलाता हूँ तथा दुकान पर ही चोरी-छिपे शराब भी बेचता था। रोहित ने मेरी शिकायत आबकारी विभाग में कर दी थी, जिसके आधार पर दिनांक 22 अगस्त 2025 को मेरी दुकान पर आबकारी विभाग द्वारा छापेमारी की गई थी। इसी कारण से मैं रोहित से रंजिश रखने लगा। मृतक प्रतिदिन रात्रि लगभग 10 बजे दुकान बंद कर अपने घर जाता था, जिसका रास्ता जंगल से होकर गुजरता था। घटना की रात मैंने उसका पीछा किया और मौका पाकर पीछे से लोहे की रॉड से वार किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी, व0उ0नि0 अरूण कुमार पाटिल, उ0नि0 अमित चौहान, उ0नि0 श्री अनुप कुमार सिंह, उ0नि0 अनुज कुमार यादव, उ0नि0 ओम प्रकाश यादव, हे0कां0 मुन्ना प्रसाद, कां0अभय मौर्या, कां0 सुधीर कुमार, कां0 धन्नु प्रसाद तथा कां0 जगदीश शामिल थे।

त्यौहारों पर सफाई चूना युक्त सुविधाएं प्रदान करने का पालिकाध्यक्ष ने दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

आदर्श नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में सभी गणेश पूजा कमेटी व पदाधिकारियों के एक बैठक अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस के अध्यक्षता में नगरपालिका परिषद के सभागार में आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को नगर पालिका में आयोजित बैठक में नगर पालिका परिषद बलरामपुर द्वारा सभी पूजा पंडालों पर साफ सफाई चुनाव का छिड़काव प्रतिदिन किया जाये। अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देशों को श्रीगणेश महोत्सव केन्द्रीय समिति एंव गणेश पूजा समितियों के पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए डीपी सिंह बैस ने कहा कि सभी पूजा पंडालों पर विशेष सफाई अभियान व चूने और पानी का छिड़काव किया जाएगा, ताकि पंडाल और मंदिरों के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित हो सके, जिसमें गणपति पूजा समन्वय समिति के अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में मूर्ति पंडालों में 26 अगस्त को रखी जाएगी, पूजा 27 अगस्त को की जाएगी तथा विसर्जन 3 सितंबर को रासी घाट पर विसर्जन किया जाएगा जिसमें डॉ तुलसीष दुबे ने आयोजकों से कहा कि शान्ति पूर्ण ढंग से कार्यक्रम को मनाएं। इस बैठक में अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र मौर्य, गणपति पूजा समन्वय समिति के अध्यक्ष अविनाश मिश्रा,डॉ तुलसीष दुबे, मनोज साहू, अम्बरीष शुक्ला, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक, सभासदों मे सुभाष पाठक, आनंद गुप्ता चिंटू, सुशील साहू बंटी, राघवेंद्र कांन्त सिंह मंटू, नंदलाल तिवारी संदीप मिश्रा, सिद्धार्थ साहू व गौरव मिश्रा, कुन्नू कश्यप, विमल शुक्ला, अरविंद सिंह, राम नारायण यादव लोग अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा शास्त्र विभाग में विभागीय बैठक आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के शिक्षा शास्त्र विभाग के पीजी प्रयोगशाला कक्ष में सोमवार को विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2025-26 में विभाग की ओर से आयोजित होने वाले विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित विभागीय बैठक की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार मौर्य ने की। विभागीय शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ मौर्य ने कहा कि शिक्षक का छात्रों के प्रति मुख्य दायित्व उन्हें ज्ञान प्रदान करना, उनके चरित्र का निर्माण करना, और उनमें सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित

करना है। इसमें विद्यार्थियों की व्यक्तिगत और शैक्षणिक चुनौतियों में मार्गदर्शन करना, उन्हें मूल्यवान कौशल सिखाना, तथा सुरक्षित और सहायक सीखने का वातावरण प्रदान करना शामिल है। प्रभावी शिक्षण के लिए पाठ योजना बनाने, छात्रों का मूल्यांकन करने, उनकी प्रगति को ट्रैक करने और उन्हें रचनात्मक प्रतिक्रिया देने जैसे कार्य भी शिक्षक के दायित्व हैं। विभागीय शिक्षक लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने सत्र 2025-26 में विभाग द्वारा आयोजित होने वाले शिक्षक-अभिभावक बैठक,परामर्शदाता समिति बैठक,विभाग के सर्वश्रेष्ठ स्टूडेंट के लिए बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान विभागीय शिक्षक श्रीनारायण सिंह, डॉ विशाल गुप्त व प्रियंका गुप्ता ने भी अपने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

विद्यालय में छात्र-छात्राओं को दी गई समाजिक व परिवार की जानकारी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में सामाजिक विज्ञान एवं परिवार के प्रकार के बारे में छात्र-छात्राओं को विषय अध्यापिकाओं द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी।

जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में कक्षा-2 के छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी के नेतृत्व में उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय एवं विषय अध्यापिका किरन मिश्रा व उर्वशी शुक्ला की संरक्षता में कक्षा-2 के छात्र-छात्राओं को सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषय में परिवार के महत्व एवं परिवार के प्रकार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया । विषय अध्यापिका किरन मिश्रा व उर्वशी शुक्ला ने कक्षा-2 के समस्त छात्र-छात्राओं को बताया कि सभी समाजों का जन्म पालन पोषण परिवार में होता है बच्चों का संस्कार करने और समाज में आचार-व्यवहार में दीक्षा करने का काम मुख्य रूप से परिवार का होता है। इसके द्वारा समाज की सांस्कृतिक विरासत एक से दूसरे पीढ़ी को हस्तान्तरित होती है। परिवार बच्चों का प्रारंम्भिक शिक्षा संस्था होती है। परिवार में प्यार, मदद और बढ़ने के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है। जब भी हमे जरूरत होती है और जीवन में कठिन दौर आता है तो परिवार हमें सलाह देने में मदद करते है। संयुक्त परिवार बहु पीढ़ी वाले परिवार है। इसमें परिवार का मुखिया घर का बुजर्ग होता है। पारिवारिक सुख एवं

शान्ति के लिए परिवार के सदस्यों के मध्य आपसी स्नेह, विश्वास एवं सम्मान आवश्यक है। इस अवसर पर कक्षा-2 के बच्चों ने अपने परिवार के सदस्यों की भूमिका का निर्वाहन किया जिसमें अहतसाम एवं रूचिता (दादा-दादी), हलाता एवं जयस, सिया व अयांश त्रिवेदी (माता-पिता) सर्वानी एवं सुशांत (चाचा-चाची), परिधि, समध, दैविक व प्रेरणा (बच्चे) एवं सर्वेश एवं काव्या ने अपने-अपने भूमिका का बहुत मार्मिक अभिनय प्रस्तुत किया । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि परिवार समाज की एक इकाई है परिवार से मिलकर ही समाज का निर्माण होता है अगर परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ एवं खुशहाल होंगे तो समाज भी खुशहाल होगा। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित अध्यापिका किरन मिश्रा व उर्वशी शुक्ला उपस्थित रहीं ।

विहिप ने मनाया स्थापना दिवस

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

विश्व हिन्दू परिषद (अतरौली विभाग) के स्वयंसेवकों स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया। प्रांत सह संयोजिका मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी शशिवाला ने अपना मार्गदर्शन दिया।

जिला सह मंत्री डॉक्टर देवेंद्र आचार्य ने स्थापना दिवस के बारे में विस्तार से वर्णन किया। जिला संयोजक मनोज ने हिन्दुओं से अधिक संगठित रहने का आवाहन किया। विभाग सह सेवा प्रमुख योगेश ने सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन कराया। संचालन जिला सह साप्ताहिक मिलन प्रमुख महेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉक्टर भोप सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष अतरौली ओमप्रकाश, प्रखंड संयोजक जवा देशराज व हेमंत, प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य दिगम्बर खान चंद, जिला सुरक्षा प्रमुख अंकुर, दीपक, कुणाल, रोहित, कपिल, अरुण, छोटे लाल, शिव कुमार, गिरीश कुमार, मुकेश आदि मौजूद रहे।

सहयोग व दूसरों के लिए जीना सिखाती है भारतीय संस्कृति

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

नपद बलरामपुर में सोमवार को गायत्री परिवार द्वारा डिवाइन पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजन हेतु विद्यालयों में गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय भ्रमण कर परीक्षा की जानकारी दें रहे हैं। इस अभियान के क्रम गायत्री परिवार जिला सह संयोजक सीताराम वर्मा वा परीक्षा सचिव शिवकुमार कश्यप द्वारा ब्लाक बलरामपुर के मदरसा गुलसने रजा कोयलरा में छात्रों को परीक्षा सम्बन्धी जानकारी देते हुए अपनी संस्कृति व सभ्यता से परिचित कराया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप कुमार श्रीवास्तव व गायत्री शक्तिपीठ के परिवाजक राजकरन द्वारा नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डिवाइन पब्लिक स्कूल बलरामपुर में बच्चों को माता पिता वा गुरु तथा बड़ों का

आदर व सम्मान के लिए प्रेरित किया। परिक्षा सदस्य सुनील कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को 7 नवंबर को होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए आह्वान किया।

गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विद्यालय के प्रबन्धक प्रधानाचार्य आशीष उपाध्याय व शिक्षकों को साहित्य तथा कैलेण्डर प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला सह संयोजक सीताराम वर्मा, वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप कुमार श्रीवास्तव, सचिव शिवकुमार कश्यप, परिव्राजक राजकरन व सदस्य सुनील वर्मा का योगदान रहा।

ब्रह्मकुमारीज ने लगाया रक्तदान शिविर

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस एवं राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अमूल्य योगदान दिया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री शिवनारायण शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वेच्छा से किया गया रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे आपातकालीन परिस्थितियों में एक जीवन बचाया जा सकता है। ब्रह्मकुमारीज संस्था द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ज्ञान सरोवर स्थित केंद्र पर लगी आर्ट गैलरी का अवलोकन किया तथा 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। शिविर में श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बीके वार्ष्णेय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

किसान प्रधान देश में किसानों की समस्याएं चिंता जनक : अक्षय प्रताप

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

बलरामपुर सहित पूरे प्रदेश में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी अकेले चुनाव लड़ेंगी। प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था तथा जन समस्याओं को मुद्दा बनाकर पार्टी चुनाव में उतरेगी।

जिले के एक दिवसीय दौरे पर 24 अगस्त की शाम पहुंचे एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिहं (गोपाल जी) व प्रदेश अध्यक्ष एवं बाबागंज के विधायक विनोद सरोजने जानकारी दी। उन्होंने गेस्ट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक और संगठन विस्तार पर चर्चा सहित पार्टी को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से राय ली। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय महासचिव के एन ओझा, प्रदेश प्रधान महासचिव ब्रृजेश सिहं राजावत, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा बलबीर सिंह राजावत मौजूद रहे। एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिहं (गोपाल जी) ने कहा कि समीक्षा बैठक और संगठन विस्तार पर चर्चा की गई है। साथ ही पार्टी को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पर पार्टी कार्यकर्ताओं से राय ली गयी। आगामी चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि पार्टी बनी है तो चुनाव भी लड़ेंगे। वही यूरिया के किल्लत से जूझते किसानों पर गोपाल जी ने कहा कि यूरिया की किल्लत बहुत है, खाद के रेट बढ़ा दिए गए और उस पर 5 किलो कम कर दिया गया। भारत किसान प्रधान देश है और किसान यंत्र महंगे होते जा रहे है। किसान को सुविधाएं चाहिए।

उन्होंने आगामी चुनाव में गठबंधन को लेकर कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के लोग इस पर फैसला लेंगे की गठबंधन करना है नही। पिछले चुनाव हम अकेले लड़े। प्रदेश मे जितनी पार्टियां है वो गठबंधन में चुनाव लड़ी है। हम एक ऐसी पार्टी जो बिना गठबंधन के 20 सीटों पर चुनाव लड़े फिर भी हमारे 2 एमएलए और एक एमएलसी जीते।

आईबीएम ने अपने ग्लोबल एंट्रेंस टेस्ट का रजिस्ट्रेशन शुरू करने की घोषणा की

जन एक्सप्रेस । आगरा

आईबीएम ने अपने ग्लोबल एंट्रेंस टेस्ट (जीईटी) के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। यह एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, इसके ज़रिए छात्र भारत भर के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश पा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की आखिरी दिनांक 7 सितंबर 2025 है। ऑनलाइन आवेदन डब्लू डब्लू डब्लू डॉट आई बी एम आई सी ई क्यू 2 डी डॉट कॉम पर जमा किए जा सकते हैं। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए है जो एमसीए, एमएससी और एमबीए जैसी पोस्टग्रेजुएट डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं। ये प्रोग्राम आईबीएम के क्यू2डी पाठ्यक्रम के साथ जुड़ा होने के कारण खास हैं। इनको शैक्षणिक भागीदार के साथ मिलकर इस तरह से बनाया गया है जिससे उच्च शिक्षा को उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुसार बनाया जा सके। आईबीएम क्यू2डी सबसे बड़ी पहल है, इसका उद्देश्य प्रोफ़ेशनल की ऐसी नई पीढ़ी तैयार करना है जो एक स्मार्ट धरती बनाने में आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभा सकें। इस पहल में अत्याधुनिक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलजी (सूचना तकनीकी) और अलग-अलग उद्योगों से जुड़ी स्किल को सीधे विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। इस पहल को तकनीक के क्षेत्र में भविष्य की नेतृत्व भूमिकाओं के लिए छात्रों को तैयार करने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह दुनिया भर के विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संगठनों के साथ मिलकर पहले से चले आ रहे पाठ्यक्रम और वास्तविक दुनिया में उद्योगों के अनुभव के बीच की खाई को पाटने का काम करती है।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

सोमवार को डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं शांति व्यवस्था की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी । जिसमे उन्होंने अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं के कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने महिला, बाल अपराधों एवं जघन्य आपराधिक मामलों में लोअर कोर्ट एवं सेशन कोर्ट में प्रभावी ढंग से पैरवी किए जाने एवं अपराधियों को सजा दिलाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुकदमों में निर्धारित तिथि पर ही गवाही कराया जाए।

इस दौरान उन्होंने गैंगस्टर के केसों की भी विस्तृत समीक्षा की एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के मुकदमों, खाद्य विभाग के मुकदमों में भी प्रभावी पैरवी के किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,समस्त एसडीएम अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

लिवर ट्रांसप्लांट : जब दवाइयां और जीवनशैली बदलाव पड़ जाएं कमज़ोर

जन एक्सप्रेस । आगरा

गंभीर लिवर रोग से जूझ रहे लोगों के लिए लिवर ट्रांसप्लांट जीवनरक्षक विकल्प साबित हो सकता है। जब लिवर सही तरीके से काम करना बंद कर देता है, तो दवाइयाँ और जीवनशैली में बदलाव पर्याप्त नहीं होते। ऐसे में लिवर ट्रांसप्लांट मरीजों को एक नई उम्मीद और जीवन देने का माध्यम बन जाता है। लिवर ट्रांसप्लांट एक शल्यक्रिया है जिसमें खराब हो चुके लिवर को स्वस्थ डोनर के लिवर से बदला जाता है। लिवर शरीर से विषैले तत्वों को निकालने, प्रोटीन बनाने और पाचन में मदद करने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य करता है। जब यह अंग असफल हो जाता है तो पूरा शरीर प्रभावित होता है। लिवर की एक अद्भुत विशेषता यह है कि यह स्वयं को पुनर्जीवित कर सकता है। इसी वजह से लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट में डोनर के लिवर का केवल एक हिस्सा मरीज को प्रत्यारोपित किया जाता है और कुछ ही हफ्तों में दोनों का लिवर पूर्ण आकार में वापस आ जाता है। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के एचपीबी सर्जरी एवं लिवर ट्रांसप्लांटेशन विभाग के वाइस चेयरमैन एवं एचओडी डॉ. अभिदीप चौधरी ने बताया कि हर लिवर के मरीज़ को ट्रांसप्लांट की आवश्यकता नहीं होती। यह तभी किया जाता है जब लिवर पूरी तरह काम करना बंद कर देता है। इसके प्रमुख कारणों में हेपेटाइटिस बी या सी से होने वाला सिरोसिस, अल्कोहल से संबंधित लिवर रोग, फैटी लिवर, शुरुआती अवस्था का लिवर कैंसर, जेनेटिक बीमारियाँ जैसे विल्सन डिज़ीज़ और हेमोक्रोमैटोसिस, तथा शिशुओं में बिलियरी एट्रेशिया शामिल हैं।

स्काई इन स्पा मसाज के बहाने देह व्यापार का अड्डा

शहर कोतवाल, चौकी इंचार्ज पर गंभीर सवाल?

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

स्काई इन स्पा बना जिस्मफरोशी का अड्डा

बस्ती की सभ्यता और संस्कृति पर कलंक

स्काई इन स्पा में खुलेआम जिस्मफरोशी, बस्ती की पहचान पर दाग बस्ती की पहचान पर दाग, पुलिस खामोश! चार कदम पर जिस्मफरोशी, पुलिस की आंखें बंद?

स्पा की आड़ में गंदा धंधा, चौकी के पास ही कारोबार!

सभ्यता और समाज पर असर

बस्ती की पहचान पर दाग, पुलिस प्रशासन खामोश चुप्पी

पुलिस अधीक्षक बस्ती से जनहित में कुछ सवाल?

पुलिस चौकी से महज 50 मीटर में चलता है धंधा, क्या पु की है संलिप्तता?

- बड़ेबन स्काई इन स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में चल रहा सेक्स रैकेट, कार्यवाही कब?
- बड़ेबन चौकी से महज 50 मीटर में स्पा की आड़ में जिस्म-फरोशी, पुलिस की चौकसी पर सवाल?

जन एक्सप्रेस। बस्ती

यह वही बस्ती है, जिसे गुरु वशिष्ठ की तपोभूमि कहा गया, जहाँ आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य को नई दिशा दी और जहाँ महाराज दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म संभव किया। यह वही धरती है, जिसकी पहचान विद्वता, आस्था और संस्कृति की धरोहर के रूप में पूरे देश में होती रही है। लेकिन दुखद और शर्मनाक यह है कि आज वही बस्ती स्पा और मसाज सेंटरों की आड़ में देह व्यापार जैसे गंदे कारोबार से कलंकित हो रही है। और सबसे बड़ा सवाल तब उठता है जब यह धंधा किसी अंधेरे कोने में नहीं, बल्कि पुलिस की नाक के ठीक नीचे फल-फूल रहा है।

शहर का स्काई इन स्पा सेंटर, जो बड़ेबन चौकी से महज़ 50 मीटर की दूरी पर स्थित है, खुलेआम जिस्मफरोशी का अड्डा बना हुआ है। यह न केवल कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न है, बल्कि प्रशासन की निष्क्रियता और ढिलाई को भी उजागर करता है। आखिर चौकी इंचार्ज और शहर कोतवाल की नज़र से यह सब कैसे छिपा रह गया? शिकायतें हुईं, चर्चाएँ उठीं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक सन्नाटा है। जिस जिले को विद्वता, संस्कृति और मर्यादा के लिए जाना जाता है, उसी की पहचान पर इस तरह के सेंटर बदनुमा दाग बनकर उभर रहे हैं। यह केवल सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि बस्ती की छवि और सभ्यता पर सीधा हमला है। सवाल अब यही है कि क्या प्रशासन इस कलंक को मिटाने की हिम्मत दिखाएगा या फिर चुप्पी साधकर इसे मौन संरक्षण देता रहेगा?

> स्पा की आड़ में अनैतिक गतिविधियों में लिप्त संचालकों के खिलाफ पुलिस कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगा। ऐसे लोगों को पुलिस की सख्त चेतावनी है कि या तो ये अवैध काम तुरंत बंद करें, या शहर छोड़ दें। कानून की नजर में कोई भी अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ताकि शहर की प्रतिष्ठा और सामाजिक मूल्य सुरक्षित रहें।
>
> **स्वर्णिमा सिंह, डिप्टी एसपी**

सेक्स रैकेट का खुलासा कर सीओ स्वर्णिमा सिंह बनी जनता के लिए मिसाल!

हरैया क्षेत्र में हाल ही में एक बड़े सेक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी मचा दी। इस कार्रवाई का नेतृत्व सीओ स्वर्णिमा सिंह ने किया, जिन्होंने अपनी तत्परता, साहस और पेशेवर दृष्टिकोण से इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से उजागर किया। ऑपरेशन के दौरान दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की गई, जिससे जनता में सुरक्षा और न्याय के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ।

इस खुलासे का सबसे बड़ा असर महिलाओं और युवाओं पर पड़ा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि अब क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की दृढ़ता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। जनता का कहना है कि सीओ स्वर्णिमा सिंह ने यह साबित कर दिया है कि नेतृत्व और जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई करने से कानून का राज कायम किया जा सकता है। इस कदम ने न केवल अपराधियों को चेतावनी दी, बल्कि समाज के लिए सकारात्मक संदेश भी दिया—कि गलत रास्ते पर चलने वालों की जगह कानून के तहत है और ईमानदार नागरिक सुरक्षित हैं। सीओ स्वर्णिमा सिंह की इस कार्रवाई ने हरैया क्षेत्र में पुलिस की छवि को और मजबूत किया और जनता के दिलों में भरोसे की नींव को और गहरा किया।

स्काई इन स्पा सेंटर के कारण, बस्ती की संस्कृति और सभ्यता पर लग रहा कलंक?

बस्ती में तेजी से बढ़ते स्पा सेंटर अब सवालों के घेरे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन सेंटरों की आड़ में गलत गतिविधियाँ पनप रही हैं, जो समाज की नैतिकता और बस्ती की प्रतिष्ठित संस्कृति पर कलंक बन रही हैं। कई नागरिकों का मानना है कि ये सेंटर युवाओं को भटकाने और महिलाओं की सुरक्षा को खतरे में डालने का जरिया बनते जा रहे हैं। समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने प्रशासन को आगाह किया है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में यह समस्या गहरी जड़ पकड़ लेगी। उनका कहना है कि बस्ती की पहचान इसकी संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं से है, लेकिन ऐसे सेंटर उस छवि को धूमिल कर रहे हैं। जनता का स्पष्ट संदेश है कि अब सिर्फ बयानबाज़ी नहीं, बल्कि धरातल पर कड़ी कार्रवाई की ज़रूरत है। लोग चाहते हैं कि इन स्पा सेंटरों की जांच हो, लाइसेंस और गतिविधियों की समीक्षा की जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन और पुलिस ने समय रहते कदम नहीं उठाए तो जनता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

गोपनीय जांच हो तो खुल जाएगी स्थानीय पुलिस की पोल

बस्ती में स्पा सेंटरों और संबंधित गतिविधियों को लेकर अब तक स्थानीय पुलिस सीधे कार्रवाई में असमर्थ रही है। विशेषज्ञ और समाजसेवी मानते हैं कि कई मामलों में स्थानीय स्तर पर मिलीभगत होने की संभावना है। यही कारण है कि केवल उच्च अधिकारियों द्वारा गोपनीय जांच के बाद ही दोषियों के खिलाफ ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।

समाजसेवियों और नागरिकों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते जांच और कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह कलंक और बढ़ सकता है। उनका कहना है कि केवल औपचारिक रिपोर्ट या बयानबाज़ी से समस्या का समाधान संभव नहीं है।

जनता का मानना है कि गोपनीय जांच ही वह माध्यम है, जिससे स्थानीय पुलिस की पोल सामने आएगी और दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। प्रशासन से मांग की गई है कि तुरंत जांच शुरू की जाए, दोषियों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई हो, और बस्ती की संस्कृति, सभ्यता और प्रतिष्ठा को बचाने के लिए स्पष्ट संदेश दिया जाए।

समाज का साफ संदेश है कि यदि उच्चस्तरीय गोपनीय जाँच और कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता खुद सक्रिय हो सकती है। यह कदम बस्ती में न्याय और विश्वास कायम रखने के लिए अनिवार्य है।

हरैया और मड़वानगर में हुआ खुलासा, तो बस्ती शहर में चुप्पी क्यों?

हाल ही में सीओ स्वर्णिमा सिंह के नेतृत्व में हरैया क्षेत्र के एक होटल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। वहीं कुछ महीने पहले पुलिस अधीक्षक ने खुद मोर्चा संभालते हुए मड़वा नगर में बड़े पैमाने पर चल रहे देह व्यापार के नेटवर्क का पर्दाफाश कर बड़ी कार्रवाई की थी। इन कार्रवाइयों ने यह संदेश दिया था कि जिले में गैरकानूनी धंधे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। लेकिन आश्चर्यजनक है कि बस्ती शहर के बीचोंबीच, चौकी से महज़ कुछ कदम की दूरी पर खुलेआम चल रहे स्काई इन स्पा के धंधे पर नज़र डालने की किसी को फुर्सत नहीं है। तो क्या कार्रवाई सिर्फ दिखावे के लिए होती है? क्या पुलिस बड़े खुलासों के नाम पर सुर्खियाँ बटोरकर शांत बैठ जाती है और जो धंधे पुलिस चौकी के साए में पलते हैं, उन्हें मौन संरक्षण मिलता है? यह सवाल जनता के बीच गूंज रहा है और इसका जवाब देने से पुलिस बच नहीं सकती।

चौकी इंचार्ज और कोतवाल की भूमिका पर गहरे सवाल?

बड़ेबन चौकी के पीछे 50 मीटर की दूरी पर स्काई इन स्पा का संचालन होना कोई छोटी बात नहीं है। यह साबित करता है कि या तो चौकी इंचार्ज और कोतवाल की नज़रें जानबूझकर फेर ली गई हैं या फिर इस धंधे को संरक्षण प्राप्त है। दोनों ही स्थिति में यह पुलिस की गंभीर नाकामी है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर चौकी के साए में यह सब महीनों से कैसे चल रहा है? क्या शिकायतें सिर्फ रजिस्टर में दबाकर रख दी जाती हैं? या फिर रसूखदारों की पैरवी और पैसे के दम पर यह गंदा कारोबार पनप रहा है? ऐसे हालात में चौकी इंचार्ज और कोतवाल की जिम्मेदारी सबसे बड़ी है। अगर उनकी मौजूदगी में भी यह धंधा चलता रहा, तो यह माना जाएगा कि कानून के रखवाले ही कानून की धज्जियां उड़ाने में बराबर के हिस्सेदार हैं।

बहादुरपुर में प्रथम बैच के एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ समापन

- शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण जरूरी- प्रभात श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस। बस्ती

विकास क्षेत्र बहादुरपुर के बीआरसी पर सोमवार को परिषदीय शिक्षकों के पांच दिवसीय एफएलएन एवं एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन हुआ। प्रशिक्षण समापन के अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभात श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षकों का समय-समय पर प्रशिक्षण जरूरी है। शिक्षकों का प्रशिक्षण अच्छा होने पर ही छात्रों के सीखने के अनुभव में वृद्धि होगी और छात्रों की सहभागिता बढ़ेगी। कहा कि प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को खेल और गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाना सबसे प्रभावी है।

प्रशिक्षण के संदर्भदाता एआरपी डॉ अनिल कुमार यादव, मनोज उपाध्याय, अखिलेश मिश्र, देवेन्द्र यादव व करूणेश पाण्डेय ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण में विभाग द्वारा निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार प्रशिक्षण दिया। भाषा, गणित और अंग्रेजी की पुस्तक, संदर्शिका और कार्यपुस्तिका का उपयोग, टीएलएम का उपयोग, ब्लेंडिंग तथा ग्रिड का प्रभावी उपयोग, निपुण भारत मिशन के संशोधित लक्ष्यों का अवलोकन, रेमेडियल शिक्षण, प्रिंट रिच सामग्री का उपयोग आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में वर्ण पहचान, पठन कौशल और लेखन कौशल पर ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि बच्चे भाषा में दक्ष हो सकें। गणित सिखाने के लिए खेल और गतिविधियों के साथ ही रोचक ट्रिक्स की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण समापन अवसर पर मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष डॉ. प्रमोद सिंह, सनद पटेल, विन्देश्वरी मिश्र, राजीव उपाध्याय, राणाप्रताप सिंह, राजकुमार यादव, आशुतोष कुमार, उमाशंकर, राघवेंद्र सिंह, विश्वम्भर नाथ, राम अवतार, अशोक यादव, सुनील कुमार, अमरेश प्रसाद, अशोक सिंह, चंदा शुक्ला, माधुरी सिंह, अनुराधा, निशा सिंह, वंदना सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

जौनपुर केराकत पुलिस की बड़ी कार्रवाई – धर्म परिवर्तन कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश नाकाम – पुलिस ने धर दबोचा आरोपी जोड़ा ममता देवी के घर से बरामद हुई बाइबिल व रजिस्टर, केस दर्ज उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई थाना केराकत पुलिस टीम की सतर्कता से बेनकाब हुआ धर्म परिवर्तन षड्यंत्र सीओ केराकत के पर्यवेक्षण में पुलिस की सफलता – आरोपी न्यायालय भेजे गए।

मेहनती सीडीओ ध्रुव खाड़िया ने रच दिया इतिहास, विकास रैंकिंग में 73वें से सीधे पहले स्थान पर पहुंचा जिला

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

कहते हैं जब इरादे मजबूत हों और नेतृत्व में जुनून हो, तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता। इसका जीवंत उदाहरण पेश किया है जौनपुर के मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ ध्रुव खाड़िया, आईएएस ने। महज चार महीने पहले जौनपुर विकास के मामले में प्रदेश में 73वें स्थान पर था, लेकिन आज ये जिला उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर आकर सभी को चौंका चुका है।

मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने जब अप्रैल महीने में पदभार संभाला था, तभी से उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, तेजी और तकनीकी दक्षता को प्राथमिकता दी। खासकर ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से पत्रावलियों के संचालन को पूरी तरह से डिजिटल बना दिया गया, जिससे कामकाज में न सिर्फ पारदर्शिता आई, बल्कि कार्य की गति भी दोगुनी हो गई।

सीएम योगी और शासन स्तर से सराहना

जौनपुर की इस ऐतिहासिक छलांग की गूंज लखनऊ तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय से इस उपलब्धि पर खुशी जताई गई है। साथ ही प्रशासनिक अमले को भी ई-गवर्नेंस को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्राम्य विकास विभागों की रही प्रमुख भूमिका

सीडीओ ध्रुव खाड़िया ने विशेष रूप से ग्राम्य विकास से जुड़े सभी विभागों को इस मुहिम में जोड़ा। उनके कुशल नेतृत्व और अधिकारियों की मेहनत से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी। श्री खाड़िया ने सभी विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया कि इसी तरह सतत प्रयासों से जनपद की प्रतिष्ठा को बनाए रखा जाए।

'हमें नंबर 1 बने रहना है' – सीडीओ ध्रुव खाड़िया

मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने विशेष बातचीत में कहा, यह सिर्फ शुरुआत है। हमारा लक्ष्य है कि ई-गवर्नेंस के सभी मानकों में जौनपुर लगातार नंबर एक बना रहे। इसके लिए मैं और मेरी पूरी टीम लगातार मेहनत करते रहेंगे।

31465 पत्रावलियों का हुआ संचरण, प्रदेश में अव्वल

जौनपुर जिले में अब तक कुल 31465 पत्रावलियों का संचरण किया जा चुका है, जिसमें से 12459 पत्रावली व्यवस्थित ढंग से निस्तारित की गई हैं। यह आंकड़ा अपने आप में एक रिकॉर्ड है। ई-ऑफिस प्रणाली के पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार, जौनपुर जिले ने दूसरे स्थान पर काबिज जिले से 9002 पत्रावलियों का अधिक संचरण कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

कर्मचारियों में खुशी की लहर, विकास भवन में जश्न का माहौल

जौनपुर के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर विकास भवन के कर्मचारियों में जबरदस्त उत्साह है। सोमवार को कार्यालय परिसर में मिठाइयां बांटी गईं और सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी। कर्मचारियों का कहना है कि पहली बार हमें लगा कि हमारी मेहनत का सही दिशा में उपयोग हो रहा है।

सत्संग से ही मिटेगा मोह-भ्रम- पंकज जी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा की जनजागरण यात्रा रविवार को ताखा पश्चिम जोगीबीर शाहगंज पहुँची।

यह उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज ने कहा कि नशे का त्याग करके शाकाहारी बनिए। सत्संग जीवन का वह पवित्र जल है जो मन के मैल और मोह-भ्रम को दूर करता है। उन्होंने समझाया कि आत्मा चार प्रकार के शरीरों में बंधी रहती है और मृत्यु के बाद सभी आत्माओं का हिसाब एक ही स्थान पर होता है। जहाँ किसी जाति, भाषा या देश का भेद नहीं रहता। इसलिए जीवित रहते हुए संतों-महापुरुषों की शरण लेकर आत्मकल्याण का मार्ग अपनाना चाहिए।

इसके पहले श्रीमती राजदेई सिंह महिला महाविद्यालय में यात्रियों ने विश्राम किया। कार्यक्रम में पंकज जी का स्वागत स्थानीय गणमान्य नागरिकों व ऋषिदेव श्रीवास्तव, सूर्यबली सिंह, दल सिंगार, अखिलेश यादव, जगतपाल यादव, बालकृष्ण शुक्ला, संगमलाल, गयादीन पटेल, मिथिलेश यादव, सुभाष यादव व भानु प्रताप ने पुष्पहार भेंटकर किया। यहां उन्होंने कहा कि हिंसा और अपराधों की जड़ अस्वच्छ खानपान और महापुरुषों की शिक्षाओं से दूरी है।

सभी शुभचिंतक, बुद्धिजीवी और धार्मिकजन समाज को मांसाहार और नशे से मुक्त कराने में सहयोग करें। उन्होंने 28 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक मथुरा के आगरा-दिल्ली बाईपास स्थित जयगुरुदेव मंदिर में होने वाले वार्षिक भंडारा-सत्संग मेला में सम्मिलित होने का निमंत्रण भी दिया। आयोजन में महाविद्यालय प्रबंधक राघवेन्द्र प्रताप सिंह का सहयोग रहा। कार्यक्रम की शांति व्यवस्था में पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा।

तत्पश्चात धर्मयात्रा अपने अगले पड़ाव शाहगंज ब्लॉक के कौड़िया चौराहा के लिए रवाना हुई

अलग अलग सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत, दो की हालत नाजुक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर शाहगंज तेज़ रफ़्तार की कहर ने चार युवकों को अपना शिकार बना लिया। जिसमे से दो की दर्दनाक मौत और दो गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है की बीती रात लगभग दस बजे आज़मगढ़ जनपद के थाना पवई के ग्राम कुकड़ीपुर निवासी 18 वर्षीय तारिक पुत्र अख्तर एवं 17 वर्षीय अयान पुत्र फ़िरोज़ बीती रात खेतासराय थाना क्षेत्र के पाराकमाल गॉव में अपने रिश्तेदार के घर गए। और लगभग रात्रि दस बजे दोनों एक बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस जा रहे थे। की रास्ते मे सबरहद पुलिस चौकी के पास विपरीत दिशा से आरही एक तेज़ रफ़्तार मुर्गी लदी पिकप वाहन से सीधी टक्कर हो गयी। जिससे दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। तेज़ आवाज़ सुनकर अगल बगल के लोग मौके पर तो दोनों युवक तड़प रहे थे। इसी बीच किसी ने पुलिस को मामले की सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतू अस्पताल भेजवाया जहां रास्ते मे ही तारिक पुत्र अख्तर की मौत हो गयी। जबकि दूसरा घायल को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी है। उधर मौत की खबर से म्रतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ हैं।

वहीं दूसरी घटना सोमवार की तड़के सुबह शाहगंज से सटे ट्रेलर और ट्रक की टक्कर में एक की मौत और गम्भीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र से सटे अम्बारी चौकी अंतर्गत ग्राम बिलारमऊ में एक ट्रक चालक पराहे पुत्र पोढई अपने खलासी टिंकू पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम भरेठा थाना संतनगर जनपद मिर्जापुर के साथ ट्रक चलाकर कहीं जा रहा था की रास्ते मे खड़े ट्रेलर से भिड़ गया जिसमें पराहे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि टिंकू बुरी तरह से घायल हो गया।सूचना मिलने सरकारी एम्बुलेंस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाये जहां मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने म्रतक के शव को पोस्टमार्टम हेतू जिला अस्पताल भेज दिया। जबकि टिंकू की हालत गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतू जिला अस्पताल भेज दिया।

प्रेमी युगल धराये, प्रेमिका को मेडिकल मुआयना हेतू पुलिस ने भेजा



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज आजकल जैसे प्यार मोहब्बत का युवाओं और किशोर किशोरियों पर बुखार चढा हुआ है। आये दिन कोतवाली में इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। पढ़ने लिखने की उम्र में युवा या किशोर किस मार्ग पर भटक जाते हैं। जहां सिर्फ और सिर्फ परेशानी को खुद मोल लेना कहा जा सकता है। जो समाज के चिंता का विषय है। ताज़ा मानला कोतवाली क्षेत्र के नगर से सटे एक गॉव का है एक किशोरी का अपने रिश्तेदारी जौनपुर के सूक्खीपुर निवासी एक युवक से आंखे चार हो गयी और धीरे धीरे दोनों का प्यार परवान चढ़ा और सारी मान मर्यादा को लांघते हुए सात अगस्त को प्रेमिका घर से फरार होकर अपने प्रेमी के साथ उसके घर पर रहने लगी। सोमवार को पुलिस के सहयोग से किशोरी के परिजनों दोनों को प्रेमी के घर से बरामद करते कोतवाली ले आई जहां पुलिस ने किशोरी को मेडिकल मुआयना हेतू जिला अस्पताल भेज दिया। और आगे की कार्यवाई में जुट गई। वहीं प्रेमिका का कहना मैं बालिग हूँ और हमने शादी कर लिया। कोई हम दोनों को जुदा नही कर पायेगा।

नाले में बही युवती को बचाने गए रिक्शा चालक की करंट से मौत, खोदाई कर ढूंढता रहा प्रशासन, पहुंचे डीएम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के मछलीशहर पड़ाव स्थित तिराहे के पास एक ढाई फीट का खुला नाला है। सोमवार को दिन और शाम को हुई भारी वर्षा के कारण पानी के साथ एक युवती नाले में बह गई। उसे बचाने गया रिक्शा चालक शिवा गौतम (26) नाले के बगल में मौजूद बिजली के खम्भे में टकरा गया। इस दौरान करंट की चपेट में आने से रिक्शा चालक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को मर्चरी हॉउस भिजवा दिया। घटना की सूचना पाकर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन, नगर पालिका के ईओ पवन कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर देवेश सिंह मौके पर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी देवेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शी सलमान के मुताबिक नाले में एक युवती बही है। रिक्शा चालक की करंट से मौत हुई है। घटना की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन लगाकर नाले में बही युवती की तलाश की गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका कुछ पता नहीं चला था। डीएम ने बताया कि इस मामले कि जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन हुआ है, जिसमें सीआरओ अजय अम्बष्ट, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव और विद्युत निगम के एसई रमेश चंद शामिल हैं।

पूर्वांचल महोत्सव की तैयारी के लिए हुई बैठक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पूर्वांचल युवा महोत्सव के कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को नवदुर्गा मंदिर विसर्जन घाट पर बुलाई गई। जिसमें 24, 25 और 26 अक्टूबर से होने वाले महोत्सव की तैयारी के संबंध में सभी सदस्यों की राय ली गई। संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने अपना विचार व्यक्त किया।

यह भी तय हुआ कि अगले मीटिंग में आदरणीय संरक्षक मंडल से कमेटी का विस्तार करने के लिए अनुमति ली जाएगी। सितंबर के प्रथम सप्ताह में संरक्षक मंडल की अध्यक्षता में अनुमत लेकर समस्त कार्यक्रमों की कमेटी बना ली जाए। वह कमेटी महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए होगी। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष डॉ दिनेश तिवारी ने समस्त पदाधिकारी को भरोसा दिया कि आप लोगों द्वारा जो सुझाव दिया गया, इसे सम्मानित संरक्षक मंडल के सामने रखकर शीघ्र निर्णय ले लिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री निवेदिता राय ने किया। अपर जिलाधिकारी जौनपुर के पेशकार आशीष त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर मौजूद लोगों में पंकज भोजपुरी गायक, उपाध्यक्ष उपेंद्र मिश्रा, श्रवण पांडेय, संजय यादव, चंद्रमणि मिश्रा, रिचा सिंह, सोनम झा, महेंद्र विश्वकर्मा, अवनीश मिश्रा, लक्ष्मी, नेहा, अर्णव मिश्रा, अजय शुक्ला, अधिवक्ता शरद पाठक मिंटू, सभासद सुनील मौर्य अन्य उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण की गहराइयों को समझना नितांत आवश्यक: बीईओ

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। करंजाकला। स्थानीय बीआरसी सभागार में चल रहे बेसिक शिक्षकों के बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे बैच के तीसरे दिन का प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को हुआ।इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षण के नए नए तरीके सिखाए गए। निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के प्रशिक्षण के शुभारंभ सत्र के संबोधन के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव ने प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण की गहराइयों को समझने की आवश्यकता जताई। साथ ही विद्यालय पर पहुंचने पर उन तकनीकियों के उपयोग पर बल दिया। इस दौरान एस आर जी अजय कुमार मौर्य ने जहां बच्चों में भाषा और गणित की रूचि और अधिगम स्तर बढ़ाने की तकनीक को साझा किया, वहीं प्रशिक्षण संदर्भदाता डॉ सुरेश चंद्र मौर्य ने निपुण लक्ष्य प्राप्ति में प्रशिक्षण को उपयोगी बताया। इसी कड़ी में संदर्भदाता वीरेंद्र सिंह ने सभी को समयपालन का पाठ पढ़ाया।

उत्तम हॉस्पिटल में लम्बे बिल का विरोध, जमकर हुआ हंगामा

स्वास्थ्य विभाग निष्पक्ष कार्यशैली से जांच करे तो सैकड़ों प्राइवेट अस्पतालों पर पड़ जाएगा ताला....

■ स्वास्थ्य विभाग की सरपरस्ती में चल रहे है मानक विहीन नर्सिंग होम, शिकायतकर्ता की सूचना पर पहुंची थी 112 पुलिस

- इसी वर्ष जनपद में संचालित कई नर्सिंग होम में मरीजों की मौत हो चुकी है। जिन्हें संचालकों की मिलीभगत के चलते स्वास्थ्य महकमा और पुलिस भी निपटाने का भरकस प्रयास करती है। और जहां तक संभव हो पाता है ऐसे मामलों को निपटाना ही दिया जाता है। एक दो मामले ही ऐसे आते हैं जो मीडिया में हाईलाइट होकर मुकदमे की दहलीज तक पहुंच पाते हैं। संचालक हर काम बेखौफ होकर कर रहे हैं। जो शासन की निगाह में गैर कानूनी है। जनता के खून-पसीने की कमाई को हथिया लेने के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम की शहर से लेकर गांव कस्बों में भरमार हैं।
- जनपद में कई अस्पताल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। और ऐसे अस्पताल भी हैं जिसमें डिग्री धारक चिकित्सक का भी अभाव है। जिस वजह से कई नर्सिंग होम में थोड़ी सी चूक की वजह से मरीजों की जान जाने का खतरा रहता है। मानक विहीन अस्पताल पर सिर्फ धमकी भारी कार्यवाही होती है। बैक डोर से काली कमाई का हिस्सा पहुंचते ही अवैध संचालकों को आशीर्वाद दे दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग का काला कारोबार अवैध रूप से और बगैर प्रमाणित चिकित्सक के फल-फूल रहा है।
- समाचार पत्र की टीम ने पड़ताल में जानकारी जुटाई कि जिले में बिना नर्सिंग होम ऐक्ट का पालन किये कई अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं। इनके पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी। फिर भी बुखार से लेकर ऑपरेशन तक का जिम्मा उठाकर मरीजों की जान जोखिम में डालने से नहीं चूकते हैं। ऐसा भी नहीं कि इन अस्पतालों के बारे में विभाग अनभिज्ञ है क्योंकि उसके वरदहस्त व मेहरबानी के बिना कुछ भी संभव नहीं है।

उप मुख्यमंत्री के आदेश का कितना पालन हो रहा है या जनपद में कहीं पर भी आसानी से देखा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार आला अफसर सिर्फ अपने लाभ के चक्कर में उप मुख्यमंत्री के आदेशों को धता बताने से नहीं चूक रहे हैं।

जनपद उन्नाव में प्राइवेट नर्सिंग होम करते हैं मनमानी जानकार सूत्रों की मानें तो प्राइवेट नर्सिंग होम के एजेंट सरकारी अस्पतालों के आस पास रहते हैं और किसी भी दुर्घटना व अन्य प्रकार के गंभीर मामलों में मरीज या दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को सरकारी अस्पताल के बाहर से प्राइवेट नर्सिंग होम में एडमिट करा देते हैं। फिर सारा खेल प्राइवेट नर्सिंग होम वाले कर देते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आम जन को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ विभाग को समय-समय पर निर्देशित किया जाता रहा है।

उसके विपरीत जनपद में संचालित हो रहे नर्सिंग होमों में अपने मेडिकल स्टोर संचालित कर रहे नर्सिंग होमों द्वारा जो दवा मरीज को लिखी जाती है। वो नर्सिंग होमों में संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर पर ही उपलब्ध होती है और मरीज को उसी मेडिकल स्टोर में लेनी पड़ती है मरीज को मेडिकल स्टोर से मन मानें पैसे में बेचीं जाती है।

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

हादसे में घायल युवक को जिला अस्पताल से कानपुर रिफर किया गया। जिला अस्पताल इमरजेंसी से एंबुलेंस से कानपुर के लिए निकला मरीज प्राइवेट अस्पताल कैसे पहुंच गया। 10 घंटे के अंदर मरीज के परिजनों को 25 हजार का बिल थमा दिया गया। लम्बा चौड़ा बिल देखकर परिजनों के होश उड़ गए। हंगामा करने के बाद परिजनों और रिश्तेदारों ने 112 नम्बर पर फोन करके पुलिस बुला लिया। पुलिस और मीडिया के पहुंचते ही नर्सिंग होम संचालक के होश उड़ गए। फिर क्या देखते देखते मैनेजमेंट का खेल शुरू हो गया। 25 का बिल 15 हजार और उसके बाद 10 हजार पर आकर रुक गया। परिजन 5 हजार पर अड़े रहे। सूत्रों की मानें तो 5 हजार लेकर ही नर्सिंग होम संचालक ने मामले को रफा दफा करने में अपनी भलाई समझी। बात करने पर पुलिस ने बताया कि बेत्थर के पास हुई मार्ग दुर्घटना में घायल युवक को बीती देर रात जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। उसके बाद जिला अस्पताल से कानपुर हेलट के लिए उसे रिफर किया गया। किन परिस्थितियों में घायल युवक उत्तम हॉस्पिटल पहुंचा ये बताने में पुलिस ने असमर्थता व्यक्त की। हंगामे की बात पुलिस ने स्वीकार की है।

जनपद में खुले प्राइवेट अस्पताल और जांच केंद्र शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

खुलेआम गैर कानूनी काम को अंजाम देकर प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। इन पर रोकथाम के लिए प्रशासन के पास ठोस कदम नहीं उठाए जाने से इनके हौसले बुलंद रहते है।

विषम परिस्थितियों में गम्भीर मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार देकर कानपुर रिफर कर दिया जाता है।

जनपद के शुक्लागंज उन्नाव राजधानी मार्ग पर बने प्राइवेट उत्तम हॉस्पिटल में इलाज कराने आए मरीजों के साथ दवाइयां से लेकर लम्बे बिल बना कर मरीजों के परिजनों से करते हैं। अधिक पैसा की डिमांड जानकारी के अनुसार बता दें दिन सोमवार को सुबह करीब 1 बजे एक्सीडेंट के मामले में भर्ती हुए मरीज के परिजनों से अधिक रेट लगाकर बिल जमा करने के लिए कहा गया मरीज के परिजनों ने लम्बे बिल का विरोध करते हुवे किया हंगामा परिजनों ने बनाए गए ज्यादा बिल का विरोध किया और तत्काल प्रभाव से 112 पुलिस को सूचना किया मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर परिजनों को समझाया और डॉक्टर से बातचीत कर मामले को शांत कराया।

वही सूत्रों की माने तो उन्नाव जनपद में तमाम ऐसे नर्सिंग होम व प्राइवेट हॉस्पिटल संचालित हो रहे हैं।

जहां पर मरीजों को सही उपचार न मिलकर उनके पैसे से लालसा रखते हैं। मरीज जब गंभीर हालत में हो जाता है।

तो उसको सरकारी अस्पताल में ट्रांसफर कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

जिले में बने सरकारी अस्पताल के आस पास भी दलालों का डेरा रहता है। सरकार द्वारा फ्री सेवा देने वाली सरकारी अस्पताल की एंबुलेंस ड्राइवर भी प्राइवेट अस्पतालों से सांठ गांठ कर मरीजों को एडमिट करा अपना कमीशन सेट कर लेते हैं। आखिर मरीजों की जिंदगी से हो रहे खिलवाड़ का जिम्मेदार कौन??? स्वास्थ्य विभाग या जिम्मेदार आला अधिकारी....???

पंचायत निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण शुरू, डीईओ ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 के संबध में बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में ड्यूटी में लगाये बीएलओ को सामग्री आज ही प्रत्येक दशा में उपलब्ध अवश्य करा दें। उन्होनें कहा कि ई-बीएलओ एप पर बीएलओ द्वारा लॉगिन न करने की संख्या बहुत अधिक हैं। यह खेदजनक है, प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत बीएलओ ई-बीएलओ एप पर लॉगिन करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन से संबंधित कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होनें कहा कि उपजिलाधिकारी /सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किस बीएलओ को कौनसा मतदान केन्द्र आवंटित है मैपिगं मास्टर डाटा इसकों भी सही कर लें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता बनने हेतु भारतीय नागरिक एवं 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले तथा संबंधित ग्राम पंचायत के किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र वार्ड में सामान्य रूप से निवासी होना अनिवार्य हैं।

गणना एवं सर्वेक्षण की अवधि दिनांक 19 अगस्त 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में पंजीकरण कराने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, संशोधित कराने एवं अनर्ह मतदाता को हटाने के लिये आयोग की वेबसाइट 222.ह्यद्गष्.ह्वश्च.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर भी आवेदन किया जा सकता हैं। बताया कि जनपद में 847 बीएलओ एवं 129 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अशीष कुमार सिंह, ज्वांइट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर सामने आए असीम अरुण, बोले होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर सरकार पर निशाना साधने वाले सपा प्रमुख के करीबी लोगों पर अब शिकंजा कसने की तैयारी है। इसकी जानकारी राज्य सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने वीडियो जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि कन्नौज में अखिलेश का दाहिना हाथ रहा नवाब सिंह और उसके भाइयों के दो-दो जगह वोटरलिस्ट में नाम हैं। अब इसकी जांच करवा कर कार्रवाई कराई जाएगी। कन्नौज सदर सीट से विधायक और राज्य सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने सोमवार सुबह एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के समय समाजवादी पार्टी ने वोटों में खूब धांधली की। इसका जीता जागता उदाहरण पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का करीबी नवाब सिंह यादव है। वोटरलिस्ट में उसका नाम बूथ संख्या 233 अडंगापुर में दर्ज हैं, जबकि कन्नौज के प्राथमिक विद्यालय ग्वाल मैदान के बूथ संख्या 299 पर भी उसका नाम दर्ज है। इसी तरह नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव और कल्यान सिंह यादव के भी नाम अडंगापुर के बूथ संख्या 233 और ग्वाल मैदान के बूथ संख्या 300 पर दर्ज हैं।

जेल में बंद है नवाब सिंह यादव

उन्होंने कहा कि वह जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र सौंपकर नवाब सिंह और उसके भाइयों के दो-दो जगह वोट मामले में जांच कराने और कार्रवाई करने की मांग करेंगे। फिलहाल नवाब सिंह नाबालिग से रेप के आरोप में 12 अगस्त 2024 से जेल में बंद हैं। उनका भाई नीलू यादव भी जेल में है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि जब वोटरलिस्ट की गहनता से पड़ताल की गई तो इस तरह की खामियां निकल कर सामने आईं। इनके सुधार के लिए चुनाव आयोग काम कर रहा है तो समाजवादी पार्टी हल्ला मचाने लग गई। उन्होंने कहा कि इस तरह के अन्य लोगों को भी चिह्नित किया जा रहा जिन्होंने दो या तीन जगहों पर अपने वोट बनवा रखे हैं। समाजवादी पार्टी को चुनाव आयोग से माफी मांगनी चाहिए और वोटरलिस्ट सत्यापन के काम में सपोर्ट करें।

एक्सप्रेस खबरें...

सड़क किनारे पड़ा मिला अधेड़ का शव

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। हिनौरा पुरवा मार्ग के किनारे एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू की है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में हिनौरा-पुरवा मार्ग के किनारे सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया। मृतक की पहचान लखनऊ के बंथरा थाना के भटगांव पांडेय गांव निवासी नरेश पांडेय (52) के रूप में हुई। बेटे शिवांग पांडेय ने बताया कि मृतक नरेश पांडेय रविवार को मजदूरी के लिए लखनऊ गए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। बताया कभी-कभी देर होने पर उनके पिता लखनऊ में ही रुक जाते थे, इसलिए उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि वह सोहरामऊ कैसे पहुंचे। मृतक के दो बेटे शिवांग और विशाल हैं। शिवांग ने अज्ञात वाहन के खिलाफ थाने में तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसएसआई नरेंद्र प्रताप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

बदमाशों को भेजें जेल, महिला उत्पीड़न पर लगाएं लगाम

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली रेंज के डीआईजी अजय कुमार साहनी ने सोमवार को अपने कार्यालय में रेंज के चारों जिलों के कप्तान के साथ अपराध समीक्षा की। उन्होंने अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। कहा कि बदमाशों को जेल भेजा जाए। महिला उत्पीड़न के मामलों में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। डीआईजी ने चारों जिलों से संबंधित आपराधिक मामलों, माफियाओं पर की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। कहा कि पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाएं। डीआईजी ने गुंडा अधिनियम, गोवध निवारण अधिनियम, सशस्त्र अधिनियम, गैंगस्टर के तहत कार्रवाई, महिला उत्पीड़न, थानों में मौजूद माल व वाहनों के निस्तारण की स्थिति, थानों के निरीक्षण व अर्दली रूम की समीक्षा की। इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस फीडिंग की स्थिति, ब्लैक स्पॉट के चिह्नीकरण, सड़क दुर्घटनाओं के संख्यात्मक आंकड़ों की समीक्षा की। हत्या-लूट, स्नेचिंग, नकबजनी, वाहन चोरी, फिरौती, डकैती, दुष्कर्म, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, एनडीपीएस, धर्मांतरण व सांप्रदायिक संघर्ष के अभियोगों की स्थिति जानी। इस दौरान बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिलों के पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

बरेली में हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली में इज्जतनगर थाना पुलिस ने हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ किया है। रिटायर्ड दरोगा के बेटे और महिला समेत पांच शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए गिरोह के पास से घटना में प्रयुक्त छह मोबाइल फोन और एक स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड मिनी बाईपास रोड के पास से हुई है। पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना आकाश पुत्र नरेश कुमार है, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को हनी ट्रैप के जाल में फंसाकर लाखों की रंगदारी वसूलने की साजिश रची थी। गिरोह की मुख्य सदस्य हनी उर्फ नेहा खान पहले पीड़ित से फोन पर बातचीत कर उसे अपने जाल में फंसाती थी और फिर होटल या सुनसान जगह पर बुलाती थी। गिरोह के अन्य सदस्य पीड़ित को घेर लेते थे। ताजा मामले में एक युवक को नेहा खान ने जाल में फंसाया था। महिला ने उसके वीडियो व फोटो बना लिए थे। फिर उसे होटल सहगल में बुलाया गया, जहां उसे गिरोह के गुड्डू बंजारा, अवधेश, आकाश, मिथलेश और अन्य साथियों ने स्कॉर्पियो में डालकर ले गए। मिनी बाईपास पर ले जाकर पीड़ित से मारपीट कर वीडियो-फोटो वायरल करने और दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। बदनामी के डर से पीड़ित ने गिरोह को 30 हजार रुपये और सोने की अंगूठी सौंप दी। इसके बाद आरोपी लगातार उसे और रुपये देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर हनी उर्फ नेहा खान, गुड्डू बंजारा, अवधेश, आकाश और मिथलेश गंगवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह का एक और सदस्य मोहित मिश्रा व दो अज्ञात अभी फरार बताए जा रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा थाना इज्जतनगर में कार्रवाई की गई है। सभी को रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक गिरोह के शातिर सदस्य कई युवकों को हनी ट्रैप के जरिए फंसा चुके हैं। ब्लैकमेलिंग का शिकार लोग अब तक सामने नहीं आए थे। इज्जतनगर पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि अवधेश के पिता पुलिस के रिटायर्ड दरोगा हैं।

बीज विक्रेताओ का विक्रय प्रशिक्षण 26 को

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला कृषि अधिकारी सन्त लाल गुप्ता ने जनपद के समस्त बीज विक्रेताओं को सूचित किया है कि, सम्पूर्ण बीज जीवन चक्र को कवर करने के लिए सम्पूर्ण डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से बीज की गुणवत्ता और शुद्धता को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा विकसित साथी पोर्टल के माध्यम से रबी 2024 में पंजियन कर विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीजों का उत्पादन उ0प्र0 राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा किया गया है। जिसका विधायन, पैकिंग एवं टैगिंग का कार्य भी साथी पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। रबी 2024 में उत्पादित बीज जोकि रबी 2025 में कृषकों हेतु उपलब्ध होगा, वह साथी पोर्टल द्वितीय फेज में स्द्गस्त्र ढ्ढठ्ठ1द्गठ्ठह्लश्ह4 स्त्रश्स्त्रह्वद्यद्ग के माध्यम से प्रदेश में बिक्री किया जायेगा। जिसके लिए एन0आई0सी0 महाराष्ट्र के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनपद में बीज विक्रेताओं का साथी पोर्टल के क्क्द्बड्डह्यद्ग-॥ पर किस तरह से कार्य किया जाएगा, जिसमें बीजों की बिक्री, ट्रान्सफर इत्यादि की जानकारी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। रबी 2025-26 से जनपद में साथी पोर्टल पर बीज प्रमाणीकरण संस्था से प्रमाणित बीजों की बिक्री का कार्य बीज उत्पादक संस्था से बीज विक्रेता डीलर/ रिटेलर के माध्यम से कृषकों को बिक्री किया जायेगा।उपरोक्त के क्रम में जनपद के समस्त बीज विक्रेता रबी वर्ष 2025-26 में साथी पोर्टल से क्क्द्बड्डह्यद्ग-ढ्ढठ्ठ पर सरलता से कार्य किये जाने हेतु चौधरी चरण सिंह सभागार, कार्यालय उप कृषि निदेशक, कन्नौज में दिनांक 26 अगस्त को प्रातः 10ः00 बजे उपस्थिति होकर ऑन लाइन माध्यम से दिये जा रहे प्रशिक्षण में भौतिक रूप से प्रतिभाग करेंगे।

कमरे में फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक किशोरी का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के परिजनों ने पड़ोसी युवक और उसकी मां पर आरोप लगाए हैं। इस पर पुलिस जांच कर रही है। किशोरी आठवीं की छात्रा थी। किशोरी के परिजनों ने बताया कि किशोरी को पड़ोसी युवक साहिल ने प्रेम जाल में फंसा लिया था। 17 अगस्त को युवक उसे घर से भगा ले गया था, जिसकी सूचना परिजनों ने थाने में दी थी। बाद में किशोरी बालामऊ स्टेशन के पास मिल गई थी। उसके परिजनों ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि रविवार शाम साहिल की मां किशोरी के घर आई और उसे धमका कर चली गई। इससे आहत होकर किशोरी ने घर के अंदर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने झांककर देखा।

प्राथमिक विद्यालय मखाईपुर को विधायक निधि से मिला अतिरिक्त कक्षा कक्ष

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने ग्राम पंचायत कुसुमखोर स्थित प्राथमिक विद्यालय मखाईपुर में अतिरिक्त कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मंत्री ने बच्चों, स्कूल प्रबंधन एवं अध्यापकगण को बधाई देते हुए कहा कि खुशी की बात है कि इस विद्यालय को एक अतिरिक्त कक्ष मिला है। इसके उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए निरन्तर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमारे अध्यापक बहुत अच्छे है, मेहनत, अनुशासन के साथ कार्य कर रहे हैं। कहा कि जैसे-जैसे सुविधाएं बढेंगी वैसे-वैसे शिक्षा का स्तर भी और ज्यादा बेहतर होगा। इस अवसर पर मंत्री के प्रतिनिधि विवेक पाठक, खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्या सहित अन्य उपस्थित रहे।

नौ इंस्पेक्टर और 54 दरोगा के कार्यक्षेत्र बदले

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली में एसएसपी अनुराग आर्य ने नौ इंस्पेक्टर और 54 दरोगा के कार्य क्षेत्र बदल दिए हैं। फरीदपुर थाने के इंस्पेक्टर क्राइम रविंद्र नैन को शीशगढ़, चमन कुमार को शीशगढ़ से फरीदपुर में इंस्पेक्टर क्राइम, चंद्रवीर को पुलिस लाइन से कोतवाली में इंस्पेक्टर क्राइम, लव सिरोही को कोतवाली से कैंट में इंस्पेक्टर क्राइम, शैलेंद्र कुमार को कैंट से क्योलड़िया में इंस्पेक्टर क्राइम बनाया है। इसी तरह सुधीर कुमार को भमोरा से आंवला में इंस्पेक्टर क्राइम, प्रमोद कुमार को सुभाषनगर चौकी से प्रेमनगर में इंस्पेक्टर क्राइम, वरुण को पुलिस लाइन से फतेहगंज पश्चिमी में इंस्पेक्टर क्राइम, राजकुमार को डीसीआरबी से अलीगंज थाने में इंस्पेक्टर क्राइम के पद पर ट्रांसफर किया गया है। एसएसपी ने 54 दरोगाओं का भी तबादला किया है। कुशलपाल को मॉडल टाउन चौकी से जगतपुर चौकी, जितेंद्र कुमार को कुतुबखाना से मॉडल टाउन, राजीव शर्मा को प्रेमनगर से कुतुबखाना, रामपाल को दुनका चौकी से प्रेमनगर, मोहित कुमार बारादरी से बैरियर टू, शिवकुमार को बैरियर टू से कस्बा बहेड़ी चौकी, विजयपाल सिंह कस्बा बहेड़ी से धौरटांडा, संजय कुमार को धौराटांडा से बंजरिया, कृपाल सिंह को बंजरिया से सिरौली, श्रीषचंद्र को सिरौली से दूसरे जनपद भेजा है। जितेंद्र कुमार को मठ की चौकी से सुभाषनगर, विक्रांत तोमर को किला से मठ की चौकी, जाकिर अली कैंट से किला, अर्जुन सिंह को किला से कैंट, नितिन शिरीष को इज्जतनगर से सराय चौकी, राजेंद्र सिंह को अशरफ खां से इज्जतनगर, अरुण यादव को इज्जतनगर से अशरफ खां चौकी, मुनेंद्रपाल को बिथरी चैनपुर से जगतपुर, बलवीर को बिथरी से वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिथरी चैनपुर बनाया गया है।

भारतीय इतिहास के साथ की गयी छेड़छाड- रंजन मिश्रा

■ टीआरसी महाविद्यालय में आयोजित हुआ इतिहास संकलन समिति का समर्पण कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सोमवार को नगर पंचायत सतरिख में स्थित टीआरसी महाविद्यालय में जिले के इतिहास अनुरागी एकत्रित हुए। जंहा बाबा साहेब आप्टे के द्वारा भारत के वास्तविक इतिहास को देश के सामने लाने के उनके प्रयास को मुख्य मुख्य अतिथि इतिहास संकलन के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय ने कहा कि भारत के ऐतिहासिक तथ्यों के साथ छेड़छाड़ कर वास्तविक इतिहास को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है। भारतीय गजेटियर में लिखा गया कि स्त्री के शरीर का निचला हिस्सा मछली की तरह होता है साथ ही इतिहास लिखने के लिए कंही भी सही सन्दर्भ और वास्तविक स्रोतों को आधार न बनाकर मनगढंत इतिहास छात्रों को पढ़ाया जा रहा है, जिसे अब सही तरीके और इतिहास को उसके मूलभूत तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया जाना अतिआवश्यक है। चंद्रशेखर आजाद की मां की समाधि जो झांसी में है उस पर लिखा हुआ है आतंकवादी की मां की समाधि। अब आज का भारत यह सब बर्दाश्त नहीं करेगा वह भी सही इतिहास जानना चाहता है। कौन आतंकवादी है और कौन राष्ट्र प्रेमी इसके अंतर को समझना चाहता है। डॉ शुचिता चतुर्वेदी ने इतिहास की पुनः संकलन की बात कही।

महाविद्यालय प्रबंधक डॉ रंजन मिश्रा ने भी भारतीय इतिहास के साथ की गयी छेड़छाड़ और भारत आये आक्रमणकारियो द्वारा भारत की मूल सभ्यता और संस्कृति के तथ्यों को बदले जाने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, डॉ रामकुमारी मौर्य, अम्बरीष रावत, राकेश वर्मा पर्यावरण प्रहरी डी के शुक्ल, विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

जरुरतमंदो को मिलेगी निशुल्क कानूनी सलाह: नरेन्द्र वर्मा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सिविल कोर्ट के अधिवक्ता चौंबर का बार एसोशिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह वर्मा ने कहा कि अधिवक्ता के समाज के प्रति कई महत्वपूर्ण कर्तव्य हैं, जिनमें समाज के ज़रूरतमंदों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना, जनता को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करना, कानून के शासन को बनाए रखना, और सामाजिक न्याय और सुधार के लिए काम करना शामिल है। उन्हें अपने आचरण से पेशेवर नैतिकता का पालन करना होता है, और समाज में कानूनी व्यवस्था की गरिमा और अखंडता बनाए रखनी होती है उन्होंने युवा अधिवक्ता रिजवान अहमद की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे अधिवक्ता चौंबर बनाना बड़ी बात है इस चौंबर के माध्यम से ग्रामीणों को उचित सलाह व परामर्श के साथ साथ सस्ता न्याय मिलेगा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद रेहान मुस्तफा, वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद कुमार दीक्षित, एडवोकेट मोहम्मद रिजवान, एडवोकेट रंजीत सिंह रावत, एडवोकेट मोहित, एडवोकेट शुभम वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नूर मोहम्मद, पत्रकार रिज़वान अहमद आदि मौजूद रहे।

जिले में यूपी 112 के बेड़े की बढ़ी ताकत, 12 नई गाड़ियां मिली

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली जिले में अपराध नियंत्रण के लिए यूपी-112 के बेड़े को मजबूत किया गया है। सोमवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने 12 नई पीआरवी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई गाड़ियों में तेज रफ्तार एसयूवी गाड़ियां भी शामिल हैं। पुलिस लाइन में सोमवार दोपहर बाद एक आयोजन कर यूपी 112 की इन 12 नई गाड़ियों को क्रियाशील किया गया। एसएसपी ने बताया कि नई गाड़ियों में एक इनोवा क्रिस्टा व 11 स्कार्पियो शामिल हैं। ये अत्याधुनिक जीपीएस सिस्टम से लैस हैं। इनमें इमरजेंसी किट भी शामिल है जिससे किसी मरीज को प्राथमिक उपचार दिया जा सके। इन गाड़ियों में तैनात कर्मचारियों के पास बॉडी वार्न कैमरा और क्राइम सीन प्रोटेक्शन किट भी रहेगी।

बारिश से बिगड़े हालात

गांव से लेकर शहर तक पानी-पानी, सेना और सरकार मैदान में उतरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर

राजस्थान के अधिकांश जिलों में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। कई जगह तो स्थिति इतनी भयावह हो गई कि मदद और राहत कार्य के लिए सेना को मोर्चा थामना पड़ा। आपतकालीन परिस्थियों से निपटे के लिए वायु सेना ने अपना विमान तक तैनात कर दिया। इस दिनों कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर और झालावाड़ जिलों में हालात सबसे ज्यादा गंभीर हैं। हाड़ौती क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के चलते जन-धन की भारी क्षति हुई है। कई गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं और कई जगहों का संपर्क कट गया है।राजस्थान में मानसून सीजन में वर्षा जनित हादसों में अब तक 91 लोगों की जान जा चुकी है। हालातों को देखते हुए अभी सावधान रहने की जरूरत है। अनावश्यक घर के बाहर जाने से बचें। यात्राओं को टालें। गहरे पानी से दूर रहें। मौसम विभाग कि मानें तो मानसून ट्रफ इस समय बीकानेर, जयपुर, ग्वालियर, प्रयागराज होते हुए पूर्व की ओर जा रही है। ध्यान देने वाली बात यह है कि मरुधरा के ऊपर एक साइक्लोनिक सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अलर्ट पर रहने के लिए कहा है।

नागौर में दर्ज की गई सबसे ज्यादा बारिश

बीते 24 घंटों में नागौर जिले के मुख्यालय पर 173 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो इस मानसून सत्र की अब तक की सर्वाधिक वर्षा में से एक है। इसके अलावा-अजमेर के नसीराबाद में 51 मिमी और शहर में 61 मिमी बीकानेर के लूणकरणसर में 91 मिमी, कोलायत में 63 मिमी, शहर में 53 मिमी जयपुर के जालसू में 49 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं दौसा के लालसोट में 62 मिमी, रामगढ़-पचवारा में 59 मिमी धौलपुर में 57 मिमी हनुमानगढ़ के गोलूवाला में 92 मिमी, संगरिया में 90 मिमी, पीलीबंगा में 73 मिमी झुंझुनूं के मलसीसर में 59 मिमी जोधपुर के बिलाड़ा में 76 मिमी सिरोही के माउंट आबू में 71 मिमी बारिश दर्ज की गई

बूंदी - फरिश्ता बनी सेना, 41 लोगों को सुरक्षित निकाला

बूंदी में बाढ़ की वजह से हालात चिंता जनक हैं। कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट चुका है, लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैं। वहीं, ग्रामीणों के लिए सेना देवदूत बनकर सामने आई। 17 राजपुताना राइफल्स की बाढ़ राहत टुकड़ी ने बड़ा डांढला कस्बे से महिलाओं और बच्चों सहित 41 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस लेते हुए सेना का आभार जताया है।

मूसलाधार बारिश ने तोड़ दिया 50 साल का रिकॉर्ड

इस साल की बारिश ने कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। नौगार जिले में हुई बारिश ने 50 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। इसका परिणाम यह हुआ कि गांव से लेकर शहर हर जगह आफत का मंजर देखने को मिल रहा है। इससे पहले यहां इतनी तेज बारिश 1975 में हुई थी। 1996 में भी काफी बिगड़े हुए हालात हो गए थे। लोगों के घरों के अंदर करीब दो फीट तक पानी भरा हुआ है।

अलर्ट पर राजधानी स्कूलों की छुट्टी

राजस्थान की राजधानी जयपुर बारिश की वजह से अलर्ट मोड पर है। जयपुर जिले के कई ग्रामीण इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। गांवों की रपटों और रास्तों पर पानी भर जाने से आमजन को आवाजाही में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने एहतियातन सोमवार और मंगलवार को जिले के सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया है। मदद के लिए दूरभाष नंबर 0141-2204475 और 0141-2204476 हैं, जहां 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है।

भारत-फिजी के रिश्तों ने पूरे पैसिफिक क्षेत्र के साथ हमारे जुड़ाव को दी नई ताकत: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और फिजी के बीच लंबे पुराने रिश्तों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इस मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 2014 में 33 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने फिजी की धरती पर कदम रखा था। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि ये सौभाग्य मुझे मिला था। उस समय हमने फोरम फॉर इंडिया-पेसिफिक आइसलैंड कॉरपोरेशन यानी एफआईपीआईसी की शुरुआत की थी। उस पहल ने न केवल भारत-फिजी रिश्तों को, बल्कि पूरे पैसिफिक क्षेत्र के साथ हमारे जुड़ाव को नई ताकत दी है।

फिजी की समृद्धि में दिया योगदान

उन्होंने कहा, भारत और फिजी के बीच आत्मीयता का गहरा नाता है। 19वीं सदी में, भारत से गए 60,000 से अधिक गिरमिटिया भाई-बहनों ने अपने परिश्रम और पसीने से फिजी की समृद्धि में योगदान दिया है। उन्होंने फिजी की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता में नए रंग भरे हैं। उन्होंने फिजी की एकता और अखंडता को लगातार मजबूती प्रदान की है और इसी के बीच वे अपनी जड़ों से भी जुड़े रहे हैं और अपनी संस्कृति को संजोए रखा है। फिजी की रामायण मंडली की परंपरा इसी का जीवंत प्रमाण है। प्रधानमंत्री राबुका द्वारा गिरमिट-डे की घोषणा का मैं अभिनंदन करता हूं; यह हमारे साझा इतिहास को सम्मान है।

फिजी को दिया जाएगा सहयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग को मजबूत करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक एक्शन प्लान तैयार किया गया है। फिजी की सिक्योरिटी को सशक्त करने के लिए भारत से ट्रेनिंग और इक्विपमेंट में सहयोग दिया जाएगा। साइबर सिक्योरिटी और डेटा प्रोटेक्शन के क्षेत्रों में हम अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार हैं।

भारत से भेजे जाएंगे शिक्षक

पीएम मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में सहयोग और समर्थन के लिए हम प्रधानमंत्री राबुका और फिजी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। हमने तय किया है कि फिजी यूनिवर्सिटी में हिंदी और संस्कृत पढ़ाने के लिए भारतीय शिक्षक भेजे जाएंगे और फिजी के पंडित भारत आकर प्रशिक्षण लेंगे और गीता महोत्सव में भी भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली भारत यात्रा

बता दें कि फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका रविवार 24 अगस्त को नई दिल्ली पहुंचे। यह उनकी इस पद पर भारत की पहली यात्रा थी। प्रधानमंत्री मोदी ने राबुका के सम्मान में दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया था। फिजी के प्रधानमंत्री ने राजघाट पर जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

इस विषय पर देंगे व्याख्यान

अपने आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा, प्रधानमंत्री राबुका राजधानी में भारतीय विश्व मामलों की परिषद में शांति का सागर विषय पर एक व्याख्यान भी देंगे। यह यात्रा भारत और फिजी के बीच जुलाई में सुवा, फिजी में हुए विदेश कार्यालय परामर्श के छठे दौर के कुछ ही सप्ताह बाद हो रही है। इस परामर्श ने दोनों देशों को स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता विकास, व्यापार और निवेश, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का मौका दिया।

सरदार पटेल, बिरसा मुंडा और वाजपेयी की जयंती पर होगा विशेष आयोजन, मोदी करेंगे समिति की अध्यक्षता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश के तीन महान नेताओं सरदार वल्लभभाई पटेल, बिरसा मुंडा और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाने के लिए उच्च स्तरीय समितियों का गठन किया है। इन समितियों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं करेंगे। यह निर्णय संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी तीन अलग-अलग अधिसूचनाओं के बाद सार्वजनिक हुआ है। सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती तथा वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठियां, प्रदर्शनी और युवा-केन्द्रित गतिविधियां शामिल होंगी। सरकार का कहना है कि इन महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके आदर्शों को राष्ट्रीय जीवन में उतारना ही मुख्य उद्देश्य है। समितियों में वरिष्ठ मंत्रियों, राज्यों के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाएगा।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विशेष समिति

संस्कृति मंत्रालय ने 25 अगस्त को प्रकाशित अधिसूचना में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को हुआ था। वे स्वतंत्रता संग्राम में एक बड़े नेता के रूप में सामने आए और स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री बने। उन्हें भारत का लौहपुरुष कहा जाता है। गुजरात में बनी दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी उनके योगदान और व्यक्तित्व की गवाही देती है।

समितियों का उद्देश्य और महत्व

सरकार ने कहा है कि इन समितियों के जरिए भव्य कार्यक्रम, संगोष्ठियां, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। इसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ मंत्री और विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। उद्देश्य यह है कि सरदार पटेल की एकता की सोच, बिरसा मुंडा के संघर्ष और वाजपेयी की राजनीतिक दूरदृष्टि को नई पीढ़ी तक पहुँचाया जाए। सरकार मानती है कि इन आयोजनों से देश के नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, आदिवासी गौरव और लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना और प्रबल होगी।

बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भी समिति

इसी तरह, मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भी उच्च स्तरीय समिति बनाने का निर्णय लिया। बिरसा मुंडा एक आदिवासी नायक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने आदिवासी समाज को ब्रिटिश हुकूमत और शोषण से लड़ने की प्रेरणा दी। आज भी देशभर में उन्हें %धरती आबा% के रूप में याद किया जाता है। समिति का मकसद है कि बिरसा मुंडा की विचारधारा और संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाया जाए और उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिले।

अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी समारोह

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में भी उच्च स्तरीय समिति गठित करने की अधिसूचना जारी की गई। वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। पहली बार 1996 में 13 दिन के लिए, फिर 1998 से 1999 तक और उसके बाद 1999 से 2004 तक पूरे पांच साल तक सरकार चलाई। उनके नेतृत्व में 1998 में पोखरण में भारत ने परमाणु परीक्षण किया, जिसने देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति दिलाई। वाजपेयी को उनकी दूरदृष्टि और काव्यात्मक भाषणों के लिए भी जाना जाता है।

संविधान संशोधन बिल पर बनी जेपीसी का हिस्सा नहीं होंगे: राउत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का हिस्सा नहीं होगी। संजय राउत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस विधेयक के जरिए लोकतंत्र और चुनी हुई सरकारों को कुचलना चाहती है। उन्होंने लिखा, नरेंद्र मोदी सरकार संविधान का 130वां संशोधन लाकर लोकतंत्र और जनता द्वारा चुनी गई सरकारों को खत्म करना चाहती है। इस विधेयक की समीक्षा के लिए बनाई गई जेपीसी केवल एक दिखावा है। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने स्पष्ट कहा है कि शिवसेना ऐसी किसी जेपीसी का हिस्सा नहीं बनेगी।

बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले में ईडी की कार्रवाई, टीएमसी विधायक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय ने पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में छापेमारी के बाद सोमवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार कर लिया। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में उनके आवास पर छापेमारी के बाद उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी ने हिरासत में लिया। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान विधायक ने दीवार कूदकर अपने घर से भागने की कोशिश की। उन्होंने अपने फोन भी घर के पीछे एक नाले में फेंक दिए, जो बरामद कर लिए गए हैं। छापेमारी के वीडियो और तस्वीरों में एक भीगे हुए विधायक को ईडी और सीआरपीएफ के अधिकारी उस जगह से ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जहां चारों ओर झाड़ियां और कचरा फैला हुआ था। सूत्रों ने बताया कि बुरवान विधानसभा क्षेत्र के विधायक को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एजेंसी के साथ सहयोग न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

साहा को 2023 में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था

साहा को 2023 में सीबीआई ने इस घोटाले से कथित संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया था और बाद में रिहा कर दिया गया था। ईडी का धन शोधन मामला सीबीआई की ओर से दर्ज एक प्राथमिकी से उपजा है, जिसे कलकत्ता हाईकोर्ट ने समूह ग और घ के कर्मचारियों, कक्षा 9 से 12 तक के सहायक शिक्षकों और प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच करने का निर्देश दिया था।

उन्होंने यह भी बताया कि छापेमारी में विधायक के कुछ रिश्तेदार और सहयोगी भी शामिल हैं। ईडी ने इससे पहले पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी कथित सहयोगी अर्पिता मुखर्जी, टीएमसी विधायक और पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य के अलावा कुछ अन्य लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया था।

दिल्ली मेट्रो ने बढ़ाया किराया, एक से चार रुपये तक का इजाफा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सोमवार से मेट्रो के किराए में मामूली सी बढ़ोतरी की है। डीएमआरसी ने अपने आधिकारिक एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी साझा की है। दिल्ली मेट्रो का किराया 25 अगस्त 2025 से संशोधित हो रहा है। एक्स पर दी जानकारी के मुताबिक, किराए में एक रुपए से 4 रुपये तक की बढ़ोतरी हो रही है। वहीं एयरपोर्ट लाइन पर किराए में अधिकतम 5 रुपये तक की वृद्धि हो रही है। बढ़ा हुआ किराया आज से लागू होगा। जानकारी के लिए बता दें कि अभी दिल्ली मेट्रो का न्यूनतम किराया 10 रुपये और अधिकतम किराया 60 रुपये (सोमवार से शनिवार) है, जबकि रविवार और राष्ट्रीय अवकाशों पर अधिकतम किराया 50 रुपये है। मेट्रो कार्ड उपयोगकर्ताओं को 10 फीसदी तक की छूट भी मिलती है।

पांच दिन में सुनवाई होती है, मेरी याचिका दो साल अटकी रही, शाह ने खारिज किए विपक्ष के आरोप

- विपक्ष भी 130वें संविधान संशोधन में जमानत के लिए 30 दिन के समय पर सवाल उठा रहा है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विपक्ष द्वारा 130वें संविधान संशोधन विधेयक के विरोध के बीच अमित शाह ने कहा है कि जब सोहराबुद्दीन एनकाउंटर मामले में सीबीआई ने उन्हें समन जारी किया था तो उन्होंने समन मिलने के अगले ही दिन इस्तीफा दे दिया था। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक वे इस मामले से बरी नहीं हो गए, तब तक उन्होंने कोई संवैधानिक पद नहीं लिया।

मैंने समन मिलते ही इस्तीफा दिया

दरअसल विपक्ष ने अमित शाह पर आरोप लगाए हैं और सोहराबुद्दीन एनकाउंटर मामले में जेल जाने के लिए शाह की नैतिकता पर सवाल उठाए। न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में अमित शाह ने इसका जवाब देते हुए कहा कि जैसे ही मुझे सीबीआई से समन मिला, मैंने अगले ही दिन इस्तीफा दिया और मुझे बाद में गिरफ्तार किया गया। यह मामला चलता रहा और फैसले में भी कहा गया कि यह राजनीतिक प्रतिशोध का मामला था और मैं पूरी तरह से बेगुनाह था। फैसला बाद में आया, लेकिन मुझे जमानत पहले मिल गई। इसके बावजूद मैंने शपथ नहीं ली। इतना ही नहीं जब तक मुझे पूरी तरह से बरी नहीं कर दिया गया, मैंने कोई संवैधानिक पद भी नहीं लिया। विपक्ष मुझे कौन सा नैतिकता का पाठ पढ़ाना चाहता है?



मेरी जमानत याचिका दो साल अटकी रही

यह पूछे जाने पर कि क्या जस्टिस आफताब आलम उनके घर आए थे हस्ताक्षर लेने? इस पर अमित शाह ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि नहीं ऐसा नहीं हुआ था। जस्टिस आफताब आलम कभी मेरे घर नहीं आए। उन्होंने मेरी जमानत याचिका पर रविवार के दिन विशेष सुनवाई की और कहा कि गृह मंत्री होने के नाते मैं गवाहों को प्रभावित कर सकता हूं, तब मेरे वकील ने कहा कि जब तक जमानत याचिका पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक मेरे मुवक्किल गुजरात से बाहर रहेंगे। मैं दो साल राज्य से बाहर रहा क्योंकि देश के इतिहास में किसी की भी जमानत याचिका पर दो साल तक सुनवाई नहीं हुई, लेकिन जस्टिस आफताब आलम की कृपा से मेरी जमानत याचिका पर दो साल सुनवाई चली। जबकि आमतौर पर जमानत याचिका पर 11 दिन में फैसला हो जाता है। विपक्ष भी 130वें संविधान संशोधन में जमानत के लिए 30 दिन के समय पर सवाल उठा रहा है। इस शाह ने कहा कि मेरे मामले के अलावा सुप्रीम कोर्ट में कोई भी जमानत याचिका का केस पांच दिन से ज्यादा नहीं चलता।

'संविधान निर्माताओं ने इसकी कल्पना भी नहीं की होगी'

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने भी कल्पना नहीं की होगी कि हमारे देश में सीएम जेल से सरकार चलाएंगे। उन्होंने कहा अदालत भी इस कानून की गंभीरता को समझती है। जब किसी सीएम या मंत्री को 30 दिन में पद से हटाया जाएगा तो उससे पहले अदालत तय कर सकती है कि उस व्यक्ति को जमानत मिलेगी या नहीं। जब अरविंद केजरीवाल जेल में थे और मामला उच्च न्यायालय चला गया था तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए था। उच्च न्यायालय ने भी कहा था कि केजरीवाल के नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए, लेकिन मौजूदा कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मेरी पार्टी का मानना है कि देश के प्रधानमंत्री और किसी भी सीएम को जेल में रहते हुए सरकार नहीं चलानी चाहिए। जब संविधान बनाया गया था तो संविधान निर्माताओं ने कल्पना भी नहीं की होगी कि एक मुख्यमंत्री जेल जाएगा और जेल से ही सरकार चलाएगा।

घरेलू बचत पर गोल्डमैन सैक्स का बड़ा दावा, 10 वर्षों में 9.5 ट्रिलियन डॉलर के निवेश की उम्मीद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की घरेलू बचत से अगले दस वर्षों में वित्तीय परिसंपत्तियों में लगभग 9.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का संचयी प्रवाह उत्पन्न होने की उम्मीद है। आने वाले दशक में भारत में घरेलू वित्तीय बचत औसतन सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। गोल्डमैन सैक्स ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है, आधार-स्थिति के रूप में अगले दस वर्षों में भारत की घरेलू वित्तीय बचत औसतन सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 13 प्रतिशत रहेगी (पिछले दस वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद का औसत 11.6 प्रतिशत रहा है)। वित्तीय बचत में वृद्धि विभिन्न साधनों में महत्वपूर्ण प्रवाह में परिवर्तित होगी, जो परिवारों के भौतिक से वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर क्रमिक बदलाव को दर्शाती है। गोल्डमैन सैक्स को उम्मीद है कि कुल प्रवाह में से, 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का एक बड़ा हिस्सा, बीमा, पेंशन और सेवानिवृत्ति निधि जैसे दीर्घकालिक बचत उत्पादों में आवंटित होगा।

इक्विटी और म्यूचुअल फंड में भी मजबूत प्रवाह का अनुमान है, जो लगभग 0.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। इस बीच, बैंक जमाओं से लगभग 3.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर आने की उम्मीद है। चूंकि परिवार अचल संपत्ति और सोने जैसी पारंपरिक भौतिक संपत्तियों की तुलना में वित्तीय संपत्तियों को अधिक पसंद कर रहे हैं, इसलिए भारत में बचत के वित्तीयकरण की प्रक्रिया और गहरी होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में देश में उच्च घरेलू वित्तीय बचत के तीन प्रमुख निहितार्थों की पहचान की गई है। पहला, ये अंतर्वाह भारत के कॉर्पोरेट पूंजीगत व्यय चक्र के लिए एक स्थिर वित्तपोषण आधार प्रदान करेंगे, बिना चालू खाता घाटे को बढ़ाए। दूसरा, इनसे लंबी अवधि के बॉन्ड बाजारों को समर्थन मिलने की संभावना है, जिससे लंबी अवधि के सॉवरेन बॉन्ड प्रतिफल को स्थिर रखने में मदद मिलेगी। इससे लंबी अवधि के अर्ध-सॉवरेन या कॉर्पोरेट बॉन्ड जारी करने को भी बढ़ावा मिल सकता है, जिससे बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण में सुविधा होगी।

पेशेवर धन प्रबंधन सेवाओं की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद

तीसरा, वित्तीय बचत में वृद्धि से पूंजी बाजारों में खुदरा भागीदारी का और विस्तार होने और पेशेवर धन प्रबंधन सेवाओं की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वित्तीय और भौतिक संपत्तियों के बीच अपनी बचत आवंटित करने का परिवारों का निर्णय आय, मुद्रास्फीति, ब्याज दरों, जोखिम वरीयताओं और वित्तीय बाजारों तक पहुँच सहित कई कारकों पर निर्भर करता है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर एक स्पष्ट बदलाव देखा गया है, जहां परिवार पेंशन फंड, पूंजी बाजार और बीमा उत्पादों में निवेश बढ़ा रहे हैं। हालांकि, कई उभरते बाजारों में, घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा अचल संपत्ति और सोने जैसी भौतिक परिसंपत्तियों में निवेश करना जारी रखता है। यह भारत में घरेलू बचत के और अधिक वित्तीयकरण की व्यापक संभावना को दर्शाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)